www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 20 अगस्त, 2023

वर्ष – 16 | अंक –134 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य — कला किसी की बपौती नहीं है — पृष्ठ 06

वेज खाना, पूरी नींद, कसरत आपको लंबे समय तक रखेगा जिंदा — पृष्ठ 10

मणिपुर में हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रहा... — पृष्ठ 02

■ विधान भवन में स्थानीय ऑडिट की आपत्तियों का देना...
■ नलिनी गोयल ने जीता तीज क्वीन का खिताब — 04

■ इमरान को जेल में जहर दिया जा सकता है
■ भारत में बना जी-20 बैठकों का कीर्तिमान : हरदीप पुरी — 07

## सार संक्षेप

### रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' पुरस्कार मिला



**मुंबई।** भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को शनिवार को 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने दिया। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में टाटा के अहम योगदान पर प्रकाश डाला गया। रतन टाटा के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### सतेन्द्र जैन की याचिका पर सुनवाई दो तक टली



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सत्येन्द्र जैन का मामला किसी अन्य न्यायाधीश के पास स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई दो सितंबर तक के लिए टाल दी है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-विशेष न्यायाधीश राउज एवेन्यू जिला न्यायालय, अंजू बजाज चांदना ने श्री जैन के वकील की ओर से अनुरोध सुनने के बाद कहा, 'यह स्पष्ट किया जाता है कि सुनवाई की अगली तारीख पर किसी भी आधार पर आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।'

### जी-20 के नाम पर चल रहा है चुनावी प्रचार : कांग्रेस




**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार देश में हो रहे जी-20 सम्मेलनों का पूरा फायदा उठा रही है और इसको लेकर जमकर चुनावी प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि सरकार जी-20 सम्मेलनों के जरिए देश का ध्यान मुद्दों से भटकाने के लिए कर रही है और इस संगठन की बैठकों को लेकर भारतीय जनता पार्टी का चुनावी प्रचार जमकर किया जा रहा है।

### बचपन बचाओ आंदोलन को 'वत्सल भारत' पुरस्कार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय ने बाल अधिकारों के संरक्षण और बाल कल्याण सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिए गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन को 'वत्सल भारत पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। बीबीए ने शनिवार को यह जानकारी दी

### एनएलएफटी के पांच उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण



**अगरतला।** बांग्लादेश में अपने ठिकानों से भागने के बाद प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के पांच उग्रवादियों ने धलाई जिले में राज्य पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

# सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात की याचिका टालने पर जताई नाराजगी

## न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना व न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने की 'विशेष सुनवाई

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता की गर्भपात कराने की उसकी याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की शनिवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। गुजरात उच्च न्यायालय में सुनवाई टालने का आदेश 17 अगस्त को पारित किया गया था।



■ हाई कोर्ट ने 12 दिनों के लिए टाल दी थी याचिका

■ 23 अगस्त को 28 सप्ताह की हो जाएगी गर्भावस्था

'ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए।'

**नवीनतम रिपोर्ट पेश करने को कहा**

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले में 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भ्रूच के एक मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। अधिवक्ता ने हालांकि कहा कि, याचिका सात अगस्त को दायर कई और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को चार अगस्त को अपनी गर्भावस्था के बारे में पता चला और उसने सात अगस्त को उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष यह भी कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था।

**पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे**

हम इसे सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे। चूंकि कीमती समय पहले ही बर्बाद हो चुका है, इसलिए भ्रूच के मेडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा सकती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को एक बार फिर से पूछताछ के लिए केएमसीआरआई के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देते हैं और नवीनतम स्थिति रिपोर्ट कल रविवार शाम छह बजे तक इस अदालत में प्रस्तुत की जा सकती है।

**केंद्र व राज्य सूचना आयोगों को जारी किया निर्देश**

## आरटीआई के तहत सूचनाएं प्रदान करें

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सूचना आयोगों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे यह तय करें कि सार्वजनिक अधिकारी आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाओं को प्रदान करें। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के अधिदेश के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी करने का निर्देश दिया। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 में कहा गया है कि सभी सार्वजनिक प्राधिकरण स्वत: संज्ञान लेकर सूचना का खुलासा करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।जनता नियमित अंतराल पर इंटरनेट और अन्य माध्यमों का उपयोग कर रही है। इस तरह के प्रावधान को लागू करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जानकारी उपलब्ध हो। आरटीआई कार्यकर्ता व वकील केसी जैन जनहित याचिका पर यह सुनवाई हुई।




# भारत व चीन में मेजर जनरल स्तर की हुई वार्ता

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख में गतिरोध दूर करने को दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) और चेसुल क्षेत्रों में मेजर जनरल स्तर की वार्ता की। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व मेजर जनरल पीके मिश्रा और मेजर जनरल हरिहरन ने किया।



■ लद्दाख में गतिरोध दूर करने की कोशिश

■ 14 को हुई थी कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता

यहां लद्दाख के देपसांग स्थित मैदान और डेमचोक क्षेत्र में जारी गतिरोध को हल करने के लिए यह वार्ता आयोजित की गई थी। सेना का कहना है कि बातचीत स्पष्ट और व्यावहारिक माहौल में हुई। दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ शेष मुद्दों के समाधान पर सकारात्मक, रचनात्मक और गहन चर्चा की। नेतृत्व द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन के अनुरूप, उन्होंने खुले और दूरदर्शी तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता हुई थी। सोमवार 14 अगस्त को दोनों देशों की बीच हुई कोर कमांडर स्तर की बातचीत का यह 19वां दौर था। इस वार्ता में पूर्वी लद्दाख में तनाव वाले क्षेत्र में सैनिकों की वापसी और तनाव को कम करने पर चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने देपसांग और डेमचोक क्षेत्र को लेकर चर्चा की।

भारत व चीन के बीच हुई यह बैठक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के भारतीय हिस्से में चुशूल-मोल्डो सीमा बिंदु पर हुई। मई 2020 में गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों सेनाएं पैंगोंग त्सो, गोगरा और हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से विस्थापित हो गई हैं, लेकिन देपसांग के मैदानी क्षेत्र और डेमचोक में तनाव बना हुआ है। देपसांग और डेमचोक के संबंध में दोनों पक्ष कोई खास प्रगति करने में विफल रहे थे।

# दिल्ली-एनसीआर में हुई झमाझम बारिश

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली-एसीआर के अलग-अलग हिस्सों में हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। उमस भरी गर्मी के बीच इस बारिश से लोगों को न बहुत पर हल्की राहत तो जरूर मिली है। बीते कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर के इलाकों में तपिश बढ़ गई थी। लोग बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मौसम विभाग ने दिल्ली में आज हल्की बारिश की संभावना जताई है। बारिश से दिल्ली में कई जगह जलभराव भी हो गया है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई।



■ कई जगह जलभराव से बढ़ी परेशानी

■ आज भी हो सकती है हल्की बारिश

आईएमडी ने अगले दो घंटे के दौरान यूपी, हरियाणा के अलग अलग हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है. यूपी के बागपत, मोदीनगर, हापुड़, पिलखुवा कांधला, बड़ौत. वहीं, हरियाणा के गन्नौर जबकि एनसीआर के लोनी देहात, हिंडन एएफ स्टेशन, गाजियाबाद, छपरौला, दादरी, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ में बारिश हो सकती है।

### हिमाचल के 10 जिलों में बारिश का 'येलो अलर्ट'

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इन दिनों बारिश ने तबाही मचाकर रखी है। पिछले कुछ दिनों से यहां लगातार बारिश हो रही है, जिससे लैंडस्लाइड की घटनाए काफी बढ़ गई हैं। वहीं इस बीच मौसम विभाग ने 21-22 अगस्त को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। हिमाचल में शुक्रवार को 65 मकान ढह गए और 271 क्षतिग्रस्त हुए. 875 सड़कें बंद हैं। कई गांवों में बिजली गुल है।

# लद्दाख में सड़क हादसा, 9 जवानों की मौत

■ क्यारी शहर के पास सेना का वाहन खाई में गिरा ■ जान गंवाने वालों में जूनियर कमीशंड अधिकारी भी

**लद्दाख**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। लद्दाख में शनिवार शाम सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। इस हादसे में 9 जवानों की मौत हो गई, जबकि 1 घायल हैं। हादसा क्यारी शहर से 7 किलोमीटर दूर कारू गैरीसन के पास हुआ। जानकारी मिलते ही सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सेना अधिकारियों ने बताया कि काफिले में पांच वाहन थे, जो वाहन खाई में गिरा है उसमें 10 सैनिक सवार थे। हादसे में जान गंवाने वालों में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी भी शामिल हैं।



**राजनाथ सिंह ने हादसे पर जताया दुख**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा, लेह के पास एक दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की मौत से दुखी हूं। हम अपने राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल कर्मियों को फील्ड अस्पताल ले जाया गया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'

### 29 अप्रैल को राजौरी में हुआ था हादासा

29 अप्रैल 2023 को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना की एंबुलेंस सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। इस हादसे में दो जवानों की मौत हो गई थी। वहीं, 2 जवान घायल भी हुए थे। यह हादसा लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास केरी सेक्टर में हुआ था। हादसें में मरने वाले जवानों की पहचान बिहार के हवलदार सुधीर कुमार और राजौरी के परमवीर शर्मा के रूप में हुई थी।

# पेंडोरा पेपर्स पर ईडी की कार्रवाई

## गोवा में करोड़ों की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि गोवा स्थित खनिक राधा टिंब्लो के बेटे रोहन टिंब्लो के खिलाफ जब्ती आदेश जारी किया गया है और तटीय क्षेत्र में 36.80 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति जब्त की गई है। ईडी ने पेंडोरा पेपर लीक के आधार पर रोहन टिंबलो के खिलाफ जांच शुरू की। इसमें पता चला कि वह एक ऑफशोर फैमिली ट्रस्ट और इसकी तीन अंतर्निहित संस्थाओं का मालिक है। ये संस्थाएं अब इनलैंड रेवेन्यू अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर (आईआरएएस) की जांच के दायरे में आ गई हैं। ईडी की जांच में पता चला कि एशियासिटी ट्रस्ट सिंगापुर पीटीई लिमिटेड ने कोलारेस ट्रस्ट को कॉर्पोरेट ट्रस्टी सेवाएं प्रदान कीं, इनमें से रोहन टिंबलो एकमात्र सेटलर थे और उनकी पत्नी मल्लिका और उनके बच्चों के साथ लाभार्थियों में से एक थे। कोलारेस ट्रस्ट की तीन अंतर्निहित कॉर्पोरेट संस्थाएं थीं- कैलहेटा होल्डिंग्स लिमिटेड, समोआ; कैज़र फाइनेंस एस.ए., बीवीआई; और कोरिलस एसेट्स इंक, पनामा। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, वर्ष 2012 में कोलारेस ट्रस्ट के प्रशासन के तहत उपलब्ध पूंजी निधि 4,499,620 डॉलर थी। यह राशि रोहन टिम्बलो द्वारा भारतीय अधिकारियों के समक्ष घोषित नहीं की गई थी।




### ईडी ने 24 को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हड़पने के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 24 अगस्त को पेश होने के लिए बुलाया है। इससे पहले, सोरेन को 14 अगस्त को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने एजेंसी से और समय मांगा। इससे पहले अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री से ईडी के रांची कार्यालय में उनकी पत्नी समेत करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने हवाई सफर पर मोदी सरकार को घेरा**

# उड़ान योजना का वादा भी निकला हवा-हवाई

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार की उड़ान योजना की हवा निकाल दी है। उन्होंने कैग (ऑडिटर एंड कंट्रोलर जनरल) की रिपोर्ट का हवाला दे दावा किया कि 93 फीसदी रूट पर उड़ान योजना काम ही नहीं कर रही है। बतादें कि केंद्र सरकार ने 21 अक्टूबर 2016 को उड़ान योजना शुरू की थी। इसमें टीयर-2 और टीयर-3 शहरों में जनता को किफायती दरों पर हवाई सेवा उपलब्ध कराने की बता कही गई थी। खड़गे ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई यात्रा करने में सक्षम बनाने का वादा उनके अन्य सभी वादों की तरह पूरा नहीं हुआ है। यह कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि कैग ने खुलासा किया है। उडान योजना 93 फीसदी मार्गों पर काम नहीं कर पाई। यहां तक कि एयरलाइंस का स्वतंत्र ऑडिट भी नहीं कराया गया। बहुप्रचारित हेलीकॉप्टर सेवाएं भी ठप रहीं।उन्होंने तंज करते हुए कहाकि उड़ान नहीं मिली,बस झूंठ और जुमलों की बात है।



■ मल्लिकार्जुन खड़गे ने कैग की रिपोर्ट का दिया हवाला

■ 93 फीसदी रूट पर उड़ान योजना काम ही नहीं कर रही

# राहुल ने लेह से पैंगोंग झील तक बाइक दौड़ाई

**लेह,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लद्दाख की यात्रा पर हैं। कांग्रेस नेता की बाइक राइड करते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को लेह शहर से सुरम्य पैंगोंग झील तक अपनी केटीएम 390 ड्यूक बाइक दौड़ाई। इस दौरान राहुल गांधी का अंदाज एकदम अलग नजर आया। राहुल गांधी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी किया। राहुल गांधी ने लिखा कि पैंगोंग झील जा रहा हूं। मेरे पिता कहा करते थे कि ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। राहुल ने लेह, लद्दाख और पैंगोंगत्सो के हैशटैग का भी इस्तेमाल किया। कांग्रेस नेता गुरुवार को लेह पहुंचे थे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



लेह में अलग अंदाज में नजर आए राहुल

**तैयारी** | *देश की विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किए गए पेलोड*

# सात तरह के वैज्ञानिक पेलोड लेकर जाएगा 'आदित्य-एल1'

**चेन्नई, 19 अगस्त (एजेंसियां)। अगले कुछ दिनों में अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन 'आदित्य-एल1 उपग्रह' सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। खास बात यह है कि यह सभी पेलोड देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किए गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जायेगा।**

इनमें सौर कोरोना और कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी), अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेने तथा यूवी के निकट सौर विकिरण भिन्नता को भी मापने के लिए सौर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप पेलोड है। जबकि सौर पवन और उनका ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट और प्लाज़्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्यपेलोड हैं। इसी तरह ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे फ्लेयर्स का अध्ययन करने के लिए सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और हाई एनर्जी एल-1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे हैं। अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए सक्षम मैग्नेटोमीटर पेलोड लगा है। आदित्य-एल1 के सभी वैज्ञानिक पेलोड देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं।



■ सूर्य मिशन के लिए अगले कुछ दिनों में भरेगा उड़ान

### अन्य आकाशगंगाओं के बारे में मिलेगी जानकारी

इसरो ने कहा कि सूर्य सबसे निकटतम तारा है और इसलिए अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। उसने कहा, सूर्य का अध्ययन करके हम अपनी आकाशगंगा के तारों के साथ-साथ विभिन्न अन्य आकाशगंगाओं के तारों के बारे में भी बहुत कुछ जान सकते हैं। इसरो ने कहा, सूर्य एक बहुत ही गतिशील तारा है और जितना हमें दिखाई देता है उससे कहीं अधिक फैला हुआ है।

# देश

**उवाच** "आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन एक निराशाजनक चुनावी भाषण था। भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति पर उन्होंने वही पुरानी उबाऊ किस्म की बयानबाजी की।

–दीपंकर भट्टाचार्य, भाकपा–माले के महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 29.0 |
| मुंबई | 28.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# मणिपुर में हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रहा अविश्वास : येचुरी

■ माकपा ने की मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तत्काल हटाने की मांग

**अगरतला/इंफाल,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। माकपा के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर में तीन राहत शिविरों का दौरा किया और शुक्रवार को राज्यपाल अनुसुईया उइके से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मणिपुर में स्थिति चिंताजनक है क्योंकि हर गुजरते दिन के साथ अविश्वास बढ़ रहा है। राज्य में बीरेन सिंह सरकार शांति लाने के बजाय सामान्य स्थिति बहाल करने में कोई स्पष्ट कदम उठाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह कहा गया था कि केंद्र मणिपुर में स्थिति की निगरानी करेगा लेकिन जमीनी हकीकत बहुत अलग है। इस्तीफे के अपने बहुप्रचारित नाटक के बाद अपरिहार्य हो चुके बीरेन सिंह आज तक इस शो को चला रहे हैं।

येचुरी ने कहा कि हम मणिपुर में भाजपा नीत सरकार को बर्खास्त करने की मांग नहीं करते बल्कि बीरेन सिंह को तत्काल हटाने की मांग करते हैं। त्रिपुरा भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुब्रत चक्रवर्ती ने जितेंद्र चौधरी के आरोपों को खारिज किया और कहा कि मणिपुर में धीरे–धीरे शांति लौटेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और मणिपुर सरकारें पूर्वोत्तर राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने की कोशिश कर रही हैं। भले ही छिटपुट घटनाओं की सूचना मिल रही है, लेकिन समग्र स्थिति में सुधार हुआ है। माकपा का



**राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने में कोई स्पष्ट कदम उठाने में विफल रही राज्य सरकार : सीताराम येचुरी**

प्रतिनिधिमंडल संकटग्रस्त जल क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए अब राज्य का दौरा कर रहा है। गौरतलब है कि मणिपुर में तीन मई से जारी हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। लगभग 160 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है तो वहीं 60 हजार से अधिक लोगों ने दूसरे स्थानों पर शरण ली है। अभी तक यह संघर्ष मैतेई और कूकी समुदाय के लोगों के बीच में है। अब इसमें जबरन हैड हंटर यानी नगाओं की एंट्री कराने की कोशिश हो रही है। सुरक्षा बलों के एक अधिकारी के मुताबिक, मणिपुर में नगा बाहुल्य क्षेत्रों के निकट ऐसी वारदात करने के प्रयास हुए हैं कि जिससे नगा समुदाय भी थर्ड फ्रंट के तौर पर हिंसा में कूद पड़े। कुछ ऐसे प्रयास भी हो रहे हैं कि जिससे कूकी और नगा समुदाय के बीच दूरी बढ़ जाए। एक दिन पहले ही उखरुल जिले के गांव थौवाई कुकी में तीन ग्राम रक्षकों को मार दिया गया।

### मणिपुर में संघर्ष भाजपा–आरएसएस की रणनीति का हिस्सा : माकपा

माकपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र चौधरी ने मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने में विफल रहने के लिए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की शनिवार को मांग की। त्रिपुरा इकाई के महासचिव और माकपा प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा चौधरी ने आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा भाजपा-आरएसएस की देशभर के लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की रणनीति का हिस्सा है। हालांकि, भाजपा ने माकपा नेता के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि राज्य शांति के रास्ते पर है। चौधरी ने बताया कि हम मणिपुर में संघर्ष को एक अलग स्थिति के रूप में नहीं देखते हैं, बल्कि भाजपा-आरएसएस की अखिल भारतीय रणनीति के हिस्से के रूप में देखते हैं, जो लोगों के बीच विभाजन पैदा करने और उन पर शासन करने के लिए अविश्वास पैदा करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं हर जगह हो रही हैं।

## कश्मीर के मुख्य सचिव को एनएचआरसी ने किया तलब

**श्रीनगर,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आतंकवाद से पीड़ित की याचिका पर अगले महीने आयोग के समक्ष पेश होने




के लिए जम्मू–कश्मीर के मुख्य सचिव को समन जारी किया है। आयोग की ओर से एनएचआरसी के सहायक रजिस्ट्रार (कानून) देबिंद्र कुंद्रा ने नोटिस जारी किया। वर्ष 2020 में प्रसिद्ध कश्मीरी पंडित लेखक और कवि सर्वानंद कौल प्रेमी के पुत्र राजिंदर प्रेमी ने आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिनकी अप्रैल 1990 में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी।

शिकायत प्रथम जम्मू–कश्मीर राज्य मानवाधिकार आयोग की डिवीजन बेंच के फैसले के कार्यान्वयन में देरी को लेकर, जम्मू–और कश्मीर राज्य में आतंकवाद प्रभावित परिवारों की दुर्दशा के प्रति सरकार की उदासीनता के संबंध में थी। आयोग ने पाया कि निर्देश के बावजूद प्रदेश के मुख्य सचिव अभी तक अतिरिक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं।

# मध्य प्रदेश में फिर सत्ता में काबिज होने की तैयारी में जुटी भाजपा

**भोपाल,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में फिर से सत्ता में काबिज होने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी एड़ी–चोटी का जोर लगा रही है। इसकी जिम्मेदारी खुद राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल यानी 20 अगस्त को ग्वालियर आ रहे हैं, जहां वह प्रदेश कार्यसमिति की अंतिम बैठक में शामिल होंगे।



■ ग्वालियर में आयोजित कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे अमित शाह

प्रदेश कार्य समिति की यह बैठक ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित की जा रही है जिसको लेकर तैयारियां पूरी ली गई हैं। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ–साथ सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र, यादव अश्विनी कुमार, नरेंद्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल होंगे। इसके साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के सभी मंत्री, प्रदेश के सभी सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। वहीं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य निगम बोर्ड और प्राधिकरण के चेयरमैन को भी इस बैठक में शामिल होने के लिए बुलाया है।

**12 सौ से अधिक पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे**

रविवार को ग्वालियर में होने वाली भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की इस बैठक में लगभग 1200 से अधिक पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश महामंत्री भाजपा भगवान दास सबनानी ने बताया है कि 2030 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जनता का आशीर्वाद लेकर बड़े जनादेश के साथ फिर से सत्ता में आए इसको लेकर यह बैठक आयोजित की जा रही है। इसको लेकर हमारी प्रदेश का नेतृत्व केंद्र के नेतृत्व के आदेश पर पूरे परिश्रम के साथ जुड़ा हुआ है।

### गुटबाजी से केंद्रीय नेतृत्व काफी परेशान

वहीं, चुनाव से पहले ग्वालियर चंबल अंचल में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के कई मायने निकाले जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि पूरे प्रदेश भर में ग्वालियर चंबल अंचल में बीजेपी में कितनी गुटबाजी देखने को मिल रही है, जिसके कारण केंद्रीय नेतृत्व भी काफी परेशान है। यही कारण है कि ग्वालियर चंबल अंचल में महाराज भाजपा और नाराज भाजपा के बीच चल रही गुटबाजी को कम करने के लिए प्रदेश के सभी पदाधिकारी यहां पर शामिल हो रहे हैं, ताकि विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य कर सकें।

## सार संक्षेप

### एसआईयू ने कश्मीर के अवंतिपोरा में की छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने शनिवार को आतंकवाद से संबंधित एक मामले में अवंतिपोरा उप-जिले में छापेमारी की। एसआईयू ने इस साल सरकारी रेलवे पुलिस अवंतिपोरा द्वारा दर्ज मामले के सिलसिले में वोपलवान गांव में छापेमारी की और बाद में इस मामले को जांच के लिए ले लिया। उन्होंने अवंतिपोरा के वोपलवान निवासी आरोपी शेख सयुरल निसार के आवास पर छापेमारी की और उचित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया गया।

### बेंगलुरु में ट्रेन के दो डिब्बों में लगी आग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में केएसआर बेंगलुरु सिटी रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन के दो वातानुकूलित डिब्बों में शनिवार की सुबह आग लग गई, इस हादसे में हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। दक्षिण-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनीश हेगड़े ने बताया कि आग लगने की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी सुबह 07:35 बजे मौके पर पहुंचे और आग पर काबू लिया।

### बिहार में बस ने ऑटो को मारी टक्कर, चार की मौत

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले के के नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बस और ऑटो की हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बस पूर्णिया से धमदाहा की और जा रही थी। इसी दौरान एथेनॉल फैक्ट्री के पास चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटो को टक्कर मार दी। आमने -सामने की हुई इस टक्कर में ऑटो के परखच्चे उड़ गए। नगर थाना के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि पूर्णिया-धमदाहा रोड पर घटी इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक ने इलाज के क्रम में अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### मच्छर भगाने वाली मशीन के कारण लगी आग

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई में एक दर्दनाक हादसा हो गया। चेन्नई के मनाली इलाके के एक घर में मच्छर भगाने वाली मशीन से कथित तौर पर लगी आग के बाद एक बुजुर्ग महिला और उसकी तीन पोतियों की दम घुटने से मौत हो गई। घर से धुंआ निकलता देख आग की खबर पुलिस को दी गई। पुलिस जल्द ही मौके पर पहुंच गई और जब घर में देखा कि चार लोग बेहोश पड़े हैं जिनको तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत लाया गया घोषित कर दिया। तीनों बच्चियां दादी के घर रात में सोने आई थीं क्योंकि उनकी मां अस्पताल में भर्ती पिता की देखभाल के लिए वहां रुकी थी।

# नूंह की तरह मप्र में भी दंगा कराने की तैयारी में भाजपा : दिग्विजय



■ कांग्रेस नेता ने भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप

**भोपाल,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के काउनडाउन के साथ ही प्रदेश की सियासत भी तेज होती जा रही है। शनिवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया।

सिंह ने कहा कि भाजपा की तैयारी नूंह की तरह ही मध्य प्रदेश में दंगा कराने की है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस के विधि एवं मानव अधिकार प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में कहा कि अब मुझे जानकारी मिल रही है कि जिस प्रकार से नूंह में हरियाणा में इन लोगों ने दंगा करवाया था, उस तरह के दंगे कराने की योजना है। क्योंकि भाजपा इस बात को समझती है कि आज हमारे खिलाफ भ्रष्टाचार, मिस्टर 50 प्रतिशत की जनता में नाराजगी है। अभी आप देख लीजिए बैरागढ़ में एक एलिवेटेड ब्रिज बनने वाला है, जिसका अभी ठेकेदार तय नहीं हुआ है। इसके पहले ही ठेकेदार ने मिट्टी का परीक्षण शुरू कर दिया। यानी कि उसकी कमीशन फिक्स हो गया है। ताकि आचार संहिता से पहले उसको एडवांस देकर कमीशन फिक्स हो जाए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि साथियों मैं आपसे कहूंगा कि हमें मजबूती से यह लड़ाई लड़नी पड़ेगी। साथ ही हमें यह देखना होगा कि एमपी/एमएलए कोर्ट में कौन जज बैठता है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं, दिग्विजय सिंह के बयान पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का इतिहास रहा है कि वो खुद माहौल बनाते है। दंगे कराना और आपस में लड़ाना यह कांग्रेस की नीति रही है।

# उदयपुर में सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का आयोजन राजस्थान के उदयपुर में 21–22 अगस्त 2023 को होने जा रहा है। उदयपुर में होने जा रहे इस नौवें सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को करेंगे और समापन भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के समापन भाषण के साथ 22 अगस्त को होगा।

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र भी समापन सत्र में विशिष्ट सभा को संबोधित करेंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष सीपी जोशी, सीपीए मुख्यालय के चेयरपर्सन इयान लिडेल–ग्रेंजर एवं भारत के सांसदों के अलावा राजस्थान के कई विधायक भी इस दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय डिजिटल युग में लोकतंत्र और सुशासन को सुदृढ़ करना रखा गया है। सम्मेलन के दौरान, राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी– सभापति और अध्यक्ष तथा उपसभापति और उपाध्यक्ष–



■ कल होगा सम्मेलन का आयोजन

■ डिजिटल युग में लोकतंत्र व सुशासन को सुदृढ़ करना सम्मेलन का मुख्य विषय


डिजिटल सशक्तिकरण के माध्यम से सुशासन को प्रोत्साहित करने में जन प्रतिनिधियों को और अधिक प्रभावी एवं कुशल बनाने के तौर–तरीकों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्र को सुदृढ़ करने में जन प्रतिनिधियों की भूमिका पर विचार मंथन करेंगे।

सम्मेलन का समापन मंगलवार, 22 अगस्त, को भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के समापन भाषण के साथ होगा।

## बिहार पत्रकार हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**अररिया,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के अररिया जिला के रानीगंज में शुक्रवार को एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक विमल के पिता हरेन्द्र प्रसाद सिंह के बयान के आधार पर रानीगंज थाना में इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दर्ज प्राथमिकी में 8 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 8 नामजद आरोपियों में से शुक्रवार की रात 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में भरगामा थाना के भरना निवासी विपिन यादव, रानीगंज के बेलसारा निवासी भवेश यादव और आशीष यादव तथा रानीगंज थाना के कोशिकापुर निवासी उमेश यादव शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि नामजद आरोपियों में से दो आरोपी रूपेश यादव फिलहाल सुपौल जेल में तथा कांति यादव अन्य मामलों में अररिया जेल में बंद है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा जेल में बंद आरोपियों को भी पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की योजना बना रही है। अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह रानीगंज के प्रेम नगर स्थित आवास से पत्रकार विमल को अपराधियों ने घर से बुलाया।

# झारखंड में नौ महीने की बच्ची में एवियन फ्लू की हुई पुष्टि



■ स्वास्थ्य विभाग ने जिलों के डीसी व सिविल सर्जन को किया अलर्ट

**रांची,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के रामगढ़ जिले की रहने वाली नौ महीने की एक बच्ची में एवियन फ्लू (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई है। उसका इलाज रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के डीसी और सिविल सर्जन को अलर्ट किया है। इसे लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है। हालांकि, इसके अलावा पूरे राज्य में फिलहाल कहीं बर्ड फ्लू या एवियन फ्लू का केस सामने नहीं आया है। रिम्स के डायरेक्टर डॉ.राजीव गुप्ता ने बताया कि रामगढ़ के संदवाडीह गांव की रहने वाली बच्ची को इलाज के लिए रिम्स लाया गया था।

### तीन माह पहले पक्षियों में बर्ड फ्लू आए थे मामले

बता दें कि करीब तीन माह पहले झारखंड में पक्षियों में बर्ड फ्लू (एच5एन2) के कई मामले सामने आए थे। इसके बाद राज्य के कई इलाकों में चिकेन की बिक्री पर रोक लगा दी गई थी। बाद में हालात नियंत्रित होने पर रोक हटाई गई थी। इसकी रोकथाम को लेकर झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। सभी जिलों के सिविल सर्जन को एक्टिव सर्विलांस शुरू करने, स्क्रीनिंग तथा टेस्टिंग के निर्देश दिए हैं। इसके तहत इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस तथा एक्यूट रेस्पिरेट्री इलनेस के सभी मरीजों की आरटी पीसीआर जांच होगी।

## भारी बारिश से पहाड़ पर हालात भयावह



**चमोली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारी बारिश से उत्तराखंड के मैदान से लेकर पहाड़ तक हर ओर सिर्फ तबाही के ही मंजर देखने को मिल रहे हैं। मैदान जहां बाढ़ जैसे हालातों से जूझ रहा हैं, वहीं पहाड़ पर अतिवृष्टि और आपदा से हालात भयावह बना हुआ है। सड़कें टूटी हैं। पहाड़ दरक रहे हैं। मोटरपुल से लेकर पुलिया इस भयावह आपदा की चपेट मे बह गये हैं। लोग डर के साये जी रहे हैं।

आमजन का जीवन दुष्कर हो चला है। कुलिंग और वाण के बीच 100 मीटर से अधिक सड़क वाश आउट हो गई। प्रशासन की मुस्तैदी और उपजिलाधिकारी थराली रविन्द्र जुवाठा के नेतृत्व में जिला आपदा रेस्क्यू फोर्स ने कड़ी मशक्कत के बाद यहां पर लोहे के पोल डालकर आवाजाही योग्य बनाया। इस घटना को लेकर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहाड़ मे आपदा के बाद किस तरह जन सामान्य को मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है।

# तमिलनाडु में एक और अभ्यर्थी ने की आत्महत्या

**चेन्नई,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। चेन्नई के क्रोमपेट में एक 19 वर्षीय छात्र ने 12 अगस्त को आत्महत्या कर ली। जगदीश्वरन ने कक्षा 10 और कक्षा 12 में अच्छे अंक हासिल किए। जगदीश्वरन दूसरी बार नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी– नीट) पास नहीं कर सका। उसने तीसरे प्रयास के लिए एक ट्यूशन सेंटर में दाखिला लिया था। दुर्भाग्य से जगदीश्वरन ने आत्महत्या कर ली। उसका रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद जगदीश्वरन के पिता सेल्वासेकर, जो पेशे से एक फोटोग्राफर थे और एकल माता–पिता थे, उन्होंने खुद को फांसी लगा ली, क्योंकि वह अपने बेटे की मौत का दुख सहन नहीं कर सके। 2017 में नीट की शुरुआत के बाद से 20 से अधिक छात्रों ने नीट परीक्षा पास करने में असफल होने के बाद अपनी जान दे दी है।



■ राज्य में नीट की राजनीति गरमाई

तमिलनाडु विधानसभा ने राज्य में एनईईटी (नीट) पर प्रतिबंध लगाने वाले दो विधेयक पारित किए हैं, और मेडिकल प्रवेश के लिए क्वालीफाइंग प्लस टू परीक्षा में अंकों को मानदंड बनाया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि द्वारा पहले विधेयक को खारिज करने के बाद विधानसभा ने राज्य में एनईईटी को खत्म करने वाला एक और विधेयक पारित किया, जिसे राज्यपाल ने सहमति के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा था।

**राजनीति** *कर्नाटक में धूमिल होती दिख रहीं भगवा पार्टी की संभावनाएं*

# भाजपा को 2024 से पहले सता रहा रिवर्स ऑपरेशन लोटस का डर

**बेंगलुरु, 19 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2024 के लिए चुनावी बिगुल फूंके जाने के बावजूद, कर्नाटक में भगवा पार्टी की संभावनाएं धूमिल होती दिख रही हैं, जिसे पार्टी के लिए दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार माना जाता था। भाजपा की राज्य इकाई 10 मई को चुनाव नतीजे घोषित होने के तीन महीने बाद भी विधानसभा और विधान परिषद्।**

में विपक्ष के नेता की नियुक्ति का इंतजार कर रही है। कांग्रेस ऑपरेशन लोटस का बदला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसके माध्यम से भाजपा सबसे पुरानी पार्टी के नेतृत्व को हथिया कर राज्य में सत्ता में आई थी।

भाजपा नेतृत्व अपने नेताओं को अपने पाले में बनाए रखने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है और कुछ भी स्थाई नहीं है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने भाजपा से नेताओं को तोड़ने के लिए एक खास टास्क दिया है। पार्टी ने 13 से 15 ऐसे प्रमुख नेताओं की पहचान की है जो अपने दम पर चुनाव जीत सकते हैं और उन्हें कांग्रेस में लाने की कोशिश हो रही है। अगर ऐसा हुआ तो भाजपा को बड़ा झटका लगेगा।



■ विस चुनाव में हार के बाद आलाकमान अभी भी नेताओं से नाराज

भाजपा के सूत्रों ने बताया कि विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद आलाकमान अभी भी राज्य के नेताओं से नाराज है। कर्नाटक में अपनी सफलता से उत्साहित कांग्रेस ने यूपीए का एक नया वर्जन इंडिया लॉन्च किया है और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को चुनौती दे रहा है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साध रहे हैं और उन्होंने लाल किले की प्राचीर से दिए गए स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान परिवार की राजनीति पर कटाक्ष करने के उनके प्रयास की आलोचना की। सिद्दारमैया ने यह भी घोषणा की है कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में 20 सीटें जीतेगी। सिद्दारमैया और डीके शिवकुमार के संयुक्त हमलों का मुकाबला करने के लिए कर्नाटक भाजपा में कोई आवाज नहीं है। कर्नाटक में भाजपा को सत्ता में लाने वाले पार्टी के पुराने योद्धा, पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा कभी–कभार बयान देते हैं। कांग्रेस नेता बीजेपी को फटकार लगा रहे हैं क्योंकि राज्य विधानसभा के इतिहास में कभी भी कर्नाटक में विपक्ष के नेता के बिना बजट सत्र आयोजित नहीं किया गया है। कांग्रेस भाजपा के अंदरुनी कलह पर भी उंगली उठा रही है। राज्य के राजनीतिक हलकों में रिवर्स ऑपरेशन लोटस या ऑपरेशन हस्त की अफवाहें गर्म हैं। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस भाजपा के बड़े नेताओं की हार सुनिश्चित करने के लिए नेताओं को खींचने की योजना बना रही है। सूत्रों ने कहा कि बेंगलुरु दक्षिण सीट से भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या को हराने के लिए कांग्रेस ने वरिष्ठ भाजपा नेता वी.सोमन्ना से संपर्क किया था।

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।
पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# राजधानी में ढलाव घर के आस पास साफ-सफाई हो सुनिश्चित : शैली

## मेयर ने पश्चिमी जोन के चौखंडी व खयाला वार्ड का किया निरीक्षण

- मेयर ने सफाई कर्मियों के साथ मिलकर उठाया कूड़ा
- स्वच्छता के लिए स्थानीय लोगों को किया प्रेरित



**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। मेगा सफाई अभियान अब दिल्ली होगी साफ के तहत मेयर डॉ.शैली ओबरॉय का वार्डों के औचक निरीक्षण का सिलसला जारी है। पिछले सात दिनों में मेयर एक दर्जन से अधिक वार्डों का निरीक्षण कर चुकी हैं। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने शनिवार को पश्चिमी जोन के चौखंडी वार्ड व खयाला वार्ड का निरीक्षण किया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने चौखंडी वार्ड में देखा कि ढलाव घर में बहुत गंदगी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ढलाव घर के आस पास सफाई सुनिश्चित की जाए। कूड़े को तुरंत साफ किया जाए। वार्ड में अवैध कूड़े के डंपिंग पॉइंट्स को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण को भी हटाया जाए। वार्ड के संत नगर क्षेत्र के नाले को भी कवर किया जाए। इस दौरान विधायक धनवती चंदेला, पार्षद सुनील कुमार चड्डा, पार्षद शिल्पा कौर के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने ख़याला वार्ड के तिलक विहार क्षेत्र में जाकर स्वयं कूड़ा उठाया। सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर मेयर ने कूड़ा उठाया और नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफाई के तुरंत बाद कूड़े को उठाया जाए। सफाई कर्मियों को जरूरी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। क्षेत्र की छोटी गलियों की साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त सफ़ाई कर्मचारी लगाए जाएं और सफ़ाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निगम की खाली पड़ी जमीन पर डिस्पेंसरी बनाई जाए।

> वार्ड में अवैध कूड़े के डंपिंग स्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए : **शैली ओबरॉय**

### पुराने पेड़ स्कूल के लिए बन रहे खतरा

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने चौखंडी वार्ड के मुखर्जी पार्क निगम विद्यालय स्कूल का भी दौरा किया और स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। स्कूल प्रबंधन ने पुराने पेड़ों की समस्या के बारे में बताया जो स्कूल के खतरा बन रहे हैं। मेयर ने हॉर्टिकल्चर विभाग को निर्देश दिए कि वनविभाग के साथ मिलकर समस्या को हल किया जाए। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने खयाला वार्ड में भी निगम विद्यालय की मरम्मत के निर्देश दिए।

# सांस्कृतिक विविधता को किया मंच पर रेखांकित



**नई दिल्ली,**19 अगस्त (देशबन्धु)। उर्वशी डांस म्यूजिक आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी ने डांस बैले स्वाधीनता आजादी का उत्सव के जरिए देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। उत्सव की शुरुआत भारत माता की वंदना जननी जन्मभूमिश्च गायन के साथ की गई। पियानो और तबला की जुगलबंदी से बैले की आगे की परफॉर्मेंस के लिए देशभक्ति का जोशीला माहौल बन गया। इसके बाद कथक नर्तक आए, जिन्होंने सफेद गाउन में नृत्य और हाव भाव के जरिए अलौकिक छटा बिखेरी।

इसके बाद डांस-ड्रामा के जरिए भारत के स्वाधीनता संग्राम के जोशीले अंदाज में दर्शाया गया। दर्शकों ने स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष को दिल से महसूस किया। इसके बाद वन्दे मातरम् थीम पर ओडिसी एवं भरतनाट्यम नर्तिका ने कंटेंपरेरी परफॉर्मेंस के साथ मिलकर देश के पहले स्वतंत्रता दिवस उत्सव को मंच पर जीवंत कर दिया, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। इसके बाद कथक नर्तकों ने होली नृत्य से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फिर बैशाखी फेस्टिवल के आयोजन में दर्शकों ने ग्रामीण जीवन का अनुभव किया। इसमें क्रॉप्स का सुंदर यूज़ किया गया था।

# सपने बेचने की कला में केजरीवाल हैं माहिर : सचदेवा



- झीलों का शहर उनका दिल्लीवासियों को दिखाया गया एक और सपना

**नई दिल्ली,**19 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सपने बेचने की कला में माहिर हैं और झीलों का शहर उनका दिल्लीवासियों को दिखाया गया एक और सपना है जो पूरा नहीं होगा। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल ने 2018 में दिल्ली को सिंगापुर बनाने का सपना दिखाया था लेकिन 5 साल बाद भी दिल्ली को केजरीवाल सरकार से कोई विकास या सौंदर्यीकरण परियोजना नहीं मिली है। पिछले 9 वर्षों में दिल्ली में देखी गई सभी प्रमुख बुनियादी ढांचा या सौंदर्यीकरण परियोजनाएं पी.एम.नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के फंड से आई हैं।

केजरीवाल गत दो साल से झीलों के शहर का सपना दिखा रहे हैं पर धरातल पर कुछ नहीं किया है जबकि दिल्ली के उपराज्यपाल ने मात्र 6 माह में नजफगढ़ ड्रेन में परिवर्तित हुई एतिहासिक साहिबी नदी की सफाई करवा कर पुनर्जीवित कर और यमुना किनारे असिता इस्ट घाट बनवा कर जमीनी काम किया है। केजरीवाल का यह दावा कि झीलों के शहर के मेरे विचार को ब्लूमबर्ग में जगह मिली है, हास्यास्पद है। कुछ महीने पहले केजरीवाल सरकार ने दावा किया था कि हमारे सरकारी स्कूलों को न्यूयॉर्क टाइम्स और दुबई टाइम्स ने प्रदर्शित किया है, लेकिन एक दिन बाद यह एक प्रायोजित कहानी साबित हुई। इसी तरह केजरीवाल ने अपने मोहल्ला क्लिनिक अवधारणा के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता का दावा किया है, जिसने न केवल दिल्लीवासियों को कोविड चरण के दौरान बुरी तरह से निराश किया, बल्कि आज भी वे एक फ्लॉप शो हैं, जिनमें से डॉक्टर और दवाएं गायब हैं और चिकित्सा परीक्षणों की कोई सुविधा नहीं है।

## सार संक्षेप

### श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**नई दिल्ली।** एरा फाउंडेशन की चेयरपर्सन सरिता निगम का कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उनके बेटे सोमिलराज डेवलपर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के चेयरमैन रिंकु आर निगम ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। ये श्रद्धांजलि सभा बिश्नोई धर्मशाला सिविल लाइन्स में आयोजित की गई , जिसमें सुप्रसिद्ध गायक शंकर साहनी एवं सुप्रसिद्ध गायिका सुरेखा ने भजन गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस दुखद अवसर पर पूरा परिवार, दोस्त और रिश्तेदार उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, पुत्रवधू शिल्पा निगम ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनके कदमों का अनुसरण करेंगे जैसा कि वह पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। सुनील पाराशर ने उनके नाम पर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार देने की घोषणा की, जिसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी।

### राजीव गांधी ज्योति सदभावना यात्रा का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ.अनिल कुमार ने इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस, कर्नाटक के चैयरमेन आर दोराई द्वारा श्रीपेरुमबुदुर से लाई गई राजीव गांधी ज्योति सद्भावना यात्रा दिल्ली में आगमन पर अभिनन्दन किया। पिछले 32 वर्षों से प्रत्येक वर्ष श्रीपेरुमबुदुर से दिल्ली तक सद्भावना यात्रा आती है और राजीव के 79वें जन्मदिवस पर पूर्व पार्लियमेंट एनैक्सी के बाहर राजीव की मूति को दूध से निलाह कर मूर्ति पर माल्यापर्ण किया जाता है और 20 अगस्त को राजीव जी की समाधि वीर भूमि पर फूल-चढ़ाकर वापस लौट जाती है। राजीव गांधी ज्योति सद्भावना यात्रा के लोगों ने राजीव जी की मूर्ति को दूध से नहलाने के बाद माल्यापर्ण के अवसर प्रदेश अध्यक्ष चौ.अनिल कुमार मौजूद थे।

### संस्कार भारती का साहित्य-कला-संवाद आज

**नई दिल्ली।** संस्कार भारती का कला संकुल अमर्त्य साहित्य-कला-संवाद के भाग 1 का आयोजन रविवार को होने जा रहा है। इस सारस्वत आयोजन की मुख्य अतिथि साहित्य जगत की सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व, साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष और हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष आदरणीय प्रो.कुमुद शर्मा होंगी। यह आयोजन 20 अगस्त की शाम कला संकुल, संस्कार भारती, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, में आयोजित होगा।

# काले धन को सफेद करने वालों की धुलाई कर रही है सरकार : राजनाथ



- अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने का किया गया काम
- अब हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहा देश

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि नए भारत में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है और इसीलिए सरकार काले धन को सफेद करने वालों की 'धुलाई' करने में लगी है। सिंह ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में नए भारत की इमारत का ढांचा तैयार किया है और अब उसका लक्ष्य इस इमारत को भव्य रूप देकर भारत को विकसित तथा सशक्त राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि नए भारत में भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना है और देश में 'भ्रष्टाचार को भ्रष्टाचार जीरो' तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार काले धन को सफेद करने वालों की धुलाई करने में लगी हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के शासन में अर्थव्यवस्था की जो जमीन तैयार की गई थी वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के 10 वर्षों के शासन में खिसक गई थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जी जान लगाकर अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों पर चलते हुए देश अब हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए स्वदेशीकरण पर बहुत अधिक जोर दिया जा रहा है और 410 रक्षा उत्पादों की सूची जारी कर इन के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से सेना की क्षमता और विश्वास दोनों बड़े हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक समय था जब भारत गुटनिरपेक्ष देशों में शामिल था लेकिन उसकी यह नीति कई बार पलायनवादी प्रतीत होती थी। मोदी सरकार अब राष्ट्रीय जरूरत के अनुसार निर्णय लेती है और हमारी नीति मुद्दों तथा व्यावहारिक सोच पर आधारित है। भारत की रक्षा और कूटनीति में बड़ा बदलाव आया है जिससे बड़ी बड़ी ताकते भी हमसे हाथ मिला रही है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि एक और रूस हमें एस 4 रक्षा प्रणाली दे रहा है तो वहीं अमेरिका हमें प्रिडेटर जैसे ड्रोन दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब भारत निर्णय लेते समय यह नहीं सोचता कि कौन देश उसके निर्णय से खुश होगा और कौन नाराज होगा।



नई दिल्ली में विश्व मानवतावादी दिवस के दौरान सरकारी अस्पताल के बाहर जरूरतमंदों व उनके परिवारों को भोजन वितरित करते गैर-सरकारी संगठन के सदस्य। फोटो इम्तियाज खान

# राष्ट्रीय संत वसंत विजय महाराज के शिव दरबार में सनातन धर्म के मंत्रों की शक्ति का दिखा दिव्य नजारा



> कहीं बरसा कुमकुम तो कहीं जले दीपक

**नई दिल्ली,**19 अगस्त (देशबन्धु)। श्री कृष्णागिरी पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम शक्तिपीठाधिपति मंत्र शिरोमणि राष्ट्रीय संत परम पूज्य गुरुदेव वसंत विजय जी महाराज के सानिध्य में आयोजित 55 दिवसीय शिव महापुराण, यज्ञ, अखंड रुद्राभिषेक महाउत्सव आज छठे दिन में प्रवेश कर गया। बुधवार को छत्तरपुर मार्कंडेय हाल में आयोजित शिव कथा, यज्ञ में सनातन मंत्रों की शक्ति का दिव्य नजारा देखने को मिला। राष्ट्रीय संत वसंत विजय महाराज के शिव दरबार में चमत्कारों की झड़ी लग गयी। चमत्कार का नजारा यह था कि कथा पंडाल तो छोड़ो तो देश और विदेश तक में कहीं कुमकुम बरसा तो कहीं अपने आप ही दीपक प्रज्वलित हो उठे। कितने भक्तों को अपने ईष्ट देवताओं कुलदेवी देवताओं के साक्षात दर्शन हुए। किसी को भगवान शिव तो किसी को भगवान कृष्ण ने दर्शन दिए। इसके अलावा भक्तों पर लक्ष्मी मां भी मेहरबान हुईं। शिव दरबार में कथा की शुरुआत राष्ट्रीय गान से हुई। संत वसंत विजय महाराज साहेब ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। गुरुदेव ने हजारों की संख्या में शिव दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़ को आज अमावस्या के मौके पर एक अकाट्य मंत्र कवच दिया। गुरुदेव ने कहा कि अमावस्या के दिन यह विशेष मंत्र कवच इसलिए दिया गया है क्योंकि अब यह कवच बहुत बल से काम करेगा। उन्होंने कहा कि मां-बाप का सम्मान और सेवा करोगे तो जिंदगी में सुख शांति समृद्धि मिलेगी। क्योंकि अगर आपकी जन्म कुंडली में सूर्य बिगड़ा है तो पिता का अनादर किया है और यदि चंद्रमा बिगड़ा है तो मां का अपमान किया है। मां-बाप का अनादर करने वाला व्यक्ति दर-दर की ठोकरें खाता है।

# आईईएस के अपस्किलिंग सर्टिफिकेशन से जर्मनी के हेल्थकेयर में मिलेगी नौकरी




- दोनों देशों के बीच हो रहे मजबूत संबंध स्थापित

**नई दिल्ली,**19 अगस्त (देशबन्धु)। इंडो-यूरो सिंक्रोनाइजेशन आईईएस ने दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में अपस्किलिंग सर्टिफिकेशन लिंक्ड टू नर्सिंग एम्प्लॉयमेंट इन जर्मनी की घोषणा की। यह कार्यक्रम भारत और जर्मनी के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। नर्सिंग के क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को जर्मन स्टैंडर्ड पर स्किल ट्रेनिंग देकर उन्हें जर्मनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कार्यक्रम में भारत और जर्मनी दोनों देशों के सम्मानित अतिथि और विशेषज्ञ शामिल हुए, जिससे दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध स्थापित हो रहे है। इस मौके पर मौजूद कैल्मोरोई जर्मनी के ग्लोबल बिजनेस ऑपरेशन के प्रमुख लुकास रोगे ने कहा जर्मनी में 1.8 मिलियन हेल्थ प्रोफेशनल की कमी है। जिसे ध्यान में रखते हुए भारतीय युवाओं को जर्मन भाषा के साथ वहां के हेल्थ स्टैंडर्ड पर प्रशिक्षित कर उन्हें जर्मनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। क्रॉस कल्चर करियर के एमडी वेंकट रेड्डी ने कहा कि आज जर्मनी के चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। हम भारत से जर्मनी में कुशल स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की भर्ती और एकीकरण के लिए एक परिवर्तनकारी पहल शुरू कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली,**19 अगस्त (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' के तहत स्वतंत्रता सेनानी स्व. महाशय तेजपाल सिंह जी की पावन स्मृति में सेक्टर 73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में शाम 5 बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में देश भर के नामचीन कवि जैसे ताहिर फ़राज़, डॉ विष्णु सक्सेना, डॉ कीर्ति काले, अकील नोमानी, डॉ दिनेश रघुवंशी आदि शिरकत करेंगे। आयोजक पूर्व मंत्री एवं सांसद डी पी यादव ने बताया कि महाशय जी का पूरा जीवन जन सामान्य की सेवा में बीता। आर्य समाजी होने के नाते साहित्य और संस्कृति से उनका विशेष जुड़ाव रहा। ऐसे में उनको श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय कवि सम्मेलन से बेहतर और क्या हो सकता है।

# विद्यार्थियों का कौशल बढ़ाने के लिए नेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता आयोजित

**नई दिल्ली,**19 अगस्त (देशबन्धु)। जी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड जील द्वारा भारत की अग्रणी शैक्षणिक पहल माइंड वार्स पहली बार अपनी राष्ट्रीय स्पेलिंग प्रतियोगिता स्पेल बी 2023 आयोजित करने जा रही है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 9 तक के विद्यार्थियों आवेदन कर सकते हैं। माइंड वार्स स्पेल बी 2023 के विजेताओं के लिये रोमांचक इनाम होंगे, जिसमें 10 लाख रुपए तक के नगद पुरस्कार, ट्रॉफियां, प्रमाणपत्र और अन्य मूल्यवान पुरस्कार सम्मिलित जी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट उमेश कुमार बंसल ने कहा की हम माइंड वार्स स्पेल बी को देशव्यापी अवतार में अभूतपूर्व ढंग से पेश करके बहुत खुश हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों के बीच अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई को बढ़ावा देना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। हमारा मानना है कि ऐसी पहलें बच्चों के दिमाग के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। माइंड वार्स स्पेल बी को अंग्रेजी में विद्यार्थियों का कौशल बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

**कार्य का नाम:** सेवाओं के लिए कस्टम बोली – ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ 12215 दिल्ली सराय रोहिल्ला बांद्रा टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए, सेवाओं के लिए कस्टम बोली – ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ। 12216 बांद्रा टर्मिनस दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए, सेवाओं के लिए कस्टम बोली – ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ। 12212 आनंद विहार टर्मिनल मुजफ्फरपुर गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए, सेवाओं के लिए कस्टम बोली – ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ 12211 मुजफ्फरपुर आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए, सेवाओं के लिए कस्टम बोली – ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ 22410 आनंद विहार टर्मिनल गया गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए, सेवाओं के लिए कस्टम बोली – ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ 22409 गया आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए, सेवाओं के लिए कस्टम बोली – ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ। 22405 भागलपुर आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए सेवाओं के लिए कस्टम बोली – ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ 22406 आनंद विहार टर्मिनल भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए, सेवाओं के लिए कस्टम बोली ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ 12436 आनंद विहार टर्मिनल जयनगर गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए सेवाओं के लिए कस्टम बोली ट्रेन संख्या की एस्कॉटिंग गतिविधियाँ 12435 जयनगर आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस 3 साल के लिए।

| | |
|---|---|
| बिड संख्या | GEM/2023/B/3845046 |
| कार्य का अनुमानित लागत (रु. में) | Rs.4,30,41,173.76 |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | 3,65,210/- रु. |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 03 वर्ष |
| बिड बंद होने की तारीख/समय | 11.09.2023 18:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तारीख/समय | 11.09.2023 18:30 बजे तक |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | https://gem.gov.in व वरि0 मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली |

2578/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण II, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल मे बाराबन्की - अकबर पुर (161 कि.मी.) के प्रस्तावित दोहरीकरण के सम्बन्ध में सोहावल (सहित)- अकबर पुर (सहित) में बकाया सिविल कार्य तथा अन्य सम्बन्धित कार्य करने के सम्बन्ध में |
| 2 | अनुमानित/निदेषात्मक परियोजना लागत | रुपये 3635.55 लाख |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 माह |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 19,67,800.00 |
| 5 | विस्तृत ई-निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 18.08.2023 से 11.09.2023 तक उपलब्ध होंगे। |
| 6 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा 11.30 बजे दिनांक 28.08.2023 से 11.09.2023 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलोड की जा सकती है। तथा उसके बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक बिडों को 11.30 बजे दिनांक 11.09.2023 को खोला जाएगा। |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि और समय | 11.09.2023 को 11.30 बजे खोली जायेगी (निविदा की अपलोडिंग बंद होने के तुरन्त बाद)। पात्र निविदाकर्ताओं की वितीय बोली तदनुसार खोली जायेगी जिसकी समय और तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी। |

सं. – 74-डब्लु/3/2/463/डब्लु.ए/लखनऊ दिनांक: 16.08.2023 2564/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए **दो पैकेट प्रणाली** के अंतर्गत **ई-निविदा** आमंत्रित करते हैं:–

1. **कार्य का नाम एवं स्थान :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण कार्यालय हेतु एवं संबंद्ध क्षेत्रीय कार्यालयों, उत्तर रेलवे के लिये सामान्य परामर्श सेवाओं के लिए सामान्य परामर्शदाता की नियुक्ति के लिये, प्रस्ताव के लिए अनुरोध।
2. **अनुमानित परियोजना लागत :** रुपये 43.54 करोड़
3. **कार्य पूरा करने की अवधि :** 36 माह
4. **निविदा की सुरक्षा राशि :** रुपये 23,27,400.00
5. **रेलवे की वेबसाइट पर निविदा दस्तावेज का विक्रय/उपलब्धता :** निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 18.08.2023 से 27.09.2023 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।
6. **बोली पूर्व सम्मेलन :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली में एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी दिनांक 31.08.2023 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।
7. **ई-निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय :** दिनांक 27.09.2023 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 13.09.2023 से 27.09.2023 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है।
8. **ई-निविदा खुलने की तिथि और समय :** निविदा 11.30 बजे दिनांक 27.09.2023 को खोली जायेगी। उपर्युक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत निविदा सूचना देखी जा सकती है।

सं.: 74-डब्लु/ओ/डब्लु.ए./जीसी/टेंडर/मुख्यालय-1 दिनांक: 18.08.2023 2576/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"योजना से जुड़े चिकित्सालयों की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि योजना के सभी लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। हालांकि योजना के लाभार्थियों को योजना से जुड़ा कोई भी चिकित्सालय पीवीसी कार्ड के अभाव में उपचार प्रदान करने से इंकार नहीं कर सकता।

राकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी

# विधान भवन में स्थानीय ऑडिट की आपत्तियों का देना होगा जवाब

- 22 अगस्त को लोक लेखा समिति की होगी बैठक
- 2010 से 2012 तक अनियमितताओं का प्रस्तुत होगा लेखा जोखा

**नोएडा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व के शासन काल में नोएडा प्राधिकरण में अफसरों ने विकास के नाम पर जमकर खेल खेला। वित्तीय अनियमितताओं और अफसरों की लापरवाही ने जनता के अरबों रुपए डुबों दिए। 2010-11 और 2011-12 की स्थानीय लेखा परीक्षा की रिपोर्ट में प्राधिकरण में की गई गड़बड़ियों का खुलासा हुआ। 22 अगस्त को लखनऊ के विधान भवन में ऑडिट आपत्तियों को लेकर बैठक की जाएगी। जिसमें लगाई गई आपत्तियों के जवाब को सुना जाएगा और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। प्राधिकरण ने इसकी तैयारी की है। इस बैठक में ग्रुप हाउसिंग, प्लानिंग, वाणिज्यिक, स्पोर्ट सिटी, सामान्य प्रशासन से लेकर विकास की परियोजना पर लगाई गई आपत्तियों पर प्राधिकरण की ओर से तैयार किए गए जवाब पर चर्चा होगी।

प्राधिकरण ने बताया कि 2010-11 और 2011-12 में अधिकांश मामले प्लाट आवंटन से संबंधित है। जिसमें कामर्शियल, ग्रुप हाउसिंग, अनुज्ञया या किराए पर आवंटन करने में बड़ी



अनियमितता बरती गई। इसके अलावा बड़ी परियोजनाएं जिसमें सेक्टर-21ए में नोएडा क्रिकेट स्टेडियम निर्माण, एमपी-2 पर बनाई गई एलिवेटेड, सेक्टर-18 में बनी मल्टीलेवल कार पार्किंग, सेक्टर-30 में बना सरकारी अस्पताल, चिल्ला रेगुटर एलिवेटेड आदि परियोजनाएं है जिनमें स्थानीय लेखा परीक्षा ने आपत्ति लगाई है। इन सभी का जवाब बैठक में दिया जाएगा।

**अब समझते है कुछ ऐसे मामले में हुई आर्थिक क्षति**

- ग्रुप हाउसिंग भू खंड संख्या डी-8ए के साथ संलग्न भूमि 415.40 वर्ग मीटर की स्थित स्पष्ट नहीं होने से करीब 3 करोड़ की आर्थिक क्षति।
- ओमेक्स बिल्ड होम प्रलि को आवंटित ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या 01,02,03 सेक्टर-93बी में अनियमित रूप से संविधान बदलकर सबलीज की अनुमति और डिफाल्टेड किस्तों में रिशिड्यूलमेंट में ब्याज की धनराशि सम्मिलित न करने के कारण 98 लाख की आर्थिक क्षति।
- आवासीय योजनाओं में निर्मित भ्ज्ञवनों की लागत सब्सीडी के नाम पर 57 करोड़ की धनराशि घटाने से प्राधिकरण को आर्थिक क्षति।
- बिना शासन के अनुमति के ही उप्र पॉवर कारपोरेशन के कार्य किए जाने से पर हुए व्यय की स्थिति स्पष्ट नहीं है।
- डॉक्टर भीम राव अंबेडकर अस्पताल सेक्टर-30 में निर्माण के लिए अप्रस्तावित रूप से 322.80 करोड़ की बढ़ोतरी।

**लोकल ऑडिट रिपोर्ट में 2012-16 में 900 करोड़ की अनियमितता**

वित्तीय वर्ष 2012 से 2016 तक नोएडा प्राधिकरण में करीब 900 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता सामने आई थी। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा (लोकल ऑडिट) के परीक्षण ने अपनी रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है। ये ऑडिट 2018-19 के दौरान कराए गया। इसमें प्राधिकरण की ओर से बिल्डरों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए विकास शुल्क की गणना करने, भूति आवंटन और विकास परियोजनाओं में गड़बड़ी की गई। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा ने भी नोएडा प्राधिकरण के चार साल के फाइलों की जांच की। जिसमें करीब 900 करोड़ रुपए बड़ी गड़बड़ी सामने आई।

# रेरा ने आवंटी को विलंब ब्याज सहित 6 वर्षों बाद इकाई का कब्जा दिलवाया

- 18 लाख में सिर्फ करना होगा 6 लाख 85 हजार का भुगतान

**नोएडा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। उप्र रेरा ने वेव वन प्रा.लि. की गौतम बुद्ध नगर स्थित 'वेव वन' परियोजना के एक आवंटी फिरोज अली को विलंब अवधि के ब्याज का समायोजन, शेष बकाया राशि में कराते हुए 6 वर्षों बाद इकाई का कब्जा दिलवाया। प्रोमोटर ने आवंटी के पक्ष में प्राधिकरण से जारी 'आदेश का अनुपालन' करते हुए एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुरूप इकाई का कब्जा दिया। कब्जा देने में हुए विलम्ब के ब्याज का समायोजन शेष बकाया राशि में किया। जिससे आवंटी की देनदारी न्यूनतम करा दी गई। दोनों पक्षों के मध्य हुए समझौते के अनुसार आवंटी को केवल रुपए 6 लाख 85 हजार का भुगतान करना होगा और कब्जा लेने की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। जबकि वास्तविक बकाया राशि लगभग 18 लाख थी। रेरा से वसूली प्रमाण पत्र जारी होने के आदेश के बाद प्रोमोटर ने आवंटी के समक्ष समझौते का प्रस्ताव रखा था। जिसके अनुसार इकाई का कब्जा और कब्जा मिलने में हुई देरी का ब्याज देना शामिल था। आवंटी ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर कर लिया। प्रोमोटर ने इसकी एक प्रतिलिपि प्राधिकरण में जमा कर दी। लगभग 6 वर्ष बाद इकाई का कब्जा। विलम्ब अवधि का ब्याज का समायोजन अंतिम मांग राशि में होने से आवंटी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना की। उ.प्र. रेरा से जारी आदेशों एवं कन्सिलीऐशन फोरम के माध्यम से लगभग 7400 से ज्यादा मामलों में लगभग रुपए 2,925 करोड़ मूल्य की परिसंपत्तियों को विवाद मुक्त कराया गया है।

राजस्थान प्रदेश के निवासी फिरोज अली ने प्रोमोटर की व्यवसायिक परियोजना वेव वन में 66 लाख के लागत की एक इकाई के लिए 2013 में 48 लाख का भुगतान किया था। 'एग्रीमेन्ट फॉर सेल' के अनुसार आवंटी को वर्ष 2017 तक कब्जा प्राप्त होना था। लेकिन तय समय तक इकाई का कब्जा न मिलने और संतोषजनक निर्माण प्राप्त न होने की स्थिति में आवंटी ने 2021 में उ.प्र. रेरा में शिकायत दर्ज करके निवेशित धनराशि वापस दिलाने की मांग की थी। सुनवाई में पारित आदेश आवंटी के पक्ष में आया था जिसका अनुपलान प्रोमोटर द्वारा किया जाना था।

आवंटी ने पारित आदेश का कार्यान्वन सुनिश्चित करवाने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन अनुरोध किया था। अग्रिम सुनवाई करते हुए प्राधिकरण ने प्रोमोटर के विरुद्ध 'वसूली प्रमाण पत्र' जारी करने का आदेश दिया था। इसी बीच प्रोमोटर द्वारा परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त आवंटी को कब्जा देने का प्रस्ताव दिया गया जिससे विवाद का आपसे समझौते से समाधान सम्पन्न हो गया।

## सार संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट में सास, ससुर व पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** सेक्टर-115 के गणेश नगर निवासी महिला ने पति, ससुर और सास पर मारपीट और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपियों ने उसको छत से धक्का देने की भी कोशिश की। सेक्टर-113 पुलिस ने महिला के पति, ससुर और सास के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से तीनों फरार हैं। पुलिस आरोपियों के जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है। सेक्टर-115 के गणेश नगर निवासी महिला के अनुसार 17 अगस्त की रात उसका ससुर विनोद सिंह उसके कमरे में घुस आया और उसे गलत नियत से दबोच लिया। इस पर उसने शोर मचा दिया। उसका पति विकास सिंह और सास निर्मला सिंह भी वहां आ गईं। दोनों ने उसके साथ मारपीट के बाद आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन छीनकर कमरे में बंद कर दिया। किसी तरह उसने अपने दूसरे फोन से डॉयल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। शीर्ष अधिकारियों के आदेश के बाद महिला के पति, ससुर और सास के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया।

### वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर आर्ट लाइफ गैलरी में भव्य फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

**नोएडा।** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर नोएडा मीडिया क्लब के तत्वाधान में नोएडा और दिल्ली के फोटो जर्नलिस्टों द्वारा आर्ट लाइफ गैलरी सेक्टर-44 में भव्य फोटो प्रदर्शनी का आज से शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एसीपी रजनीश वर्मा नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज पाराशर महासचिव विनोद राजपूत आर्ट लाइफ गैलरी संचालक प्रीति बजाज व प्रतिभा अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। यह तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 21 अगस्त तक चलेगी। पहले दिन भी कई लोगों ने प्रदर्शनी का लुफ्त उठाया जिनमें हिंदुस्तान टाइम्स के फोटो एडिटर अजय अग्रवाल, वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रकाश सिंह, रायटर्स के वरिष्ठ फोटोग्राफर अदनान अबिदी व हिंदुस्तान टाइम्स के वरिष्ठ फोटोग्राफर राज के राज, सुरेंद्र प्रधान सुधीर तोमर अशोक चौहान आदि शामिल रहे और लोगों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित फोटो की सराहना की। प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज पराशर, विनोद राजपूत, रिंकू यादव, दिनेश शर्मा इकबाल चौधरी, हरवीर चौहान, अश्वनी श्रीवास्तव, ए के लाल सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहें।

### गाजियाबाद में खुला खालसा कैंसर सपोर्ट सेंटर

**गाजियाबाद।** खालसा हेल्पलाइन की तरफ से पटेल नगर सेकंड में गरीब मजबूर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने के उद्देश्य खालसा कैंसर सपोर्ट सेंटर की शुरुआत की गई। इसमें मुख्य रूप से कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों का इलाज किया जाएगा कीमोथेरेपी का बहुत कम खर्चे में लगभग जो खर्चा दवाई का खरीदने में आ रहा है इसमें बिना प्रॉफिट के खाली उसकी कीमत के ऊपर गरीब लोगों का इलाज किया जाएगा जो अपनी जान गवा देते हैं केवल पैसे ना होने की वजह से और अपना इलाज भी नहीं कर पाते केवल इसी उद्देश्य के लिए खालसा हेल्पलाइन ने इस सेवा का शुभारंभ किया है।



# उद्यमियों ने जनता दरबार में गिनाई समस्या



- कैंसल किया गया कंपनियों का आवंटन रिस्टोर किया जाए
- विस्तार के लिए लाए योजना

**नोएडा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। उद्यमियों की समस्याओं का निवारण करने के लिए शनिवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने इंदिरा गांधी कला केंद्र में जनता दरबार लगाया। इस बार सेक्टर-1 से 11 तक औद्योगिक सेक्टर के उद्यमियों की समस्याओं का निपटारा किया गया। इस मौके पर उद्यमियों के संगठन नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन, एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अलावा तमाम औद्योगिक संगठन ने हिस्सा लिया।

नोएडा नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने सीईओ से कहा कि औद्यौगिक भूखड़ स्वामियों को कार्यशीलता प्रमाण के लिए जिला उद्योग केन्द्र द्वारा जारी एसएसआई पंजीकरण प्रमाण-पत्र, उ.प्र. व्यापार कर रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, जी.एस.टी., विद्युत बिल आदि प्रपत्र देने पर कार्यशीलता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाता था। वर्तमान में प्राधिकरण द्वारा उद्यमियों से कार्यशीलता प्रमाण देने से पहले कम्पलीशन सर्टिफिकेट की मांग की जा रही है।

उद्यमी के पास जितनी पूंजी होती है उसी के अनुरूप भवन का निमार्ण कर वह अपनी इकाई में कार्य प्रारम्भ कर लेता है। यदि उद्यमी सारी पूंजी इकाई के निर्माण में ही खर्च कर देगा तो इकाई का संचालन कैसे करेगा। पूर्व के वर्षो में कुछ उद्योगों को प्राधिकरण द्वारा कैंसिल कर दिया गया था। यदि उनके द्वारा अपनी इकाई को रिस्टोर करवाने की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं तो उन्हें रिस्टोर कर दिया जाए। उद्यमियों को अपनी इकाई के विस्तार के लिए प्राधिकरण की पॉलिसी के अनुसार आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत औद्योगिक भूखंड (50 प्रतिशत) योजना निकाली जाती थी।

उद्यमियों के लिए आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत (17.5 प्रतिशत) आवासीय भूखंड योजना भी लाई जाती थी। इस पॉलिसी को समाप्त कर दिया गया। जिसके कारण कई उद्यमी इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं। ऐसे में पहले की तरह ही विस्तार हेतु आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत नोएडा में औद्योगिक एवं आवासीय भूखंड योजना लाई जाए। निवेश मित्र पोर्टल से संबंधित कोई भी पेपर अपलोड करने की सुविधा विभाग में नहीं है। जिसके कारण उद्यमियों को बिचौलियों की शरण में जाना पड़ता है। न्यू नोएडा में रेड कैटेगरी के अर्न्तगत आने वाले उद्योगों के लिए अलग से स्थान चिन्हित किए जाए। उस क्षेत्र में कॉमन ट्रीटमैंट प्लान्ट भी लगाया जाए। प्राधिकरण द्वारा अलग से ट्रांसपोर्ट नगर बसाया गया है इसके बावजूद सभी औद्योगिक सैक्टरों में जगह-जगह सड़क के किनारे टैंपो, ट्रक आदि माल वाहक वाहन खडे रहते हैं। जिसके कारण यातायात में व्यवधान उत्पन्न होता है। औद्योगिक सेक्टरों में मुख्य चौराहों पर अधिकांशतः रेड लाइटों का समय सही निर्धारित न होने के कारण जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

# जीडीए सचिव का औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को प्राधिकरण के सभी कार्य स्थलों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे एक कार्यालय में प्राधिकरण द्वारा जारी पहचान पत्र अवश्य ही धारण करें। ताकि उनकी पहचान हो सके।

सिंह ने बताया कि जीडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार के निर्देश के बाद उन्होंने आज प्राधिकरण के सभी पटलों के कार्य स्थलों का औचक निरीक्षण किया।



उन्होंने बताया कि इस दौरान कई कर्मचारी बिना पहचान पत्र के मिले

**अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यस्थल पर धारण करना होगा पहचान पत्र : राजेश सिंह**

उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि वह पहचान पत्र अवश्य धारण करें।

उन्होंने कहा कि जीडीए के जो पंजीकृत ठेकेदार हैं उन्हें पहचान पत्र जारी किए जाएंगे ताकि अनावश्यक लोग जीडीए कार्यालय में न आ सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अधिकारी व कर्मचारी किसी भी पटल पर अवांछनीय बाहरी लोगों को अनावश्यक रूप से पटल पर ना बैठाएं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जीडीए की विशेषधिकारी गुंजा सिंह व सुशील कुमार चौबे भी थे।





# 'अपनाघर आश्रम' और सेक्टरों में हरियाली तीज महोत्सव मनाया

**नोएडा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-34 स्थित 'अपना घर आश्रम' में हरियाली तीजमहोत्सव जोश एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। आश्रम की महिला प्रभुजनों ने सावन के गीतों पर विभिन्न आकर्षक नृत्य प्रस्तुति पेश की। रंगीन पोशाक में प्रभुजन काफी आकर्षक दिख रहे थे और अपनी प्रस्तुति से वहां मौजूद सभी जनो का उन्होंने मन मोहलिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर प्रभुजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसकी सराहना लोगों ने भरपूर तालियां बजा कर की।

**सेक्टर-34 में हुआ भव्य तीज महोत्सव का आयोजन**

सामुदायिक केंद्र सेक्टर-34 में फेडरेशन ऑफ आरडब्लूए सेक्टर-34 द्वारा तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि महोत्सव में सेक्टर की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की ड्रेस थीम हरे एवं पीले रंग के परिधानों में सजी महिलाओं ने नृत्य संगीत का जमकर आनंद उठाया। इसमें मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

जिसमें ग्रुप डांस, विभिन्न तरह के फनी गेम्स, रैंप वॉक क्वीन, तीज क्वीन, तंबोला, लकी ड्रा प्रतियोगिता खास रहा। फूलों से सजे हुए झूले और सेल्फी प्वाइंट कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। समापन पर सभी विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन महासचिव धर्मेंद्र शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे के याचु उपाध्यक्ष राजेश राय कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, डॉ. आकांक्षा गुप्ता, सुपर्णा सूद, अनिता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नलिनी गोयल ने जीता तीज क्वीन का खिताब



**बुलंदशहर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के अंसारी रोड स्थित क्वालिटी कैफेटेरिया में भारत विकास परिषद बुलंदशहर 'संस्कृति' की महिला पदाधिकारियों और महिला सदस्यों ने हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। शुक्रवार को सांय लगभग 8 बजे भारत विकास परिषद बुलंदशहर संस्कृति की महिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तीज महोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। तीज महोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं ने अंताक्षरी, स्पून रेस, म्यूजिकल चेयर, नॉलेज क्विज, मेंहदी प्रतियोगिता और डांस करके खूब मस्ती की और अंत में तीज क्वीन का प्रतियोगिता हुई जिसमें सुंदरपूरी निवासी नलिनी गोयल ने तीज क्वीन का खिताब जीता। कार्यक्रम के दौरान महिला संयोजक सपना गोयल ने बताया कि हरियाली तीज सावन के महीने में मनाया जाता है, तीज के त्यौहार पर पत्नियां अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, हमारा संस्था पिछले कई वर्षों से तीज महोत्सव का आयोजन करती आ रही है। वही तीज क्वीन का खिताब जीतने वाली नलिनी गोयल ने कहा कि आज के जमाने की महिला किसी पुरुष से कम नहीं है, आज महिला पुरुष के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है चाहे वह शिक्षा, चिकित्सा, जुडिसरी, राजनैतिक या प्रशासनिक का ही क्षेत्र क्यों न हो। इसलिए मैं उन सब महिलाओं और युवतियों के कहना चाहती हूं कि महिला को हमेशा अपना उद्देश्य पाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विशाल गोयल, सचिव दीपक गोयल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल, महिला संयोजक सपना गोयल, पायल, प्रियांशी, हिमांशी, दीपिका, नूपुर, नीति, मनीषा आदि उपस्थित रहे।

आयोजन | मोदीनगर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस

# जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को प्रदान किए पीवीसी आयुष्मान कार्ड

गाजियाबाद, 19 अगस्त (देशबन्धु)। मोदीनगर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शनिवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने भोजपुर ब्लॉक के आयुष्मान भारत योजना के 38 लाभार्थियों को पीवीसी आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य (पीएमजेवाई) के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि योजना के लाभार्थियों को प्रति परिवार हर वर्ष पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार सरकारी और योजना से आबद्ध निजी चिकित्सालयों में दिया जाता है।

जनपद में छोटे- बड़े 60 निजी चिकित्सालय योजना से जुड़े हुए हैं। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से बात कर आयुष्मान भारत योजना की वस्तुस्थिति के बारे में भी जाना।

जिलाधिकारी ने कहा कि योजना से जुड़े चिकित्सालयों की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि योजना के सभी लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। हालांकि योजना के लाभार्थियों को योजना से जुड़ा कोई भी चिकित्सालय पीवीसी कार्ड के अभाव में उपचार प्रदान करने से इंकार नहीं कर सकता। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवतोष शंखधर और आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. चरण सिंह और एमओआईसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डासना डॉ. भारत भूषण मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि पीवीसी



- सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की दी गई जानकारी
- पीवीसी कार्ड बनने से रखरखाव होगा आसान : सीएमओ

आयुष्मान कार्ड बनने से कार्ड का रखरखाव आसान हो गया है। पानी से भीगने पर भी कार्ड का कुछ नहीं बिगड़ता। इस कार्ड के जरिए लाभार्थियों की पहचान भी आसान होगी। कार्ड पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करने पर लाभार्थी की पूरी जानकारी और मोबाइल नंबर भी पता किया जा सकेगा, इसका बड़ा लाभ यह होगा कि कार्ड यदि कहीं गिर जाता तो उसे पाने वाला अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर लाभार्थी का मोबाइल नंबर प्राप्त कर सकेगा और उस नंबर पर लाभार्थी को सूचित कर सकेगा। उन्होंने बताया शासन से अभी करीब 12 हजार पीवीसी कार्ड प्राप्त हुए हैं, जल्द ही इनका वितरण कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने शनिवार को अपने कर कमलों से पीवीसी कार्ड वितरण का शुभारंभ कर दिया है।

# दहशत में पर्थला निवासी की मौत के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

- ग्रामीणों ने शुक्रवार को शव रखकर सड़क कर दी थी जाम

**नोएडा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-113 पुलिस ने पर्थला खंजरपुर गांव निवासी बुजुर्ग राजाराम की मौत के मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया गया। राजाराम के बेटे ने मुख्य आरोपी सतीश और उसके साथियों पर आरोप लगाया है कि वह उसके पिता को जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देते थे। इसके चलते पिता राजाराम सदमे में आ गए और हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई।

गांव के प्रेम सिंह ने थाने में दी शिकायत में बताया कि पड़ोस के सतीश यादव ने गांव में लापरवाही से काम कराकर पांच मंजिल घर खड़ा कर लिया। मकान का स्ट्रक्चर बेहद कमजोर है। इसकी जांच प्राधिकरण की टीम ने की और काम रोकने के आदेश दिए थे, लेकिन आदेशों को दरकिनार कर निर्माण कराया गया। सतीश की लापरवाही के चलते प्रेम के पिता राजाराम के घर में दरार आ गई। पास के अन्य घरों में भी दरार आ गई। घर में दरार आने से राजाराम चिंतित थे। उन्होंने जब इसका विरोध किया और सतीश और उसके साथी गजराज यादव, सुभाष यादव, कुलदीप और दीपक ने परिणाम भुगतने की धमकी दी। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की भी धमकी दी। इसके चलते राजाराम सदमे में आ गए और इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। आरोपियों पर कार्रवाई न होने से नाराज मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया था, जिससे करीब 35 मिनट तक यातायात बाधित हुआ था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है।

उवाच "

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। **मनीष कुमार वर्मा, जिला अधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

# खिलौना इंडिया व गेम फेयर में देश व विदेश से पहुंचे खरीदार

**ग्रेटर नोएडा,**19 अगस्त (देशबन्धु)। खिलौना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर का दूसरा संस्करण 18 से 20 अगस्त तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहा है। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के अध्यक्ष दिलीप बैद ने बताया कि पहले दो दिनों के दौरान अच्छी संख्या में खरीदारों ने मेलों का दौरा किया और भारत में बने खिलौनों और खेलों, विशेष रूप से कलेक्टेबल वस्तुओं, टिकाऊ और प्रौद्योगिकी आधारित उत्पादों की सोर्सिंग में अपनी रुचि साझा की। उन्होंने इस बात की खुशी जाहिर की कि इस आयोजन में देखने, सीखने, अनुभव करने और प्राप्त करने के लिए बहुत कुछ है। इसके साथ ही उन्होंने प्रसन्नता जताई कि इस तरह का सेक्टोरल शो



■ मेड इन इंडिया टॉयज इंस्पायरिंग क्रिएटिविटी एंड एनकरेजिंग न्यू-एज इनोवेशन पर पैनल चर्चा

आयोजित किया गया। आयोजन में रोबोटिक्स, नए स्टार्ट-अप के उत्पाद, विरासत और पारंपरिक खिलौने, युवा समूहों से जुड़े खिलौने और सीखने और थेरेपी वाले खिलौनों ने कई लोगों को आकर्षित किया। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष (द्वितीय) डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि हैम्लेज (खरीद और सोर्सिंग टीम), अमेजॅन, लुलु इंटरनेशनल मॉल, रिलायंस रिटेल, आईकेईए, स्केचर्स और आईटीसी समूह के खरीदारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने खिलौना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स मेले का दौरा किया और प्रदर्शकों के साथ व्यापार किया।

इन ब्रांडों की क्रय-टीम शो से खुश और संतुष्ट थी और इस पैमाने पर इस मेले के आयोजन के लिए ईपीसीएच के प्रयास की सराहना की। मेड इन इंडिया टॉयज इंस्पायरिंग क्रिएटिविटी एंड एनकरेजिंग न्यू-एज इनोवेशन विषयक इस पैनल चर्चा में प्रख्यात वक्ताओं और डोमेन विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया, जिन्होंने भविष्य के लिए एक सामूहिक दृष्टिकोण की दिशा में विशेषज्ञता और ज्ञान साझा करने का प्रस्ताव रखा। इसमें खिलौने और खेल निर्माताओं और हितधारकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 145 शिकायतें हुई दर्ज, दस का निस्तारण

**ग्रेटर नोएडा,**19 अगस्त (देशबन्धु)। जिले की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 145 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें 10 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों ने मौके पर किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील दादरी में अध्यक्षता की, जिसमें कुल 90 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज की गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 7 शिकायत का निराकरण मौके पर किया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। तहसील समाधान दिवस के बाद दादरी तहसील में जिलाधिकारी के द्वारा 9



■ जिलाधिकारी ने तहसील समाधान दिवस के बाद 9 ग्राम सचिवों को लेपटॉप का किया वितरण

ग्राम सचिवों को लैपटॉप का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह, उपजिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, एसीपी पुलिस सार्थक सैंगर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एश्वर्या लक्ष्मी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी तथा अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। सदर तहसील में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में कुल 11 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई। जेवर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में कुल 44 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसमें 03 शिकायतों का निराकरण मौके पर किया गया।

## सार संक्षेप

### हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिरा, चपेट में आकर एक युवक की मौत

**जेवर।** कस्बे के झुप्पा रोड पर शनिवार सुबह को हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से उसकी चपेट मे आने पर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी। जिसके बाद विद्युत आपूर्ति को बंद किया गया। जेवर के मोहल्ला कम्बुहान निवासी स्व0 रसीद का पुत्र छोटे कुरैशी (30) मंदबुद्धि था। जिसकी वजह से वह अक्सर कस्बे मे घूमता रहता था। शनिवार सुबह 5 बजे के करीब वह घूमते हुए झुप्पा रोड पर पहुंच गया। उसी दौरान कस्बे के एक निजी अस्पताल के पीछे की तरफ 11 केवीए की विद्युत लाइन का तार टूटकर सड़क पर पड़ा हुआ था। विद्युत लाइन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरो की सूचना पर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति को बंद किया गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे स्वजनों ने पीड़ित को तार की चपेट से हटाकर शव को कब्जे में ले लिया। लोगों ने गमगीन माहौल मे मृतक का अंतिम संस्कार किया।

### तमंचा दिखाकर एल्यूमिनियम की शटरिंग की चोरी

**नोएडा।** बदमाशों ने गार्ड को तमंचे दिखाकर सेक्टर-76 स्थित निर्माणाधीन सोसाइटी से एल्युमीनियम शटरिंग की प्लेट चोरी कर लीं और भाग गए। ठेकेदार ने सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में विकास मिश्रा ने बताया कि वह सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली क्रिटल होम सोसाइटी में फ्लैट का निर्माण करा रहे हैं। चार अगस्त की रात को बदमाश सोसाइटी की चारदीवारी को तोड़कर निर्माणाधीन स्थल के अंदर घुस गए। इसके बाद वहां से लाखों रुपए की एल्युमीनियम शटरिंग की प्लेट चोरी कर ले गए। गार्ड ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने तमंचा दिखाकर गार्ड को धमकाया और सामान लेकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अलंकरण समारोह में छात्र परिषद का गठन, विद्यार्थियों को दी गई जिम्मेदारी

**ग्रेटर नोएडा,**19 अगस्त (देशबन्धु)। ज्ञान मनुष्य के व्यक्तित्व को पूर्णता देता है और इसका आधार छात्र जीवन ही होता है, उत्तरदायित्व विश्वास को बढ़ाता है और यह सबको विकास की ओर अग्रसर करता है, यह कहना है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या संध्या अवस्थी का। दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा में छात्र परिषद के गठन और अलंकरण समारोह में प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में वैष्णवी विनोद कापसे और मसंद को हैड गर्ल, गुंजित गर्ग और सिद्धार्थ झा को हैड ब्वॉय चुना गया। इनके साथ-साथ लगभग 104 बच्चों को भी खेल, संपादन और सांस्कृतिक इत्यादि गतिविधियों के लिए भिन्न-भिन्न उत्तरदायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य की त्रिवेणी से दर्शक मंत्र-मुग्ध हो गए। चयनित





विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि कौशिक दत्ता, चेयरमैन डी.पी.एस. ग्रेटर नोएडा, सदस्य डीपीएस सोसायटी ने अपने संबोधन में उन्हें बधाई दी और कहा कि समर्पण एवं संकल्प से दायित्वों को कर वांछित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अर्जुन राज टी, डायरेक्टर, पं. दीनदयाल उपाध्याय इंस्टीट्यूट ऑफ अर्कियोलॉजी, भारत सरकार ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। समारोह में विद्यालय परिवार के साथ उपप्राचार्या मनीषा सोधी भी उपस्थित थी।

# विस्ताज उत्सव में प्रतिभागियों ने अपनी कला व कौशल का किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,**19 अगस्त (देशबन्धु)। ऑल इंडिया इंटर डी डब्ल्यू पी एस स्कूल में (विस्ताज) सामाजिक अध्ययन विस्ताज उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक कंचन कुमारी एवं प्रधानाचार्या हीमा शर्मा फीता काटकर, दीप प्रज्वलित करके गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों ने भाग लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम मे नृत्य ने दर्शकों के मन को मोह लिया। अपनी-अपनी कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए सीखने और सूचित करने, निर्णय लेने प्रोत्साहित करने के गुणों से भरपूर कार्यक्रम में भाग लेने वाले हमारे युवा चैंपियन के प्रयासों को अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम विभिन्न चरणों के अंतर्गत कराया गया, इसमें बिना आग के खाना बनाना, समुद्र, नदी को 3डी के रूप में उतारना, रंगोली, आकर्षक प्रदर्शनी, पीपीटी प्रस्तुतीकरण व अन्य अद्वितीय क्षमताओं, आलोचनात्मक और रचनात्मकता को विकसित करके अपने विषय की वैचारिकता पर प्रदर्शन किया। भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया, विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानाचार्या हीमा शर्मा ने इस अवसर पर युवा चैंपियन के प्रयासों को गौरवान्वित करते हुए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवा दिमाग के कौशल को पोषित करने के लिए इस मेगा कार्यक्रम के




आयोजन में दिन प्रतिदिन वृद्धि करने का आश्वासन दिया। सभी दर्शकों और निर्णायको ने कार्यक्रम को सराहा निर्णायकों ने कहा कि प्रधानाचार्या विद्यार्थियों को ऐसे कौशल के लिए प्रोत्साहित करके उनको शिखर तक ले जा रही है जिससे हमारा देश गौरवान्वित होगा।

# तीज मेला में सोसाइटी की महिलाओं ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,**19 अगस्त (देशबन्धु)। एपीजे इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा में



■ विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

शनिवार को तीज मेला 2023 का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय सोसाइटी के निवासियों को आमंत्रित किया था। सर्वप्रथम विद्यालय की अध्यापिका प्रीति सिंह ने सभी का स्वागत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता पांडे ने कार्यक्रम के अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की नृत्य शिक्षिका सुष्मिता मुखर्जी ने कार्यक्रम को मंगल बनाने के लिए गणेश वंदना पर नृत्य किया गया। विद्यालय की अध्यापिका प्रीति सिंह ने प्रधानाचार्या एवं मुख्य अतिथि गोपिका, ऑनर ऑफ ग्लामजोन, डॉ. सुमन, फाउंडर डायरेक्टर इंड केयर डेवलपमेंट, डॉ. सविता मोहन, प्रिंसिपल जीएनआईओटी का परिचय कराया।

प्रधानाचार्य डॉ. सरिता पांडे ने कहा इस शुभ कार्यक्रम में आप सभी की भागीदारी है व डॉ. सत्य पाल के ह्यूमन वेल्यूस को हर विद्यार्थी के अंदर पहुंचना हमारा कर्तव्य है। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

गतिविधियों के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें 'गेस द ट्रैक' में मानसी विजेता रहीं। सर्वोत्तम नृत्य में रेनुका पाल को पुरस्कार मिला। संगीत गायन में बबीता ने सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त किया। मिस तीज का पुरस्कार झरना को प्रदान किया गया तथा द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः निशा और गीता शर्मा को प्रदान किया गया।

# भाजपा राष्ट्रीय सचिव बनने पर राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर का आज होगा स्वागत



**ग्रेटर नोएडा,**19 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय सचिव राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर को बनाया गया, जिसको लेकर जिला निवासियों में काफी उत्साह है। राष्ट्रीय सचिव का स्वागत करने के लिए सर्व समाज के लोगों ने रविवार को रामलीला मैदान बिरौडी में 11 बजे स्वागत कार्यक्रम का आयोजन रखा है, जिसमें जिले के प्रतिनिधि के साथ आम लोग शामिल होंगे। राज नागर भाजुमो जिलाध्यक्ष व ओम पाल प्रमुख ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस कार्यक्रम में डॉ. महेश शर्मा, लोकसभा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, तेजपाल सिंह नागर विधायक दादरी, ठाकुर धीरेंद्र सिंह, विधायक जेवर, पंकज सिंह, विधायक नोएडा व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश, श्रीचंद शर्मा विधान परिषद सदस्य,

■ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के साथ सभी समाज के लोग होंगे शामिल

नरेंद्र सिंह भाटी, विधान परिषद सदस्य, विजय भाटी- जिला अध्यक्ष भाजपा, मनोज गुप्ता, महानगर अध्यक्ष, कैप्टन विकास गुप्ता, दर्जा प्राप्त मंत्री, नवाब सिंह नागर, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, सत्येंद्र सिसोदिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा, विजेंद्र भाटी, सदस्य- पिछड़ा वर्ग आयोग, हरीशचंद्र भाटी, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, वेदराम भाटी पूर्व मंत्री शामिल होंगे। इस दौरान ईश्वर पहलवान ब्लॉक प्रमुख लखनावली, अमित मुखिया, बिजेन्द्र प्रमुख, चैनपाल प्रधान, श्रीनिवास प्रधान, संदीप भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग ने जहांगीरपुर में चलाया जागरूकता व पंजीकरण अभियान

**जेवर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। खाद्य विभाग द्वारा शनिवार को कस्बा जहांगीरपुर में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों द्वारा विक्रेताओं को खाद्य पदार्थों की बिक्री से सम्बंधित जानकारी देकर जागरूक किया तथा पंजीकरण कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया तथा दो दर्जन से अधिक दुकानदारों के मौके पर पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कराई Kखाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर पटेल ने जहांगीरपुर कस्बा में आयोजित शिविर में खाद्य विक्रेताओं को जागरूक करते हुए बताया कि शासन द्वारा खाद्य पदार्थों की बिक्री करने के लिए सुरक्षा सम्बंधी मानक बनाये गए हैं। खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले विक्रेताओं के पास भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण में पंजीकरण कराना



अनिवार्य है। बारह लाख रूपए सालाना बिक्री करने वाले पंजीकृत विक्रेताओं को मात्र सौ रूपए सालाना व उससे अधिक बिक्री करने वाले विक्रेताओं को दौ सौ रूपए का शुल्क अदा करना होता है। उन्होंने विक्रेताओं को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का पंजीकरण कराने के लिए पास के जनसेवा केन्द्र पर आसानी से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने सभी विक्रेताओं से विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए पंजीकरण कराने की अपील की।

# फिल्म जगत के कलाकार आशीष विद्यार्थी व प्रांजल दहिया ने विद्यार्थियों में भरा जोश

**ग्रेटर नोएडा,** 19 अगस्त(देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के पीजीडीएम प्रोग्राम के नवागंतुक छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम एवं 'बिएनवेनिडोस नोवाटास' प्रेशर पार्टी का आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट में किया गया। इंडक्शन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के जाने-माने फिल्म जगत के कलाकार आशीष विद्यार्थी रहे। वहीं प्रेशर पार्टी की मुख्य अतिथि प्रांजल दहिया भारतीय फिल्म जगत की अदाकारा एवं डांसर रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबंधन समिति, के चेयरमैन डॉक्टर राजेश गुप्ता, वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता, सीईओ स्वदेश कुमार सिंह, आशीष विद्यार्थी एवं निदेशक भूपेंद्र कुमार सोम ने दीप प्रज्वलन करके इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. राजेश

■ जीएनआईओटी प्रबंध संस्थान में इंडक्शन व फ्रेशर पार्टी का आयोजन



गुप्ता ने अपने उद्बोधन में नवागंतुक छात्रों का स्वागत किया और साथ ही भविष्य के निर्माण हेतु अपने द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य प्रति पूर्ण निष्ठा से क्रियाशील रहने का आवाहन किया। संस्थान के निदेशक डॉक्टर भूपेंद्र ने प्रवेश छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए आज के इस वैश्विक परिवेश में किस तरीके से छात्र भविष्य निर्माण एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु नित्य निरंतर क्रियाशील होकर कठिनाइयों को प्राप्त करके विजय की तरफ बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के जाने-माने कलाकार आशीष विद्यार्थी ने अपने विचार व्यक्त किया और उन विचारों ने नवागंतुक छात्रों के मन मस्तिष्क को उद्वेलित कर, भविष्य निर्माण के कर्तव्य पथ पर निष्ठा पूर्वक क्रियाशील रहने का जो मार्ग समझाया, निश्चित रूप से बहुत ही प्रभावशाली था। उनके विचार एवं उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न मानवीय जीवन के विभिन्न परिस्थितियों का इस तरीके से छात्रों के समक्ष विचारों के द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया। फ्रेशर पार्टी के मुख्य अतिथि रही भारतीय फिल्म जगत की डांसर एवं एक्ट्रेस प्रांजल दहिया ने अपनी बेहतरीन कलाकृतियों के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गायन और नृत्य कौशल ने इस संपूर्ण फ्रेशर पार्टी के अंदर चार चांद लगा दिए। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एक ऐसे अविस्मरणीय पल का साक्षी बना दिया जो शायद उनके जीवन पर्यंत उनकी स्मृतियों में हमेशा एक विशिष्ट स्थान रखेगा।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4 ग्रेटर नौएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. G-505, 5th Floor, Tower-G, Area-60.82 Sqm. "NRI Residency" Sector-Omega-II, Greater Noida जो कि Sh. Kamal Jeet Singh & Mrs. Raj Singh निवासी House No. 40, Embassy of France, 2/50E, Nyay Marg, Chanakya Puri, New Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-03.04.2018 को पंजीकृत है। Sh. Kamal Jeet Singh की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Raj Singh ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों Mrs. Raj Singh W/o Late Sh. Kamal Jeet Singh का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा सिटी 201308
गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0) फोन नं0-0120-2395151 फैक्स नं0-0120-2395150

**सार्वजनिक सचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भूखण्ड सं0-Q-088 in Kensington Park Plot Phase-02 at Jaypee Greens Wish Town Sector-131, Noida, Area-128 Sqm. जो कि स्व0 श्री सुभाष साहनी के नाम पर संयुक्त रूप से सबलीज्ड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/2 भाग को उनकी पत्नी श्रीमती ममता साहनी एवं पुत्री सुकन्या साहनी के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्व0 श्री सुभाष साहनी की मृत्यु उपरांत उक्त सम्पत्ति में उनके 1/2 भाग को उनकी पत्नी श्रीमती ममता साहनी एवं पुत्री सुकन्या साहनी के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः-0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

साक्षात्कार

# कला किसी की बपौती नहीं है

## छायाकार राजकिशन नैन से अशोक बैरागी की बातचीत

**एक जमाने में 'धर्मयुग', 'सारिका', 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'कादम्बिनी', 'रविवार' और 'मनोरमा' जैसी सुविख्यात पत्रिकाओं में राजकिशन नैन के सचित्र लेख और फोटो फीचर वर्षों तक निरंतर प्रकाशित हुए हैं। गाँव की भाषा, संस्कृति, रहन-सहन और कृषि संस्कृति की जड़े इनके भीतर में बहुत गहरे तक समाई हुई हैं। गाँव की नैसर्गिक संपदा से ओतप्रोत इनके अधिकांश चित्र लोग-बाग, पशु-पखेरू, बाग-बगीचों, खेत-खलिहान और पर्व-त्यौहार से जुड़े हैं। इनके खूबसूरत चित्र देखकर हर कोई आह्लाद से भर उठता है। प्रस्तुत है, उनकी फोटोग्राफी कला पर हुई बातचीत के संपादित अंश।**

■ अशोक बैरागी

■ **अशोक बैरागी- गाँव-देहात और उसकी संस्कृति से जुड़े अनगिनत चित्र आपने खींचे हैं। एक सुन्दर चित्र को आप कैसे परिभाषित करेंगे?**

**राजकिशन नैन** – प्रकृति की गोद में बसे गँवई-गाँव के मनभावन सौंदर्य में जो अपूर्व कशिश है, उसे लाख चाहकर भी कैमरे की परिधि में नहीं लाया जा सकता। गँवई चित्रों में जो अनुपम लयात्मकता है, उसे शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता। पर चूँकि बचपन से ही गाँव मेरे उपास्य रहे हैं, इसलिए मेरे चित्र वहीं की आँचलिक गरिमा को दर्शाते हैं। सुंदर चित्र को हमारे जीवन की तरह विराट और जीवंत होना चाहिए।

■ **अशोक बैरागी – आप गाँव से होकर भी कला के इस मुकाम तक कैसे पहुँचे?**

**राजकिशन नैन** – कला किसी की बपौती नहीं है। अपनी मेहनत और अभ्यास के बूते पर गाँव या शहर का कोई भी व्यक्ति कला के काम में पारंगत हो सकता है। छायांकन कला के प्रति गहन अभिरुचि, घुमक्कड़ी का चाव और देहाती दुनिया का अद्भुत, अनखुला और अनचीह्ना आकर्षण मुझे यहाँ तक खींच लाया है।

■ **अशोक बैरागी – गाँव में शुरू-शुरू में आपने किन विषय के चित्रों पर हाथ आजमाया?**

**नैन साहब** – जहाँ तक मुझे याद पड़ता है कि अपना पहला चित्र मैंने गाँव की एक पनिहारी का खींचा था, जो हमारे गाँव के बूढ़े कुएँ के पारछे में खड़ी हुई डोल से पानी खींच रही थी। तदुपरांत मैंने एक ग्वाले का चित्र खींचा था, जो गाय का दूध दुहने के बाद बछड़े को उसकी माँ के थन चुँघा रहा था। उन्हीं दिनों मैंने हमारे गाँव के रौळी सरोवर में भैंस की पूँछ पकड़कर तैरते हुए कुछ बच्चों के चित्र भी खींचे थे।

■ **अशोक बैरागी – आपने जीवन में पहली बार कैमरा कब पकड़ा? वह कौन-सा कैमरा था?**

**नैन साहब** – सन् 1971 के जून माह में मैंने कैमरा पकड़ा। तब मैंने शिमला स्थित तारादेवी नामक जगह को बेस बनाकर पहाड़ी परिवेश के चित्र खींचे थे। कैमरा क्लिकथर्ड था

■ **अशोक बैरागी – सुंदर चित्र खींचने के लिए किस तरह के कौशल की जरूरत पड़ती है?**

**नैन साहब** – सच बात तो यह है कि अच्छे चित्र के लिए प्रकाश और छाया के अंतर को समझने और उनके अनुरूप खास अवसरों को पकड़ने का सतत अभ्यास करना पड़ता है। विद्या और हुनर की तरह फोटोकारी की कला भी संयोग, लगन और धैर्य से हमारे जेहन में आती है। जबकि जल्दबाजी से बना बनाया काम बिगड़ता है।

■ **अशोक बैरागी – आपने छायांकन के लिए गाँव को ही क्यों चुना? जबकि चित्रों से जुड़ी बहुत सारी बढ़िया चीजें तो नगरों और शहरों में भी खूब मिलती हैं?**

**नैन साहब** – मैं बड़भागी हूँ कि मेरे जैसे गँवई व्यक्ति को सर्वोच्च सत्ता ने देहाती दुनिया की फोटोग्राफी के लिए चुना। जहाँ तक तुम्हारे सवाल की बात है, आँखें खोलने के बाद मैं गाँव की बेपनाह खूबसूरती, पुरखों के पारंपरिक और श्रमसिक्त संस्कारों की वजह से जिंदा हूँ। ग्रामधरा की सोहन संस्कृति के सुंदर चित्र उतारने की लालसा मुझमें बचपन से ही है। गाँव को बिसारकर मैं एक क्षण के लिए भी जीवित नहीं रह सकता।

■ **अशोक बैरागी – आपका खींचा हुआ पहला फोटो किस पत्रिका में छपा था और वह किसका चित्र था?**

**नैन साहब** – मेरा पहला फोटो दो वृद्धों का चित्र था, जो 'जूम फोटो% नामक अंग्रेजी पत्रिका में 15 जून, सन् 1981 में छपा था। इस पत्रिका का संपादन अपने जमाने की मशहूर शख्सियत सादिया देहलवी करती थी।

■ **अशोक बैरागी – आजकल डिजिटल और मिरर लैस कैमरों का बोलबाला है। बाजार में उनके आने से फोटोग्राफी की विधा में क्या बदलाव आए हैं?**

**नैन साहब** – डिजिटल कैमरों के आने से तकनीक के बदलाव में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। वक्त के साथ कैमरे बदलते रहे हैं। सबसे पहले इंग्लैंड से कैमरे आए। इसके बाद कैमरे जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका से आयातित होने लगे। इस तरह एक के बाद एक बदलाव होते रहे। नयी तकनीक और नए कैमरे फोटोग्राफी की विधा के लिए बेहद अनुकूल और उपयोगी हैं। इस विधि से फोटो का जटिल काम बहुत सहज और सुगम हो गया है। इस विज्ञान के आने से एक सेकंड के हजारवें हिस्से में फोटों खींचकर दुनिया के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुँचायी जा सकती है। हमारे रोजमर्रा के कार्यों में इस प्रविधि का जो प्रसार हुआ है, वह स्वागत योग्य है।

■ **अशोक बैरागी – आपने तस्वीरें खींचते समय किस तरह के जोखिम उठाए हैं?**

**नैन साहब** – देखिए, सुंदर चित्रों के लालच में मुझे कई बार मौत तक के जोखिम उठाने पड़े हैं। फोटोग्राफी मेरी अस्मिता और मेरे अस्तित्व की सबसे बड़ी पूँजी है। सुंदर चित्रों की चाह में मुझे कदम-कदम पर विपरीत परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। डीग (भरतपुर) राजस्थान के किले की फोटोग्राफी करते हुए मैं साठ फुट गहरे कुएँ में जा गिरा था। एक बार फूलों की घाटी की ओर जाते हुए एक ग्लेशियर से फिसलकर मैं अलकनंदा नदी में डूबते-डूबते बचा था। सांपों, बिच्छुओं, कानखजूरों, कछुओं, मधुमक्खियों, भिरड़ों और तत्तियों आदि से भी मेरा सामना होता रहता है। बाहरी प्रदेशों में काम करते समय कई ऐसे डरावने हादसों से गुजरना पड़ा है, जिन्हें याद करके आज भी शरीर में सिहरन दौड़ जाती है। मेरी दिली इच्छा है कि इस संसार से जाते समय मेरे हाथ में कैमरा हो तथा घर से दूर कहीं चित्र खींचते हुए मौत एकाएक मुझे अपने आगोश में ले ले।

■ **अशोक बैरागी – कला का काम करने की एवज में जो सम्मान-पुरस्कार वगैरह मिलते हैं, उनके बारे में आपकी क्या राय है?**

**नैन साहब** – किसी भी सम्मान की बनिस्पत मेरे काम की अहमियत ज्यादा है। पुरस्कारों की अपनी राजनीति है। मूल्यहीन राजनीति के इस दौर में सच्चे कलाकार को अपने काम की एवज में सम्मान की इच्छा रखना बेमानी है। कलाकारों से सम्मान के लिए फार्म भरवाने जैसी कागजी औपचारिकताएँ पूरी करवाना उनका और उनकी कला का गला घोटने के समान है। मेरा मानना है कि कला से जुड़े खास लोगों के काम को भावी पीढ़ियों के लिए संग्रहित, संरक्षित और प्रदर्शित करके भी उनका कद बढ़ाया जा सकता है।

■ **अशोक बैरागी – आजकल अखबारों और पत्रिकाओं में कलात्मक चित्रों के लिए कितनी गुंजाइश है?**

**नैन साहब** – पहले तमाम अखबारों में चित्रों के लिए भरपूर जगह रहती थी लेकिन अब अखबारों में वैसे चित्र नहीं छपते। चित्रों को अधिकाधिक स्थान देने वाली तमाम पत्रिकाएँ कभी की बंद हो गई। मोबाइल में कैमरे आने के बाद कला छायांकन का काम संकट में पड़ गया है। मोबाइल फोटोग्राफी के अनियंत्रित विस्तार ने उत्कृष्ट एवं कलात्मक छायांकन को एक बारगी ही हाशिये पर धकेल दिया है। अब कला मिशन न होकर व्यवसाय बन गई है किंतु मेरी दृष्टि में कला व्यवसाय की वस्तु नहीं है। दरअसल यह हमारी सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आत्मिक सुख के लिए है।

एकांकी

## पनीर लेते आना

■ डॉ. रीना सिंह

पति- हेलो।
पत्नि- हेलो, हां बोलो।
पति- कहां हो ?
पत्नि- कहां रहूंगी इस वक्त, घर पर ही हूं। बोलो क्यों फोन किया?
पति- श्यामनाथ फूफा का फोन आया था।
पत्नि- कौन श्यामनाथ फूफा?
पति- वहीं जिनका बेटा अमेरिका में इंजीनियर है।
पत्नि- हां तो क्या बोले?
पति- बोले किसी काम से मुंबई आ रहे हैं। हमारे यहां तीन-चार दिन रुकेंगे।
पत्नि- क्या? हेलो, हेलो, हेलो..
पति- हेलो, हां आवाज नहीं आ रही क्या?
पत्नि- हेलो, हेलो, हेलो..
पति- मुझे आ रही है तुम्हारी आवाज। फूफा आ रहे हैं सुनाई दिया। उनका खाना बना देना।
पत्नि- हेलो, हेलो।( फोन कट )
पति- अरे कट हो गया! फिर लगाता हूं।
पति- हेलो, हेलो, हेलो
पत्नि- हेलो, हेलो।( फोन कट )
(शाम को सात बजे पति फूफा के साथ लिफ्ट में आते हुए)
पति- ट्रेन लेट हो गई थी?
फूफा- हां एक स्टेशन पर डेढ़ घंटा रुक गई।
पति- कोई बात नहीं। आप आराम से यहां रुकिए। अच्छा लगता है। नहीं तो कितने सालों तक मुलाकात ही नहीं होती।
फूफा- हां आजकल सभी की व्यस्तताएं बढ़ गई हैं।
(पति दरवाजे की घंटी बजाता है। 16 वर्षीय लड़का सोहम दरवाजा खोलता है।)
पति- फूफा जी के पैर छुओ।
सोहम- प्रणाम फूफा जी।
फूफा- खुश रहो।
पति- मां कहां है?
सोहम- उनकी तबीयत ठीक नहीं है। सोई हैं।
पति- फूफा जी आप बैठिए मैं देखता हूं।
फूफा- बेटा रहने दो, बहू को आराम करने दो।
(पति बेडरूम से वापस लौटता है।)
पति- सोहम बाजार से खाना मंगा देना, पर्स में पैसे हैं ले लेना।
सोहम- जी पापा।
(दूसरे दिन सुबह आठ बजे)
फूफा- बेटा मैं निकलता हूं। आज ही अचानक से बुला लिया है मैनेजर ने। उनसे मिलकर आ जाऊंगा।
पति- ठीक है फूफा, मैं इंतजार करूंगा, प्रणाम।
( श्यामनाथ लौटकर नहीं आते। दो हफ्ते बादҘ.)
पति- हेलो।
पत्नि- हेलो, बोलो।
पति- कहां हो?
पत्नि- कहां रहूंगी इस वक्त, घर पर ही हूं ।
पति- तुम्हारे दिल्ली वाले भैया का फोन आया था, आज शाम को आ रहे हैं।
पत्नि- सच! सुनो थोड़ा जल्दी आ जाना और आते समय एक किलो काजू कतरी और आधा किलो पनीर लेते आना।

ग़ज़ल

## मैं ख्याल हूँ किसी और का मुझे सोचता कोई और है

■ सलीम कौसर

मैं ख़याल हूँ किसी और का मुझे सोचता कोई और है
सर-ए-आईना मिरा अक्स है पस-ए-आईना कोई और है

मैं किसी के दस्त-ए-तलब में हूँ तो किसी के हर्फ़-ए-दुआ में हूँ
मैं नसीब हूँ किसी और का मुझे माँगता कोई और है

अजब एतिबार ओ बे-एतिबारी के दरमियान है ज़िंदगी
मैं क़रीब हूँ किसी और के मुझे जानता कोई और है

मिरी रौशनी तिरे ख़द्द-ओ-ख़ाल से मुख़्तलिफ़ तो नहीं मगर
तू क़रीब आ तुझे देख लूँ तू वही है या कोई और है

तुझे दुश्मनों की ख़बर न थी मुझे दोस्तों का पता नहीं
तिरी दास्ताँ कोई और थी मिरा वाक़िआ कोई और है

वही मुंसिफ़ों की रिवायतें वही फ़ैसलों की इबारतें
मिरा जुर्म तो कोई और था प मिरी सज़ा कोई और है

कभी लौट आएँ तो पूछना नहीं देखना उन्हें ग़ौर से
जिन्हें रास्ते में ख़बर हुई कि ये रास्ता कोई और है

जो मिरी रियाज़त-ए-नीम-शब को 'सलीम' सुब्ह न मिल सकी
तो फिर इस के मअनी तो ये हुए कि यहाँ ख़ुदा कोई और है



संदर्भ : 21 अगस्त, अफ़साना निगार इस्मत चुग़ताई का जन्मदिवस

# एक आज़ाद ख्याल अफ़साना निगार

■ ज़ाहिद ख़ान

समूचे भारतीय उपमहाद्वीप में इस्मत चुग़ताई का नाम किसी तआरुफ़ का मोहताज नहीं। वे जितनी हिंदोस्तान में मशहूर हैं, उतनी ही पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी। उनके चाहने वाले यहां भी हैं और वहां भी। आज भी उर्दू और हिंदी दोनों ही ज़बानों में उनके पाए की कोई दूसरी कथाकार नहीं मिलती। इस्मत चुग़ताई ने उस दौर में स्त्री-पुरुष समानता और इन दोनों के बीच ग़ैर बराबरी पर बात की, जब इन सब बातों पर सोचना और लिखना भी मुश्किल था। अपने ही घर में मज़हब, मर्यादा, झूठी इज़्ज़त के नाम पर ग़ुलाम बना ली गई, औरत की आज़ादी पर उन्होंने सख़्ती से क़लम चलाई। उन्होंने उन मसलों पर भी क़लम चलाई, जिन्हें दीगर साहित्यकार छूने से भी डरते और कतराते थे। इस्मत चुग़ताई के लेखन में धर्मनिरपेक्षता और आधुनिकता का हमेशा ज़ोर रहा। अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता, साम्प्रदायिकता, सामंती प्रवृतियों, वर्गभेद और जातिभेद का उन्होंने ज़मकर विरोध किया।

इस्मत चुग़ताई का दौर, वह ज़माना था जब उर्दू अदब में सआदत हसन मंटो, कृश्न चंदर, राजिंदर सिंह बेदी, ख़्वाजा अहमद अब्बास जैसे चमकदार लेखक अपनी लेखनी से हंगामा बरपाए हुए थे। इन सबके बीच अपनी जगह बनाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन इस्मत चुग़ताई ने न सिर्फ़ इस चुनौती को स्वीकार किया, बल्कि अपनी एक अलग पहचान भी बनाई। उनकी सोच अपने समय से काफ़ी आगे थी। लिहाफ़' वह कहानी है, जिसने इस्मत चुग़ताई को एक साथ शोहरत दी, तो बदनामी भी। महिलाओं के बीच समलैंगिकता के बोल्ड मुद्दे पर लिखी गई यह हंगामेदार कहानी, उस दौर की मशहूर पत्रिका 'अदबे लतीफ़' में शाया हुई। उसी वक़्त इस्मत चुग़ताई का एक अफ़साने का मजमूआ आ रहा था, तो यह कहानी किताब में भी छप गई। परंपरावादी मुस्लिम समाज इस कहानी को पढ़कर भड़क उठा। कुछ आलोचकों और शुरफ़ा (शरीफ़ों) ने बरतानिया हुकूमत का तवज्जोह इस कहानी की तरफ़ कराया और सरकार से मांग की, ''कहानी नैतिकता के ख़िलाफ़ है, लिहाज़ा सरकार इस कहानी को ज़ब्त कर ले।'' बहरहाल, कहानी के ख़िलाफ़ अख़बारों—मैगज़ीनों में मज़मून निकले और अदबी और ग़ैर अदबी महफ़िलों में इस पर गर्मा—गर्म बहसें होतीं। इस अफ़साने की मुख़ालफ़त में पत्रिका के एडिटर और ख़ुद उनके पास इतने ख़त आए कि एक वक़्त, तो वे और उनके पति शाहिद लतीफ़ परेशान हो गए।



फ़हाशी (अश्लीलता) के इल्ज़ाम में मंटो और इस्मत चुग़ताई दोनों पर अदालत में मुक़दमे चले। यहां तक कि उन दोनों की गिरफ़्तारी भी हुई। लाहौर की अदालत में जब इनके मामले की सुनवाई होती थी, तो इन दोनों को देखने के लिए कॉलेजों के तालिब—ए-इल्म टोलियां बांध-बांधकर आते थे। बहरहाल यह मुक़दमा, अदालत में नहीं टिक सका। मंटो और इस्मत चुग़ताई इस मुक़दमे से बाइज़्ज़त बरी हो गए। कहानी 'लिहाफ़' के बारे में ख़ुद इस्मत चुग़ताई क्या सोचती थीं, पाठकों के लिए यह जानना भी बड़ा दिलचस्प होगा। जब इस कहानी के बारे में उर्दू के एक अदीब एम. असलम, जो कई किताबों के लेखक थे, से उनकी बहस हुई, तो चुग़ताई ने उन्हें यह कहकर लाजवाब कर दिया,''मुझे कभी किसी ने नहीं बताया कि 'लिहाफ़' वाले मौज़ू पर लिखना गुनाह है। न मैंने किसी किताब में पढ़ा कि इस मर्ज़ या लत के बारे में नहीं लिखना चाहिए। शायद मेरा दिमाग़ अब्दुर्रहमान चुगताई का ब्रश नहीं, एक सस्ता सा कैमरा है, जो कुछ देखता है, खट से बटन दब जाता है और मेरा क़लम मेरे हाथ में बेबस होता है। मेरा दिमाग़ उसे बरगला देता है। दिमाग़ और क़लम के क़िस्से में दख़लअंदाज़ नहीं हो पाती।'' (इस्मत चुग़ताई- किताब %काग़ज़ी है पैरहन%, पेज-32-33)

कहानी 'लिहाफ़' के बाद इस्मत चुग़ताई ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। पत्रिकाओं में उनकी कहानियों की मांग बढ़ने लगी। पाठक उनकी कहानियों का इंतज़ार करते। जब-जब भी उनकी कहानियों पर एतराज़ उठते, कहानियों की मांग और भी बढ़ जाती। 'लिहाफ़' के प्रकाशन के बाद उनके आलोचकों ने तो उन्हें फ़ुहश—निगार (अश्लील लेखक) का तमग़ा दे दिया। उनके बारे में यह बातें फैलाई जाती कि वे जिंसियात पर ही लिखतीं हैं। लेकिन इस्मत चुग़ताई ने इन आलोचना की बिल्कुल परवाह न की। उन्होंने वही लिखा, जो अपने समाज में देखा। सच को सच और ग़लत को ग़लत कहने की हिम्मत इस्मत चुगताई के अंदर थी। वे यर्थाथवादी थीं।

कहानी 'चौथी का जोड़ा' और 'मुग़ल बच्चा' उनकी बेमिसाल कहानियां हैं। इस्मत चुग़ताई, औरतों को हर तरह की आज़ादी के हक़ में थीं। औरतों पर समाजी, मज़हबी बंदिशों की उन्होंने हमेशा मुख़ालफ़त की। इस्मत चुगताई ने अपनी कहानियों में औरत की आर्थिक गुलामी और मजबूरी पर हमेशा क़लम चलाई। उनका सोचना था,''एक लड़की अगर अपने वारिसों का सिर्फ़ इसलिए हुक्म मानती है कि आर्थिक तौर पर मजबूर है, तो फ़रमांबरदार नहीं, धोखेबाज़ ज़रूर हो सकती है। एक बीवी शौहर से सिर्फ़ इसलिए चिपकी रहती है कि रोटी-कपड़े का सहारा है, तो वह तवायफ़ से कम मजबूर नहीं। ऐसी मजबूर औरत की कोख से मजबूर और महकूम-ज़ेहनियत इंसान ही जन्म ले सकेंगे। हमेशा दूसरी तरक़्क़ीयाफ़्ता क़ौमों के रहमो-करम पर इक्तिफ़ा करेंगे। जब तक हमारे मुल्क की औरत मजबूर, लाचार, ज़ुल्म सहती रहेगी, हम इक़्तिसादी और सियासी मैदान में एहसास—ए-कमतरी का शिकार बने रहेंगे।''(इस्मत चुग़ताई- किताब 'काग़ज़ी है पैरहन',पेज-15)

इस्मत चुग़ताई को वतन की गंगा-जमुनी तहज़ीब से बेहद प्यार था। वतन की सांझा संस्कृति में वे अपनी भी हिस्सेदारी की बात करती थीं, ''मैं मुसलमान हूं, बुत—परस्ती शिर्क है। मगर देवमाला मेरे वतन का विरसा है। इसमें सदियों का कल्चर और फ़लसफ़ा समोया हुआ है। ईमान अलाहदा है, वतन की तहज़ीब अलाहदा है। इसमें मेरा बराबर का हिस्सा है। जैसे उसकी मिट्टी, धूप और पानी में मेरा हिस्सा है। मैं होली पर रंग खेलूं, दीवाली पर दिये जलाऊं, तो क्या मेरा ईमान मुतज़लज़ल हो जाएगा। मेरा यक़ीन और शऊर क्या इतना बोदा है, इतना अधूरा है कि रेज़ा-रेज़ा हो जाएगा।'' (इस्मत चुग़ताई-किताब 'काग़ज़ी है पैरहन',पेज-22)

इस्मत चुग़ताई ने 24 अक्टूबर, 1991 को इस दुनिया से विदाई ली। जाते-जाते भी वे दुनिया के सामने एक मिसाल छोड़ गईं। उनकी वसीयत के मुताबिक़ मुंबई के चंदनबाड़ी शमशान गृह में उन्हें अग्नि को समर्पित किया गया। एक मुस्लिम औरत का मरने के बाद, दफ़नाए जाने की बजाय हिंदू रीति रिवाजों से दाह संस्कार, सचमुच उनका एक आश्चर्यजनक और साहसिक फ़ैसला था। इस्मत चुग़ताई के इस फ़ैसले से उनके कुछ तरक़्क़ीपसंद साथी नाराज़ भी हुए। लेकिन चुग़ताई अलग मिट्टी की बनी हुई थीं, न तो वे अपने जीते जी कभी लीक पर चलीं और न ही मरने के बाद। इस्मत चुग़ताई की शानदार शख़्सियत के बारे में मंटो ने क्या ख़ूब कहा है, ''इस्मत पर बहुत कुछ कहा गया है और कहा जाता रहेगा। कोई उसे पसंद करेगा, कोई ना—पसंद। लेकिन लोगों की पसंदगी और ना—पसंदगी से ज़्यादा अहम चीज़ इस्मत की तख़्लीक़ी क़ुव्वत है। बुरी, भली, उरियां, मस्तूर जैसी भी है, क़ाइम रहनी चाहिए। अदब का कोई जुगराफ़िया नहीं। उसे नक़्शों और ख़ाकों की क़ैद से, जहां तक मुमकिन हो, बचाना चाहिए।'' (सआदत हसन मंटो-दस्तावेज-5, पेज 73)

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## चीन में अगले तीन दिनों में भारी बारिश होने के आसार

**बीजिंग,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के उत्तरपूर्वी प्रांत हेइलोंगजियांग और जिलिन में अगले तीन दिनों में भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, तिब्बत के कुछ हिस्सों के साथ-साथ सिचुआन, हुनान और शनाक्सी प्रांतों में भी अगले तीन में बारिश होने के अनुमान हैं। चीन के मध्य प्रांत हुबई के कुछ हिस्सों में अगले तीन दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने खराब मौसम को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### बुशरा बीबीने जताई आशंका

# इमरान को जेल में जहर दिया जा सकता है

**इस्लामाबाद,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए और कहा है कि उनके पति को अटोक जेल में जहर दिया जा सकता है।

पंजाब के गृह सचिव को लिखे पत्र में सुश्री बुशरा कहा कि अदालत ने संबंधित अधिकारियों को उनके पति को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा, मेरे पति को बिना किसी कारण के अटोक जेल में कैद कर दिया गया है। कानून के मुताबिक, मेरे पति को अदियाला जेल में स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अतीत में श्री खान की हत्या के दो प्रयास किए गए थे। इसमें शामिल आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।



### बुशरा बीबी ने पंजाब के गृह सचिव को लिखा पत्र

जेल मैनुअल पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा श्री खान को 48 घंटे के भीतर सभी सुविधाएं प्रदान की जानी थीं, लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें प्रदान नहीं किया गया है। जेल नियमों के मुताबिक उन्हें निजी डॉक्टर से मेडिकल जांच कराने का अधिकार है। उन्होंने पीटीआई प्रमुख को जेल मैनुअल के मुताबिक सुविधाएं मुहैया नहीं कराने के मामले की जांच की मांग की। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह की शुरुआत में यहां की अदालत ने श्री खान को 2018-22 के कार्यकाल के दौरान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से प्रधानमंत्री के रूप में प्राप्त राज्य उपहारों की बिक्री से संबंधित तोशाखाना मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके अलावा उन्हें पांच साल के लिए राजनीति से भी प्रतिबंधित कर दिया गया।

### जेल में बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएं

उन्होंने मांग की कि उनके पति ऑक्सफोर्ड स्नातक तथा राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान हैं। इसलिए उन्हें बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएं और अटोक जेल में ऐसी सुविधाएं नहीं मिलती, जिसके वह हकदार हैं।

### खान की हत्या के हो चुके हैं दो प्रयास

बुशरा ने आगे कहा कि अतीत में खान की हत्या के दो प्रयास किए गए थे और इसमें शामिल आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पत्र में कहा, उनकी (खान) जान अभी भी खतरे में है और डर है कि मेरे पति को अटक जेल में जहर दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री होने के नाते उनके पति को जेल में घर का बना खाना खाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# अमेरिका, द. कोरिया, जापान साझा खतरे की स्थिति में एक दूसरे से करेंगे बात

**वाहिंगटन,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया और चीन से पैदा हुई सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के लिए अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने अपनी साझेदारी को नए स्तर पर ले जाने का फैसला किया है। आम खतरे की स्थिति में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एक दूसरे से बात करने पर सहमत हुए। अमेरिका के मैरीलैंड में कैंप डेविड प्रेसिडेंशियल रिट्रीट में आयोजित एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान तीनों नेता इस समझौते पर पहुंचे। इसे जापान, कोरिया गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच परामर्श करने की प्रतिबद्धता कहा गया। यह तीन देशों के बीच पहली ऐसी साझेदारी है। बयान में कहा गया, हम, जापान, कोरिया गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेता, हमारी सरकारों को हमारे सामूहिक हितों को प्रभावित करने वाली क्षेत्रीय चुनौतियों, उकसावों और खतरों के प्रति हमारी प्रतिक्रियाओं को समन्वित करने के लिए एक-दूसरे के साथ त्रिपक्षीय परामर्श करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन परामर्शों के माध्यम से, हम जानकारी साझा करेंगे और जवाबी प्रतिक्रिया का समन्वय करेंगे। दस्तावेज़ में हालांकि खतरे या चुनौती के प्रकार के बारे में नहीं बताया गया है। लेकिन दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के एक अधिकारी ने व्यापार विवाद, उत्तर कोरियाई मिसाइल खतरा, समुद्र में गंभीर उकसावे, या अंदर या बाहर किसी भी खतरे जैसे उदाहरणों का हवाला दिया।



### तीन देशों के बीच है पहली ऐसी साझेदारी

## सुडोकू 6291

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | | 2 | 4 |
| | | | 1 | 4 | | | | |
| | | | | 9 | | | 5 | 7 |
| 7 | 3 | | | | | 4 | | 5 |
| 8 | | | | | | | | 3 |
| 5 | | 4 | | | | | 8 | 2 |
| 9 | 1 | | | 5 | | | | |
| | | | | 8 | 2 | | | |
| 4 | 7 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 20 अगस्त, 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष -आपका आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आज आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा।

वृषभ -आज आपको वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। आप की वाणी किसी को मोहित करेगी और वह आप के लिए लाभदायी रहेगा। नए संबंध बनेंगे, जो आगे आपके काम आएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने में रुचि बढ़ेगी।

मिथुन -आज आप ज्यादा इमोशनल ना हो और ना ही कोई नया रिश्ता बनाने की ओर अग्रसर हों। किसी बीमारी के कारण मन में चिंता रहेगी। ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है।

कर्क -आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

सिंह -विभिन्न योजनाओं से संबंधित विचारों की अधिकता से आप दुविधा में रहेंगे। हालांकि परिजनों के साथ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ संबंधों में दृढ़ता आएगी, जो आगे चलकर लाभदायी रहेगी।

कन्या -आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा।

तुला -क्रोध पर संयम रखें। संभव हो, तो वाद-विवाद से दूर रहें। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विशेषकर आंखों का ध्यान रखें। दुर्घटना की भी आशंका है।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए लाभकारी और शुभफलदायी है। सांसारिक सुख प्राप्त होगा। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह के योग हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी विशेष लाभ होगा। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे।

धनु -आज का दिन शुभफल देने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। पिता और बड़ों से लाभ होने की संभावना है।

मकर -आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। बौद्धिक काम और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे। आप अपनी सृजनशक्ति का भी परिचय देंगे।

कुंभ -नियम विरुद्ध कामों से आप दूर रहें। वाणी पर संयम बरतें। इससे पारिवारिक विवाद को आप टाल सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की जरुरत है।

मीन -आज मनोरंजन और आनंद-प्रमोद में आप डूबे रहेंगे। कलाकार, लेखक आदि को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। पार्टनरशिप के काम में आपको लाभ होगा। स्वजनों, मित्रों के साथ पर्यटन का आनंद ले सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अफगानिस्तान में 3,500 विकास परियोजनाएं लागू की गई

**काबुल,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में पिछले वर्ष देश भर में 3,575 विकास परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। एक स्थानीय टीवी ने अर्थव्यवस्था मंत्रालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। टोलो न्यूज के अनुसार एक अरब 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर की परियोजनाएं स्वास्थ्य, कृषि, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों से संबंधित है। अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने बताया कि इस वर्ष और अधिक विकास योजनाओं पर विचार किया जा रहा है। इन योजनाओं में कृषि सहित कई उद्योगों में सड़क, बांध और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है। पिछले वर्ष की तुलना में इस पर अधिक धन खर्च किया जाएगा और पारदर्शिता होगी। उल्लेखनीय है कि देश में नए बांधों और अन्य जल परियोजनाओं का निर्माण कार्य जारी है। ऊर्जा और जल मंत्रालय ने जल प्रबंधन की 411 परियोजनाओं को लागू करने के लिए तीन अरब सात करोड़ अफगानी मुद्रा आवंटित की है।


# भारत में बना जी-20 बैठकों का कीर्तिमान : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राजनयिक हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि भारत की अध्यक्षता में विकसित और विकासशील देशों के समूह जी20 अपनी अध्यक्षता में बैठकों के आयोजन का जो कीर्तिमान स्थापित हो रहा है उसकी बराबरी करना अन्य देशों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। एक टीवी समाचार चैनल द्वारा जी-20 शिखर बैठक को लेकर आयोजित दिन भर की परिचर्चाओं के एक सत्र में आवास और शहरी मामलों के मंत्री श्री पुरी ने कहा कि जी20 के आयोजन में 'जो कीर्तिमान भारत ने स्थापित किया है, इससे अन्य देशों के लिए चुनौती रहेगी. भारत ने जो आयोजन कराए हैं वैसा करने में अगले देशों को थोड़ी मुसीबत होने वाली है।' उल्लेखनीय है कि भारत ने 9-10 सितंबर को राजधानी में होने वाली जी20 शिखर बैठक से पहले विभिन्न विषयों पर 60 से अधिक बैठकें रखी गयीं। ये बैठकें जम्मू-कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक देश के विभिन्न भागों हुई हैं। व्यापार और निवेश पर एक मंत्रिस्तरीय बैठक अगले सप्ताह जयपुर में होने जा रही है। इससे पहले वहीं इस विषय पर जी20 कार्यसमूह की दो दिन की बैठक भी होगी। श्री पुरी ने बातचीत के दौरान अपने मंत्रालयों की उपलब्धियों के बारे में बात की। उनसे जब पूछा गया कि देश में पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम चुनाव के समय पर ही क्यों गिर जाते हैं तो उनका जवाब था कि इन चीजों के दाम अंतरराष्ट्रीय कीमतों, परिवहन और बीमा, परिशोधन की लागत, परिशोधनमार्जिन और करों की दरों से तय होते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे में अगर दुनियाभर में दाम बढ़ेंगे तो सरकार के पास कोई विकल्प नहीं बचता है। श्री पुरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम बढ़ने के बाद भी नंबवर 2021 में और मई 2022 में सरकार ने पेट्रोलियम पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी कम किया।



■ 'विभिन्न विषयों पर 60 से अधिक बैठकें रखी गई'

## वर्ग पहेली 6291




**बायें से दायें:-**

१. प्रवेश, साथ रहना, मिलना, एकत्र होना, शामिल होना
३. युद्धसंबंधी
५. अधिकतर
६. जो बुरी तरह टूट-फूट गया हो
७. पृथ्वी के नीचे का एक लो
९. तारने या उद्धार करने वाला, विष्णु, शिव
१०. अफ़वाह, जनश्रुति
१२. जो आसानी से मिल जाए, आसान
१३. देर, देरी
१४. उचित, उपयुक्त (उर्दू)
१६. समाधान, एक कृषि उपकरण
१८. जंगलों में पैदा होने वाला
२०. मजेदार
२१. चिढ़, घृणा (उर्दू)
२३. अपने जीवन में बीती घटनाओं का विस्तृत वृत्तांत

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ चलने वाला, साथी
२. जिसमें दर्द या पीड़ा की अनुभूति न हो
३. मामूली, जो विशेष न हो
४. उत्कोच
५. दूसरें के साथ किया जाने वाला व्यवहार
८. करीब-करीब
१०. सूचित करना, बताना
११. प्रतिद्वंद्वी (उर्दू)
१२. भोर, प्रभात
१३. वायुयान
१४. शुभ, भला, पवित्र (उर्दू)
१५. रेल का सिंग्नल
१७. सेना, फौज (उर्दू)
१८. वृद्धिकारक
१९. जन्म देने वाली
२२. सिंहासन (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6290



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# ब्रिटिश कोलंबिया में फैली जंगल की आग

### 15 हजार घरों को खाली करने का आदेश



**ओटावा,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में जंगल की आग से प्रभावित 15 हजार घरों को खाली करने का आदेश दिया गया है। बीबीसी की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने ब्रिटिश कोलंबिया में शुक्रवार दोपहर को चार हजार से बढ़ाकर 15 हजार घरों को खाली करने का आदेश दिया है जबकि 20 हजार घर अलर्ट पर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पूरे प्रांत में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, जहां सैकड़ों जगह आग लगी हुई हैं। 36 हजार की आबादी वाले शहर वेस्ट केलोना में 'बड़ी संख्या में' इमारतों में आग लग गई और 2,400 से अधिक घरों को खाली करा लिया गया। उन्होंने बताया कि विशाल क्षेत्र में लगी आग येलोनाइफ़ शहर की ओर बढ़ रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कनाडा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र की राजधानी शहर को खाली करने की आधिकारिक समय सीमा समाप्त हो गई है। वहां रहने वाले करीब सभी लोग कार या विमान से वहां से चले गए है। पर्यावरण और सामाजिक मंत्री शेन थॉम्पसन ने कहा कि शहर के 20 हजार में करीब 19 हजार लोगों ने घरों को खाली कर दिया हैं। श्री थॉम्पसन ने कहा, कुछ लोगों ने दूसरी जगह आश्रय लिया हैं।

## चीन ने ताइवान के आसपास शुरू किया सैन्य अभ्यास



**नानजिंग,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के पूर्वी थिएटर कमांड ने शनिवार को ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास शुरू किया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने कमांड के प्रवक्ता शि यी के हवाले से कहा, अभ्यास का उद्देश्य सैन्य जहाजों और हवाई जहाजों के समन्वय और हवाई व समुद्री स्थानों पर नियंत्रण हासिल करने की उनकी क्षमता को प्रशिक्षित करना है। शी ने कहा, सशस्त्र बलों की वास्तविक युद्ध स्थितियों में लड़ने की क्षमता का परीक्षण किया जाएगा। उ-?होंने यह भी कहा कि यह अभ्यास विदेशी तत्वों के साथ ताइवान के अलगाववादियों को एक चेतावनी भी है।

## आज का इतिहास

1828 – राजा राम मोहन राय के ब्रह्म समाज के पहले सत्र का आयोजन कलकत्ता (अब कोलकाता) में संपन्न हुआ।
1897 – रोनाल्ड रॉस ने कलकत्ता (अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की।
1921 – केरल के मालाबार क्षेत्र में मोपला विद्रोह की शुरुआत हुई। मोपला विद्रोह केरल के मालाबार क्षेत्र में शुरू हुआ।
1949 – यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को अंगीकार किया गया।
1955 – मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गए।
1972 – तत्कालीन सोवियत रुस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979 – तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिनो के अंदर ही इस्तीफा दिया।
1988 – पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का हवाई दुर्घटना में निधन एवं सीनेट के सभापति गुलाम इशहाक ख़ान राष्ट्रपति बने। भारत और नेपाल में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई।
1994 – सं.रा. अमेरिका द्वारा क्यूबा के शरणार्थियों को आश्रय देने की 28 वर्ष की पुरानी नीति को समाप्त करने की घोषणा।
1998 – लिएंडर पेस ने पीट सम्प्रास को हराकर पायलेट पेन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता जीता।
1991 – उत्तरी यूरोपीय देश इस्तोनिया ने तत्कालीन सोवियत रुस संघ से अलग होने की घोषणा की।
2001 – स्पेन में भारतीय चैम्पियन विश्वनाथन आनन्द ने स्पेन के अलेक्सेई शिरोव को शिकस्त देकर विलारोडेज शतरंज चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता।

**आयोजन** *कई देशों के विशेषज्ञ गुफाओं की सुरक्षा पर कर रहे हैं चर्चा*

# गुफा मंदिरों के संरक्षण पर पहला अंतरराष्ट्रीय मंच छोंगछिंग में आयोजित

**बीजिंग, 19 अगस्त (एजेंसियां)। गुफा मंदिरों के संरक्षण पर पहला अंतरराष्ट्रीय मंच 19 से 21 अगस्त तक दक्षिण-पश्चिमी चीन के छोंगछिंग शहर के ताजू क्षेत्र में आयोजित हो रहा है।**

**यह मंच जलवायु परिवर्तन की पृष्ठभूमि में गुफा मंदिरों के संरक्षण पर केंद्रित है। नेपाल, पाकिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान, इटली, ब्रिटेन आदि देशों के विशेषज्ञ चीनी विद्वानों के साथ गुफाओं की सुरक्षा की अवधारणा और प्रौद्योगिकी, और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिये गुफा मंदिरों के कार्यों पर चर्चा कर रहे हैं।**

गौरतलब है कि गुफा मंदिर खड़ी चट्टानों पर खोदी गई गुफा के आकार की बौद्ध इमारतों को संदर्भित करते हैं। वे बौद्ध वास्तुकला के शुरुआती रूपों में से एक हैं और भारत में उनकी शुरुआत हुई थी। सबसे पहले, यह भिक्षुओं के लिए दुनिया से छिपने के लिए बौद्ध गतिविधियों का अभ्यास करने या आयोजित करने के लिए पहाड़ों में खुदाई करने का स्थान था, और फिर इसे बौद्ध धर्म के साथ चीन में प्रसार-प्रचार किया गया था। चीन की चार प्रमुख गुफ़ाए हैंकानसू प्रांत में स्थित डुनहुआंग मोगाओ गुफ़ा, हनान प्रांत के लोयांग शहर में स्थित लुंगमन गुफ़ा, शांक्सी के ताथोंग शहर में स्थित यूनकांग गुफ़ा, और कानसू प्रांत में स्थित मैजिशान गुफ़ा। अधिकांश दक्षिणी गुफाएं दक्षिण-पश्चिम चीन के सछवान और छोंगछिंग क्षेत्र में स्थित हैं, जिनमें से दाजू रॉक नक्काशी सबसे प्रसिद्ध हैं, जो विश्व विरासत सूची में शामिल है।



## तिब्बत के आली प्रिफेक्चर में आयोजित होगा पर्यटन महोत्सव

**बीजिंग।** तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के आली प्रिफेक्चर का लंबा इतिहास और रंगबिरंगी संस्कृति है। यहां कई राष्ट्रीय गैर-भौतिक सांस्कृतिक विरासतें हैं। आली क्षेत्र तिब्बत में प्रारंभिक श्यांगश्योंग सभ्यता का जन्मस्थान है, और इसमें कई विश्व स्तरीय पर्यटन संसाधन हैं। पवित्र कैलाश पर्वत और पवित्र मानसरोवर झील जैसे प्राकृतिक परिदृश्यों के अलावा कुके राजवंश के खंडहर जैसे सांस्कृतिक परिदृश्य भी हैं। इनके अलावा, आली क्षेत्र में तिब्बती वास्तुशिल्प कला, गीत-नृत्य, पेंटिंग, भित्ति चित्र, वेशभूषा, लोक रीति-रिवाज आदि संस्कृतियां भी आकर्षक हैं। 21 से 27 अगस्त तक, 8वां श्यांगश्योंग संस्कृति और पर्यटन महोत्सव आली प्रिफेक्चर में आयोजित होगा।

## दुनिया को जानें

# कैंसर रोगियों में ब्लड क्लोटिंग का खतरा बढ़ाता है कोविड

**न्यूयॉर्क,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार, कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती कैंसर रोगियों और कैंसर रोधी दवाएं लेने वालों में शिराओं से संबंधित थ्रोम्बोएम्बोलिज्म (वीटीई) विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है - जो नसों में संभावित रूप से गंभीर खून के थक्के बना सकते हैं। जेएएमए ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि सिस्टमिक एंटी-कैंसर उपचार लेने वालों में वीटीई का जोखिम यह उपचार नहीं लेने वालों की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक था। कैलिफोर्निया, सिनसिनाटी, टेक्सास विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने कहा, हालांकि, दवाएं धमनी से संबंधित थ्रोम्बोम्बोलिज्म के उच्च जोखिम से जुड़ी नहीं थीं। उन्होंने पेपर में लिखा, ये निष्कर्ष कैंसर के रोगियों में कोविड-19 संबंधित थ्रोम्बोएम्बोलिज्म से जुड़ी रुग्णता और मृत्यु दर को रोकने के लिए करीबी निगरानी और शायद व्यक्तिगत थ्रोम्बोप्रोफिलैक्सिस की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। अध्ययन के लिए, पूरे अमेरिका की टीम ने दुनिया भर के 4,988 कैंसर रोगियों के डेटा का विश्लेषण किया, जिनमें मार्च 2020 से दिसंबर 2021 तक कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई थी।

# प्रादेशिकी

## मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए आप्रेशन 'ओपीएस सील' शुरू

**चंडीगढ़।** पंजाब को अपराध और नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए, पंजाब पुलिस ने शनिवार को एक विशेष अभियान 'ओपीएस सील-III' चलाया, जिसका उद्देश्य सीमावर्ती राज्य में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की जांच करना है। इस अभियान दौरान पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी, शराब तस्करी और गैंगस्टरों और असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखी जाएगी। यह ऑपरेशन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देश पर चार पड़ोसी राज्यों- हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर-और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुलिस बलों के साथ संयुक्त रूप से सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक समकालिक तरीके से चलाया गया।

## राष्ट्रीय आपदा घोषित करे केंद्र सरकार : शांडिल

**शिमला,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ धनीराम शांडिल ने शनिवार को समरहिल के शिव बावड़ी में हुए भारी भूस्खलन क्षेत्र का दौरा किया। डा. शांडिल ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश एवं आपदा से काफ़ी नुकसान हुआ है और इसके दृष्टिगत केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना अति आवश्यक है।

डॉ शांडिल ने कहा कि शिव बावड़ी में हुए भूस्खलन से अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही दुखद



एवं दर्दनाक हादसा था। इस अवसर पर उन्होंने घटनास्थल पर एनडीआरएफ, आर्मी, एसडीआरएफ, पुलिस एवं स्थानीय स्वयं सेवकों से भी मिले।

उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में इन लोगों के द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत सरहनीय है। उन्होंने कहा कि इन आपदाओं को ध्यान में रखते हुए हम सभी को आगमी भविष्य मे पर्यावरण की रक्षा करते हुए निर्माण कार्य करने चाहिए ताकि ऐसे दर्दनाक हादसे आगामी भविष्य में देखने को ने मिले। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसडीआरएफ इल्मा अफरोज, उपमंडल दण्डाधिकारी भानु गुप्ता सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### पीडब्ल्यूडी में 26 सौ करोड़ का नुकसान, 600 सड़कें बंदः सिंह

हिमाचल प्रदेश में बरसात में भारी नुकसान हुआ है। खासकर लोक निर्माण विभाग को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग को अब तक 26 करोड़ का नुकसान हो चुका है, जिसमें 600 सड़के अभी भी बंद है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सचिवालय में पत्रकार वार्ता कर कहा कि प्रदेश में बारिश से इस बार भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री लगातार प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और लोगों को राहत देने का कार्य कर रहे हैं। केंद्र सरकार से जो हिमाचल को मदद मिलनी चाहिए थी, उस तरह की मदद नहीं मिल रही है। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा जारी 2643 करोड़ जारी करने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग के प्रयासों से प्रदेश को इस आपदा के समय ये बड़ी सौगात मिली है।

### हिमाचल के मलबे से छठे दिन निकाला प्रोफेसर के बेटे का शव

हिमाचल की राजधानी शिमला के समरहिल कस्बे में भूस्खलन से ध्वस्त हुए शिव ावड़ी मंदिर में लापता लोगों को निकालने का कार्य शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व होमगार्ड की टीमों के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान मलबे में एक और शव बरामद किया। मृतक की शिनाख्त ईश शर्मा (28) पुत्र पीएल शर्मा के रूप में हुई है। मृतक के पिता हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे। उनके पिता व माता की भी हादसे में मौत हुई है। इन दोनों के शव पहले ही बरामद कर लिए गए हैं। यह परिवार मूल रूप से बिलासपुर जिला का रहने वाला था। हादसे वाले दिन ये तीनों शिव बावड़ी मंदिर में जलाभिषेक करने आये थे कि भूस्खलन ने पूरे मंदिर को ध्वस्त कर दिया। इस हादसे में अब तक मंदिर के पुजारी सहित 17 शव बरामद हुए हैं, जबकि एक शव की शिनाख्त नहीं हुई है।

### हिमाचल आपदा राहत में 15 करोड़ रुपए का अंशदान

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को यहां बताया कि राजस्थान सरकार ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन से आई आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार को 15 करोड़ रुपये की सहायता राशि आपदा राहत कोष के लिए प्रदान की है। श्री सुक्खू ने सहायता राशि प्रदान करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता राशि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में कारगर साबित होगी। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम जनता से इस कोष में उदारतापूर्वक अंशदान का आग्रह किया है ताकि प्रभावितों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान की जा सके।

## हरियाणा में 16 आईएएस, 28 एचसीएस अधिकारियों के तबादले

**चंडीगढ़,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 16 और हरियाणा (एचसीएस) के 28 अधिकारियों के तत्काल प्रभाव से तबादले के शनिवार को आदेश जारी किये। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आईएएस संजय जून को प्रबंध निदेशक हरियाणा राज्य सहकारी फेडरेशन शुगर मिल एवं महानिदेशक सैनिक, अर्धसैनिक कल्याण विभाग, श्रीमती ए. मोना श्रीनिवास को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा फरीदाबाद निगमायुक्त, श्री रिपुदमन सिंह ढिल्लों को निदेशक प्राइमरी शिक्षा एवं विशेष सचिव स्कूल शिक्षा के अलावा सचिव हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग का अतिरिक्त कार्यभार, अशोक कुमार गर्ग को मानेसर निगमायुक्त लगाया है। इसी तरह जितेन्द्र कुमार को जिला नगरायुक्त रोहतक एवं रोहतक निगमायुक्त, श्री महावीर कौशिक, विशेष सचिव हरियाणा गृह-1, को वर्तमान कार्यभार के अलावा विशेष सचिव हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय का अतिरिक्त कार्यभार, डा. प्रियंका सोनी को निदेशक मेडिकल एजुकेशन एवं रिसर्च और विशेष सचिव, श्री सुशील सारवान को उपायुक्त पंचकूला एवं मुख्य प्रशासक माता मनसा देवी श्राईन बोर्ड पंचकूला लगाया गया है। प्रवक्ता के अनुसार श्री मनोज कुमार-1 को यमुनानगर जिला उपायुक्त, श्रीमती मनदीप कौर को चरखी दादरी जिला उपायुक्त, मनोज कुमार-दो को सोनीपत जिला उपायुक्त, राहुल हूडा को रेवाड़ी जिला उपायुक्त, मोहम्मद इमरान रजा को जींद जिला उपायुक्त, प्रशांत पंवार को फरीदाबाद जिला उपायुक्त, प्रीति को प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण रोहतक और अतिरिक्त निदेशक शहरी सम्पदा रोहतक, साहिल गुप्ता को अतिरिक्त उपायुक्त कम नागरिक संसाधन एवं सूचना अधिकारी पलवल तथा जिला नगर आयुक्त पलवल, वीना हूडा को रिक्त स्थान पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रेवाड़ी और सीईओ डीआडीए बनाया गया है।

एचसीएस अधिकारी वर्षा खांगवाल को रिक्त स्थान पर अतिरिक्त प्रबंध निदेशक हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम, वीरेन्द्र सिंह सहरावत को सिरसा जिला नगरायुक्त, सतबीर सिंह को अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नागरिक संसाधन एवं सूचना अधिकारी पानीपत, अनुराग ढालिया को सीईओ जिला परिषद एवं डीआरडीए भिवानी, योगेश मेहता को सचिव राज्य चुनाव आयोग, निशु सिंघल को अतिरिक्त आयुक्त परिवहन (सड़क एवं सुरक्षा), अश्वनी मलिक को सीईओ जिला परिषद एवं डीआरडीए कैथल, अजय चोपड़ा को सीईओ जिला परिषद एवं डीआरडीए फतेहाबाद, वीरेंद्र चौधरी को संयुक्त सचिव हरियाणा मत्स्य विभाग, निर्मल नागर को सब डिविजनल ऑफिसर (सिविल) सोनीपत, डा. किरण सिंह को सीईओ जिला परिषद एवं डीआरडीए जींद, पंकज कुमार को कुरूक्षेत्र जिला नगरायुक्त, सत्यवान सिंह मान को रिक्त स्थान पर सम्पदा अधिकारी एचएसवीपी और भूमि अधिग्रहण अधिकारी पानीपत, विजय सिंह को संयुक्त आयुक्त नगर निगम रोहतक को जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। प्रवक्ता ने बताया कि एचसीएस अधिकारियों में डा. इंद्र जीत को रिक्त स्थान पर संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त, अनुपमा मलिक को सम्पदा अधिकारी एचएसवीपी अम्बाला, मनीष कुमार फोगाट को सब डिविजनल ऑफिसर (सिविल) सफीदों, बेलिना संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी को जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी गुरुग्राम का अतिरिक्त कार्यभार, कवंर सिंह को संयुक्त निदेशक (प्रशासन) शहरी स्थानीय निकाय, अनिल कुमार यादव को सब डिविजनल ऑफिसर (सिविल) बादली, राकेश संधु को सचिव हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड पंचकूला, विशाल को सब डिविजनल ऑफिसर (सिविल) बहादुरगढ़, कुलभूषण बंसल को रिक्त स्थान पर सीईओ जिला परिषद एवं डीआडीए सिरसा, मनोज कुमार-दो को सीईओ जिला परिषद, सीईओ डीआरडीए तथा जिला नगर आयुक्त महेंद्रगढ़, कृष्ण कुमार को सब डिविजनल ऑफिसर (सिविल) गुहला, ज्योति को सचिव हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी, नीरज शर्मा को संयुक्त निदेशक (प्रशासन) सेकंडरी एजुकेशन एवं उपसचिव स्कूल एजुकेशन विभाग है।

## सार संक्षेप

### जेपी नड्डा भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे दौरा, पीड़ित परिवारों से मिलेगें

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा रविवार को भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण हिमाचल प्रदेश में हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के लिए प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने शनिवार को यहां दी। उन्होंने कहा कि वह इस प्राकृतिक त्रासदी में दिवंगत लोगों के परिवारजनों के साथ मुलाक़ात भी करेंगे। वह समरहिल, शिमला में भारी बारिश के कारण हुए ध्वस्त प्राचीन शिव मंदिर स्थल का अवलोकन करने भी जायेंगे और शिमला एवं बिलासपुर में स्थानीय प्रशासन के साथ राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यों पर चर्चा भी करेंगे। श्री बिंदल ने बताया की श्री नड्डा कल प्रातः 09:00 बजे पांवटा साहिब (सिरमौर) पहुंचेंगे।

### जलालाबाद के विकास को गति देने के लिए हर संभव उपाय किए जाएंगेः बलकार सिंह

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने शनिवार को कहा कि सरकार राज्य के निवासियों के लिए मूलभूत सेवाएं प्रदान करने और स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का आकलन करने के लिए जलालाबाद के विधायक जगदीप कंबोज गोल्डी के साथ एक बैठक बुलाई। कैबिनेट मंत्री ने सुनिश्चित किया कि जलालाबाद के विकास को गति देने के लिए हर संभव उपाय किये जायेंगे। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री और विधायक के बीच जलालाबाद में बुनियादी ढांचे के विकास, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

### फरीदाबाद में तीन नशा तस्करों के मकान ध्वस्त

**पंचकूला।** नशा तस्करों की कमर तोड़ने के हरियाणा सरकार के अभियान के तहत फरीदाबाद जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुये राहुल कालोनी में तीन नशा तस्करों के मकान शनिवार को ध्वस्त कर दिये। पुलिस ने बताया कि ये मकान एसजीएस नगर की राहुल कालोनी में नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से तथा तस्करी से अर्जित कमाई से निर्मित किये गये थे। पुलिस उपाधीक्षक (अपराध) ने निगम को लिखित रूप में सरकारी जमीन पर बने इन अवैध मकानों के बारे में सूचित किया था। इसके पश्चात निगम ने वहां रह रहे आरोपियों सुधीर, संतोष और रणधीर को नोटिस दिया गया तथा बाद में जिला प्रशासन ने पुलिस प्रशासन की मदद से उक्त निर्माण गिरा दिये।

### सुडोकू 6291 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 8 |

## हिमाचल प्रदेश में आम लोगों के लिए खुला राजभवन : शुक्ल

**शिमला,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश राजभवन आज से आम जनता के लिए खोल दिया गया है। पहले दिन स्थानीय स्कूल के 60 बच्चों ने राजभवन का भ्रमण किया। उन्होंने इस धरोहर भवन का भ्रमण कर यहां संरक्षित समृद्ध संस्कृति का जायजा लिया और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर राजभवन के इतिहास पर आधारित एक लघु वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने राजभवन के दरबार हाल में बड़ी संख्या में लोगों और बच्चों के साथ यह वृतचित्र देखा। मीडिया से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि राजभवन एक ऐतिहासिक धरोहर है और इसे आम आदमी के लिए खोलने के निर्णय से यहां फिर से चहल-पहल कायम करने का प्रयास किया गया है ताकि हर आम व खास इस धरोहर एवं यहां की विरासत से प्रत्यक्ष रूप से रू-ब-रू हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही यह संभव हो पाया है और उन्हें विश्वास है कि उनके निर्णय से हर कोई सहमत होगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की पहल पर शिमला में राष्ट्रपति निवास आम जनता के लिए खोला गया है और इसी तर्ज पर राजभवन खोलने का भी निर्णय लिया गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि उन्हें राज्यपाल बनने के बाद ही पहली बार शिमला आने का अवसर प्राप्त हुआ है, हालांकि वे इसके ऐतिहासिक महत्व से पहले से ही भलीभांति परिचित रहे हैं। इसी तरह पर्यटक, दूसरे राज्यों से आने वाले अन्य लोग और स्थानीय जनता भी राजभवन के इतिहास से वाकिफ तो हैं, लेकिन प्रोटोकॉल के कारण वे इसे भीतर से निहार पाने एवं इसके अवलोकन से वंचित रह जाते थे।

## परनीत कौर ने पंजाब का नाम रोशन कियाः मान


**चंडीगढ़,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पेरिस में आयोजित तीरन्दाज़ी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय लड़कियों की टीम को



बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने एक बधाई संदेश में कहा कि यह बड़े गौरव की बात है कि इन लड़कियों ने इस विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विलक्षण उपलब्धि हासिल करते हुये भारतीय लड़कियों की टीम ने मेक्सिको को कम्पाउंड महिला टीम के फ़ाइनल में 234-233 के साथ हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला कम्पाउंड टीम ने विश्व कप में पहली बार स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचा है। श्री मान ने कहा कि यह भी बड़े सम्मान की बात है कि मानसा जिले के गाँव मंढाली की लड़की परनीत कौर तीन सदस्यीय टीम का अहम हिस्सा है। पटियाला के सुरिन्दर सिंह रंधावा भारतीय टीम के कोच हैं। उन्होंने देश का मान बढ़ाने के लिए समूची टीम की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बाहरी राज्यों में किलो के हिसाब से सेब नहीं खरीदा तो कोर्ट जाएगी सरकार : नेगी

**शिमला,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ आढ़तियों ने किलो के हिसाब से सेब खरीद करने पर हामी भरी है तथा कुछ आढ़ती किलो के हिसाब से सेब खरीद भी रहे हैं, लेकिन अगर बाहरी राज्यों में कानून लागू नहीं किया जाएगा तो प्रदेश सरकार कोर्ट का रुख करेगी। यह बात बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने शनिवार को यहां कही। उन्होंने कहा कि कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) एक्ट के तहत प्रदेश के साथ बाहरी राज्यों की मंडियों में भी वजन के हिसाब से सेब खरीद शुरू होनी चाहिए। चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ आढ़तियों ने किलो के हिसाब से सेब खरीद करने पर हामी भरी है



तथा कुछ आढ़ती किलो के हिसाब से सेब खरीद भी रहे हैं, लेकिन अगर बाहरी राज्यों में कानून लागू नहीं किया जाएगा तो प्रदेश सरकार कोर्ट का रुख करेगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की मंडियों में वजन के हिसाब से सेब की बिक्री को प्रभावी तौर पर शुरू कर दिया है। यह व्यवस्था लागू होने के बाद पहली बार बागवानों को किलो के हिसाब से सेब के रिकार्ड रेट मिल रहे हैं। गत 15 अगस्त के बाद भी बागवानों का सेब 150 रुपए किलो तक बिक रहा है। बागवानों के हित में सरकार ने किलो के हिसाब से सेब बिक्री की व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए उपमंडलाधिकारियों की कमेटियां गठित की हैं ताकि कानून का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। सीजन की शुरूआत में कुछ आढ़ती आनाकानी कर रहे थे लेकिन सरकार की सख्ती के बाद अब प्रदेश की हर मंडी में सेब किलो के हिसाब से ही बिक रहा है। आने वाले दिनों में भी गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सरकार कानूनी शिकंजा कसने से पीछे नहीं हटेगी।

## प्रशासन-ग्रामीणों के बीच वार्ता बेनतीजा, टंकी से नहीं उतरे युवक

**सिरसा,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की सरहद से सटे हरियाणा में जिला सिरसा के सबसे बड़े गांव जमाल के जलघर व नहरों में पर्याप्त पानी न पहुंचने से खफा होकर पिछले छह रोज से पानी की टंकी पर चढ़े युवक विकास व अशोक शनिवार को भी नीचे नहीं उतरे। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त पार्थ गुप्ता,एसडीएम राजेंद्र जांगड़ा, सिंचाई व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व आदोंलनरत्त ग्रामीणों की ग्यारह सदस्यीय कमेटी के बीच शनिवार को जमाल गांव में एक बैठक हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी मांगों का हल करने के लिए दस दिन का समय मांगा जिस पर कमेटी ने मनाही कर दी जिससे बैठक बेनतीजा रही। पेयजल और सिंचाई पानी की कमी को लेकर चल रहे धरने पर गांव की सैंकड़ाभर महिलाओं ने भी पहुंचकर समर्थन



दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैठक के उपरांत ग्यारह सदस्य कमेटी में शामिल जिला परिषद सदस्य नंदलाल बैनीवाल, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश डूडी, रामजीलाल सिहाग, देवीलाल खिचड़, विजय बैनीवाल, रणजीत श्योराण, जगदीश बांदर, काशीराम, बलवीर सिंह, खानू टेंट वाला और जगदीश चंद्र ने कहा की कुतियाना माइनर, जमाल माइनर और मंगाला खरीफ चैनल में पर्याप्त पानी नहीं आने के कारण उनकी फसलें खराब हो रही हैं,वहीं गांव में पीने के पानी की समस्या भंयकर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान होने पर ही प्रशासन से आगे बातचीत बढ़ाई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि अंतिम छोर पर पड़ने वाले गांव जमाल व कुतियाना की करीब 15 हजार एकड़ में खड़ी सावनी की फसल सिंचित जल के अभाव में सूखने के कगार पर है।

गांव के पूर्व सरपंच व जिला पार्षद नंदलाल बैनीवाल ने बताया कि उनका गांव लम्बे समय से पानी की किल्लत झेल रहा है। गांव में आने वाले हर नेता को इस समस्या से ग्रामीण अवगत करवाते रहते हैं मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही। कुताना माईनर,जमाल माईनर व घग्घर नदी से निकले नाले में पर्याप्त जल नहीं आ रहा जिससे उनकी फसलें सूख रही हैं।

सरकार आए रोज टेल तक पानी की बात करती है मगर पानी नहीं पहुंच रहा। हर वर्ष गर्मी के सीजन में पीने योग्य पानी मोल लेकर पीना पड़ता है। ट्रेक्टर वाले एक टेंकर पानी का छह सौ रूपए तक वसूल करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक व्यवस्थाओं से परेशान होकर गांव के युवक पानी की टंकी पर चढ़े हैं जिनकी तबीयत अब बिगडने लगी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की उनकी समस्या को लेकर संजीदा नहीं है,जब तक सिंचित व पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता उनका आदोंलन यथावत रहेगा।

## कैथल में प्रस्तावित 'सम्मान दिवस' रैली ऐतिहासिक होगी : अभय

**सिरसा,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आगामी 25 सितंबर को पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल जयंती पर राज्य स्तरीय 'सम्मान दिवस' रैली का आयोजन कैथल में आयोजित किया जाएगा। यह रैली भीड़ के लिहाज से अपनी पिछली तमाम रैलियों के भी रिकॉर्ड तोड़ देगी। उन्हें भरोसा है कि इस रैली में सिरसा की भागेदारी सर्वाधिक होगी। अभय चौटाला शनिवार को डबवाली रोड स्थित इनेलो जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस सम्मान दिवस रैली को लेकर प्रदेशवासियों में काफी उत्साह है और सिरसा से इस रैली में भागीदारी के लिए तीन हजार से अधिक वाहनों की संख्या होगी। इनेलो नेता ने कहा कि पूरे हरियाणा में इनेलो की चल रही परिवर्तन यात्रा निश्चित रूप से प्रदेशभर में परिवर्तन लाएगी। इस पदयात्रा से विपक्षी राजनीतिक दलों में बौखलाहट पाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर की सम्मान दिवस रैली सभी राजनीतिक दलों के वहम दूर करेगी। इनेलो नेता ने कहा कि वे परिवर्तन यात्रा के माध्यम से अभी तक प्रदेश के 72 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए लाखों लोगों से मिल चुके हैं और सरकार की बेकायदगियों से वाकिफ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार के हालात हैं, उन्हें देखते हुए कहा जा सकता है कि सिरसा संसदीय सीट भी इनेलो की झोली में जाएगी। उन्होंने कहा कि सिरसा की जनता चाहती है कि आगामी विधानसभा चुनावों में इनेलो सत्तासीन हो ताकि सही मायने में हरियाणा का विकास सुनिश्चित हो सके।

## विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रत्याशी को दिया जाएगा टिकट : गहलोत

**जयपुर,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीतने वाले प्रत्याशी को कांग्रेस का टिकट दिया जायेगा। श्री गहलोत ने शनिवार को यहां प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि टिकट देने का मापदंड चुनाव जीतने वाले को टिकट देना होगा। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज कार्यकर्ता एवं कमेटी के माधयम से पहुंच जाती है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सोच के अनुसार पंचायत समिति में प्रधान, सदस्य, पार्षद, महापौर आदि जो भी लोकप्रिय है वे दावेदारी कर सकते है और उनको अवसर मिलेगा। जिनकी संभावना है और लगता है कि अवसर दिया जाना चाहिए, उन्हें अवसर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो जिताऊ हैं उन्हें मौका मिलेगा। कर्नाटक में 90 साल के व्यक्ति ने चुनाव जीता है। उन्होंने कहा कि बैठक शानदार रही है और सब लोग मैदान में उतर चुके हैं तथा घर घर संदेश जा चुका है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली के नेता अगर चुनाव में राजस्थान आयेंगे तो उनसे जनता पूछेगी कि राज्य में जो फैसले होंगे, शिक्षा सहित अन्य जो भी फैसले होंगे, क्या वे दिल्ली से बैठकर करेंगे। उन्होंने कहा कि ये लोग यह नहीं बता सके है कि प्रदेश में चुनाव में इनका नेता कौन हैं। इससे तो यह इनकी चुनाव से पहले ही हार



जनता की आवाज कार्यकर्ता एवं कमेटी के माधयम से पहुंच जाती है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सोच के अनुसार पंचायत समिति में प्रधान, सदस्य, पार्षद, महापौर आदि जो भी लोकप्रिय है वे दावेदारी कर सकते है और उनको अवसर मिलेगा: अशोक गहलोत

मानने वाली स्थिति बन गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुशासन हुआ है और राज्य सरकार की एक से बढ़कर एक अनेक जनहित की योजनाओं के कारण राजस्थान अन्य राज्यों को दिशा दिखा रहा है। चाहे पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) स्वास्थ्य का अधिकार, शहरी रोजगार योजना, सोशल सेक्युरिटी सहित इन सब मामलों के अंदर राजस्थान सरकार ने जो काम किया है, वह राजस्थान के बाहर चर्चा का विषय बना हुआ है, यह बहुत बड़ी विजय है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में उतरने जा रहे है और अवश्य ही भारी मतों से विजय होगी। उन्होने कहा कि जनता माई बाप एवं सर्वोधारी होती है। जनता ने मन बना लिया है और जो फीड बैक आ रहा है, उससे स्पष्ट है कि इस बार सरकार रिपीट होगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि 25 से 27 अगस्त तक समिति के सदस्य दो-दो के समूह में जिलों में जाएंगे और जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल होंगे जहां भी टिकट दावेदार अपने आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये तीन और ज्यादा से ज्यादा पांच लोगों के बारे में राय देंगे । इसके बाद इन नामों पर चर्चा होगी।

श्री डोटासरा ने कहा कि स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई जयपुर आएंगे और 28 से 31 अगस्त तक चार दिन वह राजस्थान में रहेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में नामों को रखा जाएगा। उसके बाद जिताऊ उम्मीदवार को टिकट देने पर अंतिम फैसला किया जायेगा।

### एसओजी की रिपोर्ट के आधार पर शेखावत को कहा मुल्जिमः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि संजीवनी घोटाले मामले को लेकर उन्होंने कभी हस्तक्षेप नहीं किया है और एसओजी की रिपोर्ट के आधार पर ही केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को मुल्जिम बताया है। श्री गहलोत ने शनिवार को यहां प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा 'अगर मानहानि के मामले में मुझे जेल भेजने की तैयारी हो रही है तो डेढ लाख जो गरीब लोग है जिनका पैसा डूब गया है और इस मामले में श्री शेखावत का परिवार मुल्जिम है। उन्होंने कहा कि इस मामले में वह मुल्जिम है, यह एसओजी की रिपोर्ट के आधार पर कहा गया था। जब इस मामले के पीड़ित लोग उनसे मिलने आये और गरीब लोगों के पैसे डूब गये, जब मालूम किया गया तो पता चला कि वास्तव में श्री शेखावत मुल्जिम है, तब कहा गया कि इस मामले में वह मुल्जिम है, इससे पहले कभी नहीं कहा गया कि वह मुल्जिम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में केन्द्रीय मंत्री है उनका नाम आ रहा है, उन्हें हस्तक्षेप करते हुए गरीबों के पैसा लौटाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए था, पैसा वापस लौटाना सुनिश्चित करने की बजाय कि कह रहे है कि यह कैसे कह दिया गया कि मुल्जिम है। उन्होंने कहा मैं हस्तक्षेप करता तो कभी के गिरफ्तार हो जाते। मैंने पांच साल में किसी संस्था, कहीं भी किसी मामले में हस्तक्षेप नहीं किया हैं।

# प्रादेशिकी

## जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**मेरठ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझाव के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारी को मतदाताओ की सहूलियत के लिए मतदाता सूची, बूथ परिवर्तन आदि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाने के लिए निर्देश दिए ताकि निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा किया जा सके। इस अवसर पर विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, एसडीएम सदर ओजस्वी राज, नगर मजिस्ट्रेट राहुल विश्वकर्मा सहित राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले : योगी

■ मुख्यमंत्री ने की अयोध्या में चले विकास कार्यों की समीक्षा

**लखनऊ/अयोध्या,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू होटल में अयोध्या में चले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त आदि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अयोध्या में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी उन्होंने ली। जिसमें संक्षिप्त विवरण मण्डलायुक्त ने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन्हें निश्चित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।



**रामनगरी में हो रहे निर्माण कार्यों को समय सारिणी के अनुसार पूरा करें : योगी आदित्यनाथ**

आगामी दीपोत्सव को देखते हुये तैयारियां की जाए। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिगम्बर अखाड़ा में पहुंचकर वहां के मंदिर में पूजा की व साकेतवासी महंत परमहंस की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री वहां दिगम्बर अखाड़े के प्रमुख महंत सुरेश दास, नये महंत रामलखन दास के महंती समारोह में भी भाग लिया।

उन्होंने गणमान्य पूज्य संतों से मुलाकात की जिसमें पूज्य संतों से मुलाकात के दौरान अयोध्या के विकास सम्बंधी बिन्दुओं की चर्चा की। इस मौके पर महंत धर्मदास, महंत अवधेश दास, मैथिलीशरण दास, भरत दास, वैदेही बल्लभ, रामदास, कमल नयन दास, कार्यक्रम के मुख्य आयोजक महंत सुरेश दास, महंत जयराम दास, महंत बलराम दास, आशुतोष दास सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या पहुंचे जहां वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई और फिर राममंदिर निर्माण की प्रगति देखी। इस मौके पर उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भी मौजूद रहे। शनिवार को उनका हेलीकॉप्टर राम कथा पार्क हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद उन्होंने राममंदिर आंदोलन के नायक रहे रामचंद्र दास परमहंस की समाधि पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। यहां से रामजन्मभूमि के लिए परिसर के लिए उनका काफिला रवाना हो गया। सीएम योगी का दिगंबर अखाड़ा से गहरा जुड़ाव है। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों का यहां से जुड़ाव रहा है। सीएम के गुरु अवैद्यनाथ व परमहंस की काफी घनिष्ठता थी। मुख्यमंत्री भी अपनी पीढ़ी की परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। दिगंबर अखाड़ा राममंदिर आंदोलन का प्रधान केंद्र भी रहा है।

# सुभारती में अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन



**मेरठ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग में भारत में महिला खेलों की स्थिति पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर डॉ.संदीप कुमार डीन शिक्षा संकाय आयोजक और डॉ. मंजू अधिकारी एसोसिएट प्रोफेसर विभाग शारीरिक शिक्षा विभाग इस कार्यक्रम के संयोजक रहे।

इस व्याख्यान की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। भारतेंदु ने मुख्य अतिथि कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, विषय विशेषज्ञ दिव्या काकरान, सचिन प्रताप सिंह, संकाय सदस्य और छात्रों का स्वागत किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. दीपक राघव, डॉ. अतुल तिवारी, निशा सैनी, सोनिया राणा, निखिल, दुर्गेश, कपिल शाख्या, रीबा, डॉ. संगीता और निशा सैनी और शोध छात्र अंकित चौहान, अनु राठी, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

# इंडो नेपाल बॉर्डर पर 13 साल बाद सड़क बनने का रास्ता साफ

**लखनऊ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इंडो नेपाल बॉर्डर पर 1621 करोड़ से 64 किमी सड़क बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। गृह मंत्रालय ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर सड़क बनाने को सैद्धांतिक सहमति दे दी है। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है पीलीभीत में पिलर संख्या 7 बंदरभोज, पिलर संख्या 42 शारदा पुरी बाजार घाट तक 39 किलोमीटर सड़क बनने से दर्जनों गांव के लोगों का सफर आसान होगा। पीलीभीत से लेकर लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज 64 किमी तक इंडो नेपाल बॉर्डर पर सड़क बनाने का काम तेजी से शुरू हो जाएगा। इंडो नेपाल बॉर्डर सड़क परियोजना के अधिशासी अभियंता संजीव जैन ने बताया कि 2.8 किमी लंबाई का लघु सेतु का निर्माण, पीलीभीत में 37.13 किमी लंबी सड़क के लिए 394. 40 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई थी। 31 जुलाई 2023 को भारत सरकार ने अपनी सहमति दे दी है। 27 जुलाई को वन्य जीव संस्थान देहरादून के अधिकारियों के बीच वार्ता हुई थी। इसके बाद सड़क पर 11 अंडरपास की सहमति दे दी है। सड़क पर वन्यजीवों के आने जाने के लिए 11 अंडरपास बनाए जाएंगे। इसके अलावा एक फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा। इन सभी की सैद्धांतिक सहमति के बाद अब वन विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर विधिवत ली जाएगी। सड़क बनाने की शुरुआत नवंबर 2010 में की गई थी। इसकी डीपीआर तैयार की गई थी। लेकिन वन विभाग की एनओसी न मिलने की वजह से इसका निर्माण फंसा हुआ था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चीफ सेक्रेटरी ने इस पूरे मामले में भारत

■ गृह मंत्रालय ने दी सैद्धांतिक सहमति
■ मुख्यमंत्री के निर्देश पर 1621 करोड़ से सात जिलों में 64 किमी बनाई जाएगी सड़क
■ पीलीभीत में बंदरभोज से शारदा पुरी बाजार घाट तक होना है सड़क का निर्माण

सरकार और विभाग के अधिकारियों से बात की। इसके बाद गृह मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दी है। शारदा नदी के पुल पर भी गृह मंत्रालय ने अपनी सहमति दे दी है। इसे डीपीआर में शामिल कर लिया गया है। इंडो नेपाल बॉर्डर परियोजना के लिए अधिशासी अभियंता लखीमपुर खीरी और अधिशासी अभियंता इंडो नेपाल बॉर्डर बहराइच को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। वह अन्य अधिकारियों से बात कर इस मामले में एनओसी और आगे की प्रक्रिया पूरी करेंगे। चीफ सेक्रेटरी दुर्गाशंकर मिश्र के बरेली दौरे के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने नेपाल बॉर्डर के गांवों का दौरा कर वहां चौपाल लगाई थी। गांव वालों ने इंडो नेपाल बॉर्डर की सड़क के निर्माण की मांग की थी। इसके बाद मंडलायुक्त ने सड़क बनाने में आ रही अड़चन के संबंध में रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इसके बाद शासन ने पूरे मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई की।

**सार** संक्षेप

## पूर्व मंत्री ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा



**मवाना।** शनिवार को पूर्व मंत्री प्रभु दयाल बाल्मीकि ने बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का दौरा किया। जिसमें प्रभु दयाल बाल्मीकि ने क्षेत्र के गरीब किसान व मजदूरों का रूबरू होकर उनकी पीड़ा को सुना उन्होंने पीड़ितों को विश्वास दिलाया कि तुम लोगों का पार्टी सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने नाव में बैठकर हर गांव में पहुंचने का प्रयास किया और पीड़ितों की समस्या जानी उन्होंने हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के गांव लतीफपुर ग्राम किशनपुर ग्राम भीमकुंड दूधली बस्तोरा मखदुमपुर आदि गांव का दौरा किया। बाढ़ से पीड़ित किसान और मजदूरों की समस्याओं को सुना। उनके साथ जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, रविंद्र प्रेमी, निर्मित यादव, कृष्ण पाल यादव, बाबूराम कश्यप, नितिन चौहान, रईस, आजम मलिक, संजीव गुर्जर, रूद्र सिंह गुर्जर भी उपस्थित रहे।

## व्यापारी दुर्घटना बीमा के लाभ बताए

**मवाना।** नगर की पंचायती धर्मशाला में शनिवार दोपहर आयोजित व्यापारियों की बैठक में व्यापार कर अधिकारियों ने नए पंजीयन करने और व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के लाभ बतायें। 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना' में पांच लाख रुपए का लाभ उसी व्यापारी को मिल सकेगा, जो व्यापारी उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर औपचारिक रूप से पंजीकृत होगा। बैठक में मौजूद मंडलीय असिस्टेंट कमिश्नर मनोज कुमार, यादव, राज्य कर अधिकारी भावना चन्द्रा, प्रधान सहायक श्याम सुंदर उपाध्याय ने जानकारी दी कि इस योजना के माध्यम से अपरिहार्य परिस्थितियों में सूक्ष्म उद्यमियों को सहायता प्रदान की जा सकेगी। इसके तहत पात्र उद्यमी की मृत्यु या विकलांगता पर पांच लाख रुपए तक का दावा किया जा सकता है। केवल व्यापारी को अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। उन्होंने व्यापारियों से नये पंजीयन कराने की अपील भी की। इस योजना का लाभ 18 से 60 साल तक के व्यापारी ही पा सकेंगे। बैठक में राजेश अग्रवाल, चाटर्ड एकाउंटेंट उदित रस्तोगी, आशीष एडवोकेट, सुशील रस्तोगी, विकास रस्तोगी, योगेश सहगल, विशाल रस्तोगी, हिमांशु, विभु, अजय अग्रवाल, विनोद बंसल, हरीश समेत अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** मायके न भेजे जाने से गुस्साई पूनम ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिस परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली मोहम्दाबाद के ग्राम दाउदपुर निवासी सर्वेंद्र पाल की पत्नी पूनम सुबह ऊपरी कमरे में चली गई। उसने गेट बंद कर पंखे में अंगौछा बांधकर फांसी लगा ली।

**संबंध विच्छेद**

मेरी अविवाहित बालिग पुत्री तरन्नुम अपने बहनोई इसरार के बहकावे में आकर उसके साथ शादी करने के लिए चली गई है। उसके इस कृत्य के चलते मैंने तरन्नुम को बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके किसी कृत्य के लिए मैं यह मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं है।

**-निजामुद्दीन पुत्र बाबूदीन, निवासी मोहल्ला जगमोहननगर, सरधना-मेरठ।**

# शोध कार्य के लिए शोभित विवि के प्रो.अनिकेत सम्मानित



**मेरठ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर एवं आई क्यू ऐ सी कोऑर्डिनेटर डॉ. अनिकेत कुमार को शोध के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदानों के लिए आजादी के अमृत महोत्सव की महत्वपूर्ण अवसर पर दिल्ली विधानसभा के मुख्यमंत्री कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ.अनिकेत कुमार को विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल द्वारा पिलर ऑफ द नेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके शिक्षा और प्रकाशन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की पहचान के लिए प्रदान किया गया। कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने उन्हें बधाई दी। कुलपति प्रोफेसर जयानंद ने भी इस मौके पर विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें बधाई दी।

# भाजपा की केंद्र से विदाई के लिए हर समझौते को तैयार : अखिलेश

**लखनऊ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का मकसद अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केंद्र की सत्ता से बेदखल करना है और इसके लिये वह कोई भी समझौता करने को तैयार हैं।

यादव ने एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन का उद्देश्य भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाना है। इसके लिए सभी दल एकजुट हैं। हमारे साथ जितने भी दल हैं , वे सभी अपने-अपने राज्यों में ताकतवर हैं। सीट एडजेस्टमेंट या संयोजक का



■ मायावती व भाजपा की रणनीति एक दूसरे से मिलती-जुलती है

चुनाव कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। फिलहाल बड़ा मुद्दा केंद्र में भाजपा सरकार को हटाना है। हम सीट शेयरिंग के मुद्दे पर समझौता करने तक को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 2014, 2017 और 2019 में हुए चुनाव में सपा का कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ किया गया गठबंधन अनुभव का एक हिस्सा है और उन्हें इस बात की खुशी है कि चुनाव में सपा के जनाधार में कोई कमी नहीं आई। भाजपा ने इस दौरान अलग तरह की राजनीति की है। गरीबों को अनाज के बदले नमक की सौंगध दिलाई गई , मगर चुनाव खत्म होते ही उनको राशन में रिफाइंड तेल देना बंद कर दिया गया, वास्तव में इस प्रकार के प्रबंधन के जरिये भाजपा ने जीत हासिल की है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने बसपा के साथ गठबंधन के सवाल पर कहा, मायावती और भाजपा की रणनीति एक दूसरे से मिलती-जुलती है। इसलिये अब वह कोई भ्रम की स्थिति नहीं चाहते।

# बेहतर शिक्षा के लिए कार्य कर रहा एसोचैम : शेखर

**मेरठ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिशा-निर्देशों के प्रति भारत में प्रमुख उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एसोचैम नेशनल काउंसिल ऑन एजुकेशन का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का आयोजन एसोचैम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और शोभित विश्वविद्यालय मेरठ और गंगोह के सह-संस्थापक चांसलर कुंवर शेखर विजेंद्र के नेतृत्व में किया जा रहा है, जिन्होंने इसके मुख्य विषय गुजरात को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक वैश्विक गंतव्य बनाना रखा है। यह महत्वपूर्ण सम्मेलन 19 अगस्त को गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जाएगा।



नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के उद्देश्यों के के साथ, गुजरात सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए अभिनव विश सिटी प्रोजेक्ट ने विश्व के कई विश्वविद्यालयों के ध्यान को आकर्षित किया है, जो यहां अपनी मौजूदगी स्थापित करने में रुचि रखते हैं। इसी प्रकार के विभिन्न पहलुओं की ओर देशभर में भी बढ़ती हुई है।

# महिला ग्राहकों के साथ पीएनबी ने मनाया हरियाली तीज का पर्व



**मेरठ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को वेद व्यास पुरी स्थित पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय में हरियाली तीज मनाई। इस मौके पर बैंक ने सामाजिक संस्था पीएनबी प्रेरणा के बैनर तले कार्यक्रम का आयोन किया।

जिसमें बैंक की महिला ग्राहकों को आमंत्रित करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रीति दुबे, अध्यक्षा पीएनबी प्रेरणा मेरठ जोन द्वारा की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मुख्य प्रबंधक समिता अग्रवाल ने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का संचालन आईटी की वरिष्ठ प्रबंधक दृष्टि शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें बैंक के डिजिटल उत्पादों जैसे पीएनबी वन एप्प, नेटबैंकिंग आदि का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज उत्सव मनाया

**मवाना।** स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल की दोनों शाखाओं मेन विंग और गर्ल्स विंग में हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत रंगारंग कार्यक्रम, तीज क्वीन प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगारंग कार्यक्रम, तीज प्रतियोगिता और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 7 से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने जहाँ एक ओर सावन की मल्हार पर झूले का आनंद उठाया, वहीं प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा दिखाई।

## विश्व मच्छर दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व मच्छर दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। बीटेक एवं



एमएससी के विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट तैयार किए गए की मच्छर जनित बीमारियों से कैसे बचाव किया जाए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जयानंद द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। डायरेक्टर डॉ. दिव्या प्रकाश, डॉ.मीनाक्षी, डॉ.नेहा, डॉ. संदीप, रूपेश, प्रियंक भारती, मोनिका आदि मौजूद रहे।

# अपनी नीतियों से भटकी हुई है समाजवादी पार्टी : बृजेश पाठक

**बलिया,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री डॉ.बृजेश पाठक ने शनिवार को समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी डीरोल्ड है। वह अपनी नीतियों से भटकी हुई है। यह असली समाजवादी नहीं है।

बलिया जिले के पुलिस परेड ग्राउंड में बलिया बलिदान दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पहुंचकर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने अपने वेतन से एक चार पहिया वाहन स्वतंत्रता सेनानी राम विचार पांडेय को तथा 1942 की क्रांति में शहीद 75 सेनानियों के परिजनों को वाहन कंपनियों के सहयोग से 75 इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर सम्मानित किया। संवाददाताओं से बातचीत में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी



पार्टी डीरोल्ड है। वह अपनी नीतियों से भटकी हुई है। यह असली समाजवादी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के लोग गुंडे माफियाओं को पुष्पित पल्लवित करने वाले लोग हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने इन्हें हाशिए पर धकेल दिया है। सपा के लोग जब सत्ता में रहे, गुंडई व माफियाओं को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि प्रदेश के लोग इन्हें कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे। वहीं बिहार में हुई पत्रकार की गोली मारकर हत्या के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं। दोषियों को सजा मिलनी ही चाहिए।

**पर्व** *नगर में कई स्थानों पर महिलाओं ने तीज महोत्सव मनाया*

# सोलह श्रंगार कर झूला झूल कर गाए सावन के गीत

**मवाना,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। इनरव्हील क्लब मवाना, मवाना रेनबो एवं भारत विकास परिषद ने तीज महोत्सव का कार्यक्रम उत्सव मंडप मवाना में बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी महिलाएं मेहंदी लगाकर एवं सोलह श्रंगार कर एकत्रित हुई। नीता दुबलिश ने बताया कि तीज क्यों मनाते हैं और हमें कैसे माननी चाहिए। हमें अपनी आगे वाली आने वाली पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और तीज त्योहारों से अवगत कराना चाहिए। सभी महिलाओं ने झूला झूल सावन के गीत गाए।

सामूहिक नृत्य एवं एकल नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर तीज के एक तम्बोला का भी आयोजन किया गया तथा गेम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कविता रस्तोगी, संगीता मेहता, निधि रस्तोगी, शिवानी दुबलिश, मीनू रस्तोगी, रितु रस्तोगी, रितु अग्रवाल, सारिका रस्तोगी, पूजा रस्तोगी, पूजा गुप्ता, आराधना रस्तोगी, डॉक्टर शक्ति साहनी, हनी रस्तोगी, विदुषी दुबलिश , नेहा रस्तोगी, अनुभव रस्तोगी, नीलू रस्तोगी, पिंकी रस्तोगी, उमंग



जैन, पूनम रस्तोगी, सौम्या दुबलिश का विशेष योगदान रहा। भरत एन्क्लेव में आयोजित हरियाली तीज महोत्सव में वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान एवं तीज क्वीन का चुनाव किया गया और बच्चों ने गेम्स खेले। कार्यक्रम का संचालन नेहा रस्तोगी ने किया। तीज महोत्सव में पुनीता जैन, नेहा कंसल, नेहा रस्तोगी, शिवानी दुबलिश, आयुषी रस्तोगी, राखी

■ सामूहिक व एकल नृत्य किए गए प्रस्तुत

गिरधरवाल, नीना रस्तोगी, नवनी रस्तोगी, राखी गिरधरवाल, भावना गुप्ता आदि का सहयोग रहा। मवाना में सखियों का आंगन संस्थान में तीज का त्योहार मनाया गया। महिलाओं ने ग्रुपों में झूलों का आनंद लिया और सावनी गीत गाए तथा कुछ सखियों ने क्लासिकल गीतों पर नृत्य भी किया। तीज पर्व पर सखियों के आंगन गोल मार्केट में कुमारी आंचल, कुमारी ज्योति व श्रीमती दीपा ने दो झूलों का प्रबंध किया तथा नगर की महिलाओं और छात्राओं को आमंत्रित किया। झूले झूल कर सावनी गीत गाए। सखियों के आंगन की संयोजिका रुबी चौधरी ने बताया कि दीपावली के अवसर पर पांच नवंबर को प्रात: दस बजे चौदह वर्ष तक के बच्चों के लिए बाल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह एक पारिवारिक कार्यक्रम होगा।

## विनायक विद्यापीठ में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**मेरठ,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। हरियाली तीज के अवसर पर विनायक विद्यापीठ में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की छात्राओं और महिला सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने महिला सदस्यों को एक से बढ़कर एक सुंदर मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक



मंडल द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी पंवार को द्वितीय स्थान अंजली को एवं तृतीय स्थान स्वाति को दिया गया, इसके साथ ही शबाना को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

निर्णायक मंडल में संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा एवं डीन एकता सिंधू शामिल रहे। संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार ने सभी विजेताओं को विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

### रितेश पांडेय का सावन स्पेशल गाना तेरे नाम से ओ भोले रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक रितेश पांडे का सावन स्पेशल गाना तेरे नाम से ओ भोले रिलीज हो गया है। तेरे नाम से ओ भोले गाने को सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। रितेश पांडेय ने गाना तेरे नाम से ओ भोले को लेकर कहा, सावन में यूं तो मेरे सभी गाए गाने एक से बढ़कर एक हैं लेकिन यह गाना और भी बेहतरीन है। इसे आप सभी सुने और अपना प्यार और आशीर्वाद दें। सारेगामा हम भोजपुरी से मेरा विशेष लगाव रहा है और हमने मिलकर एक साथ बेहतरीन काम किये हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ सबों के दुखों को हरण करते हैं। इसलिए लोगों को पूरी भक्ति भाव के साथ बाबा की पूजा अर्चना करनी चाहिए।

## निक्की शर्मा ने मनाया 'तीज'

**■ कहा, मैं भगवान शिव जैसा अद्भुत साथी चाहती हूं**

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। टीवी धारावाहिक 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में 'शक्ति' की भूमिका निभा रहीं निक्की शर्मा ने कहा कि वह भगवान शिव जैसे अद्भुत साथी पाने के लिए प्रार्थना करती हैं। निक्की शनिवार को हरियाली तीज मना रही हैं। यह भगवान शिव और देवी पार्वती के दिव्य मिलन का त्योहार है, जिसे भक्त उपवास और अनुष्ठान के साथ मनाते हैं। उसी के बारे में बात करते हुए निक्की ने कहा कि हरियाली तीज के सार को महसूस करते हुए मैं भगवान शिव के प्रति देवी पार्वती के मजबूत प्रेम से प्रेरित हूं। उनकी तरह मैं सावन माह में सोमवार का व्रत कर रही हूं। भले ही मेरी अभी तक शादी नहीं हुई है, मैं भगवान शिव जैसे अद्भुत साथी के लिए प्रार्थना करती हूं।उन्होंने कहा कि यह खास दिन हर किसी के जीवन में प्यार, खुशी और एकजुटता लाए। मैं अपने सभी प्यारे फैंस को इस आनंदमय हरियाली तीज उत्सव पर शुभकामनाएं देती हूं।



निक्की ने शक्ति का किरदार निभाया है, जो वाराणसी की एक युवा लड़की है। यह शो शिव-शक्ति की समकालीन शैली में प्रेम की शक्ति की खोज करता है। स्टूडियो एलएसडी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, इसमें अर्जुन बिजलानी ने शिव और निक्की ने शक्ति की भूमिका निभाई है। पिछले एपिसोड में दर्शकों ने देखा कि कैसे शिव जेल में है और मंदिरा (परिणीता बोरठाकुर) यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि शक्ति उसे बचाने के लिए पुलिस स्टेशन न पहुंचे। कीर्तन (गौरव तनेजा) के बहकावे में आकर मनोरमा (निमिषा वखारिया) ने शक्ति को जाने से रोक दिया, लेकिन किसी तरह वह समय पर पुलिस स्टेशन पहुंचने में कामयाब रही और शिव को जेल से बाहर निकालने में मदद की। उसे मंदिरा के असली इरादों के बारे में पता चल गया। आनेवाले एपिसोड में दर्शक मंदिरा के असली इरादों को उजागर करने के शक्ति के प्रयास को देखेंगे।

### वैज्ञानिकों का नए शोध में खुलासा

# वेज खाना, पूरी नींद, कसरत आपको लंबे समय तक रखेगा जिंदा

**■ भूमध्यसागरीय आहार संबंधी आदतें और शारीरिक गतिविधि, आराम, और सोशल लाइफ**

**न्यूयॉर्क,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। कम नमक और चीनी के साथ वेज खाना, पर्याप्त आराम, थोड़ी कसरत और सोशल लाइफ मृत्यु का जोखिम 28 प्रतिशत और कैंसर का जोखिम 29 प्रतिशत कम करता है। एक नए शोध में ये पाया गया है। यूके में जो लोग भूमध्यसागरीय जीवनशैली यानि मेडिटेरेनियन लाइफस्टाइल का पालन करते हैं, उनमें सभी कारणों और कैंसर से मृत्यु दर का जोखिम कम पाया गया। शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक समूह के 110,799 सदस्यों की आदतों का विश्लेषण किया, जो इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड में भूमध्यसागरीय जीवन शैली (मेडलाइफ) का उपयोग करते हैं।

शोध लिखने वाले प्रमुख लेखक मर्सिडीज सोतोस प्रीतो ने कहा कि मैड्रिड के स्वायत्त विश्वविद्यालय (एयूएम) और हार्वर्ड टी.एच. चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अध्ययन में सुझाव है कि गैर-भूमध्यसागरीय आबादी के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध उत्पादों का उपयोग कर भूमध्यसागरीय आहार को अपनाना संभव है।

हार्वर्ड चैन स्कूल में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के सहायक सहायक प्रोफेसर प्रीटो ने कहा कि हम जीवनशैली में परिवर्तन और स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव देख रहे हैं।

अध्ययन में प्रतिभागियों की उम्र 40 से 75 वर्ष के बीच थी। उन्होंने सूचकांक द्वारा मापी गई तीन श्रेणियों के अनुसार अपनी जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रदान की - भूमध्यसागरीय भोजन की खपत, भूमध्यसागरीय आहार संबंधी आदतें और शारीरिक गतिविधि, आराम, और सोशल लाइफ।



अध्ययन में शामिल लोगों में से, 4,247 का किसी न किसी बीमारी से निधन हो गया, 2,401 कैंसर से, और 731 हृदय रोग से मारे गए।

शोधकर्ताओं ने भूमध्यसागरीय लाइफस्टाइल के पालन और मृत्यु दर के जोखिम के बीच एक विपरीत संबंध देखा। भूमध्यसागरीय लाइफस्टाइल का स्वतंत्र रूप से पालन सभी कारणों और कैंसर मृत्यु दर के जोखिम को कम करने से जुड़ा था।

शोधकर्ताओं ने कहा कि शारीरिक गतिविधि, आराम, और सोशल लाइफ कम जोखिम सबसे मजबूती से जुड़ा हुआ था, और इसके अलावा हृदय रोग मृत्यु दर का जोखिम भी कम था।

### अकेले रहने से भूलने का जोखिम अधिक

**न्यूयॉर्क।** अकेले रहने से लोगों में सोचने की क्षमता कमजोर होती है, ऐसे लोग अक्सर अपॉइंटमेंट्स भूल जाते हैं, समय पर मेडिसिन नहीं ले पाते, उनके पास इमरजेंसी के समय भी कांटेक्ट करने के लिए कोई नहीं होता है। नए शोध से ये खुलासा हुआ है। जामा नेटवर्क ओपन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, ऐसे रोगियों के लिए, अकेले रहना स्वास्थ्य का एक सामाजिक निर्धारक है जिसका प्रभाव गरीबी, नस्लवाद और कम शिक्षा जितना गहरा है। एक अनुमान के अनुसार, 4 में से 1 वृद्ध अमेरिकी अकेला रहता है और इन्हें डीमेंसिआ है। इनको असुरक्षित ड्राइविंग, घर से बाहर घुमते समय भटक जाना, समय पर मेडिसिन नहीं लेना और मेडिकल अपॉइंटमेंट्स मिस कर जाने का खतरा होता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-सैन फ्रांसिस्को (यूसीएसएफ) इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड एजिंग की ऐलेना पोर्टाकोलोन ने कहा कि ये निष्कर्ष हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर प्रहार है, जो सभी के लिए घरेलू देखभाल सहायता प्रदान करने में विफल है। इस अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने 76 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का साक्षात्कार लिया, जिनमें चिकित्सक, नर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, केस वर्कर, घरेलू देखभाल सहायक और अन्य शामिल थे। प्रदाताओं ने रोगियों द्वारा मेडिकल अपॉइंटमेंट्स मिस करने, डॉक्टर के फ़ोन कॉल का उत्तर देने में विफल रहने और यह भूल जाने कि अपॉइंटमेंट्स क्यों की गई थीं, के बारे में चिंताएं व्यक्त कीं। एक साक्षात्कार में एक चिकित्सक ने कहा कि जरूरी नहीं कि हमारे पास वास्तव में उन तक पहुंचने का प्रयास करने के लिए कर्मचारी हों। कुछ मरीज़ अपने डॉक्टर को पूरी जानकारी नहीं मुहैया करा सके, जिससे डॉक्टर सही से इलाज नहीं कर सके।

## पूर्वांचल में केले की पहली टिश्यू कल्चर लैब कौशांबी में स्थापित



**प्रयागराज,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी में नवीन तकनीकी पर आधारित टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना की गई है। इससे किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी। केले की बागवानी को लेकर प्रयागराज मंडल के किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। मंडल के कौशांबी जिले में इस समय 1500 किसान केले की बागवानी कर रहे हैं।

उपनिदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी बताते हैं कि जनपद में 1700 हेक्टेयर में किसान केले की बागवानी कर रहे हैं। इन केला पैदा करने वाले किसानों की सबसे बड़ी समस्या टिश्यू कल्चर से तैयार की गई पौध की है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व अन्य राज्यों से केले की टिश्यू कल्चर वाली पौध यहां पहुंचने में कई बार विलंब होने की वजह से किसने की लाखों की फसल बर्बाद हो जाती है।

इसे देखते हुए कौशांबी के चिल्ला सहवाजी गांव में नवीन तकनीकी पर आधारित टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना की गई है। प्रयागराज मंडल की नहीं, बल्कि पूर्वांचल के केला उत्पादक जिलों में केले की टिशु कल्चर लैब की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

**■ 1700 हेक्टेयर में किसान कर रहे केले की बागवानी**

प्रयागराज मंडल उप निदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी का कहना है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत, जनपद-कौशाम्बी में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के सहयोग से चिल्ला सहवाज़ी गांव में टिश्यू कल्चर केला लैब का सत्यापन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की टीम द्वारा कर लिया गया है।

इस लैब की स्थापना से जनपद कौशाम्बी के साथ-साथ निकटवर्ती जनपदों के केला उत्पादक किसानों को उच्च गुणवत्ता के टिश्यू कल्चर केला पौध समय से उपलब्ध हो सकेगा। इससे एक तरफ जहां केला उत्पादन में वृद्धि होगी वही दूसरी तरफ किसानों के आय में भी बढ़ोतरी होगी। इस लैब में लगभग 15 लाख टिश्यू कल्चर के पौधे तैयार करने हेतु तैयार है, जो अगले वर्ष में हार्डेनिंग के उपरांत पूरी तरह से तैयार केला पौध कृषकों को दिये जाने योग्य हो जायेंगे ।

लैब की लागत 283.81 लाख है। इस पर उद्यान विभाग द्वारा 100 लाख का अनुदान दिया गया है। यह पूर्वांचल की केले की पहली टिश्यू कल्चर लैब है, जिसमे आने वाले समय में लगभग 30 लाख टिश्यूकल्चर केला के पौधे प्रतिवर्ष तैयार किये जाएंगे। यह अत्याधुनिक लैब केला पैदा करने वाले किसानों के लिए कई तरह से लाभ देने जा रही है।

मूरत गंज के केला पैदा करने वाले समद बताते हैं कि अभी तक इस क्षेत्र में केले के टिशू कल्चर पौधे बाहर से मगाने पड़ते थे, इसमें ट्रांसपोर्टेशन की वजह से कीमत ज्यादा लगती थी लेकिन अब स्थानीय उपलब्धता होने की वजह से कम कीमत में ही उन्हें टिश्यू कल्चर की पौध मिल जाएगी ।

सैयद सरावां के केला पैदा करने वाले किसान सुरेश बिंद बताते हैं कि बाहर से आने वाली केले की पौध के यहां पहुंचने में कई बार विलंब हो जाता था, जिससे उनकी फसल खराब हो जाती थी। इसके अलावा बाहर से आने वाली टिश्यू कल्चर की पौध में वहां की बीमारियां भी साथ चली आती थी, जो अब स्थानीय टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना से नहीं होगी।

## भगवान नागचंद्रेश्वर का वर्ष में एक बार नागपंचमी पर होता है दर्शन

**उज्जैन,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के उज्जैन में भगवान नागचंद्रेश्वर एक ऐसा अनूठा मंदिर है, जो वर्ष में एक बार 24 घंटे के लिए नागपंचमी पर्व पर आम दर्शनार्थियों के लिए दर्शन के लिए खुलता है।

देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर विशाल परिसर तीन खंडों में विभक्त है। सबसे नीचे खंड में भगवान महाकालेश्वर, दूसरे खंड में ओमकारेश्वर एवं तीसरे खंड में नागचंद्रेश्वर का मंदिर स्थित है। शिखर पर स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर का मंदिर स्थापित है, जिसे वर्ष में एक बार नाग पंचमी के दिन खोला जाता है। इस बार नागपंचमी 21 अगस्त को है। नागचंदेश्वर मंदिर के पट 20 अगस्त की रात 12 बजे त्रिकाल पूजा के साथ 24 घंटे के लिए खोले जाएंगे।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार नागपंचमी के साथ ही 21 अगस्त को महाकाल की सातवीं सवारी निकलेगी, जिसमें लाखों की संख्या श्रद्धालु आएंगे। इसको देखते हुए जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। भगवान महाकालेश्वर और भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन की पृथक-पृथक व्यवस्थाएं की गई हैं। नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट खोलने से पहले महा निर्वाणी अखाड़े के महंत द्वारा त्रिकाल पूजा की जाएगी और 12.30 बजे तक पूजा अर्चना का सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। श्रद्धालु 21 अगस्त की रात 12 बजे तक दर्शन कर सकेंगे। इस बीच दोपहर 12 बजे भगवान नागचंद्रेश्वर की शासकीय पूजा प्रशासन की ओर से की जाएगी।

भगवान नागचंद्रेश्वर महादेव की प्रतिमा काफी अद्भुत है जो 11वीं शताब्दी की है। इस प्रतिमा को नेपाल से यहां लाया गया था। प्रतिमा में फन फैलाए नाग के आसन पर शिव पार्वती, गणेश जी के साथ दशमुखी सर्प में विराजित हैं।

महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने बताया कि महाकालेश्वर के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को चारधाम मंदिर के सामने त्रिवेणी संग्रहालय से महाकाल महालोक होते हुए मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से परिसर में होते हुए गणेश व कार्तिकेय मंडप में प्रवेश दिया जाएगा। जबकि भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन करने हेतु श्रद्धालु कर्कराज पार्किंग से गंगा गार्डन वाले रास्ते से होकर हरसिद्धि होल्डअप में पहुंचेंगे। यहां से श्रद्धालु बड़ा गणेश के सामने 4 नबंर गेट से होकर एयरो ब्रिज तक पहुंचेंगे। एयरो ब्रिज से होकर भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन करने के उपरांत दशनार्थी सभा मण्डप की छत से होकर निर्गम द्वार से होकर पुन: हरसिद्धि चौराहे तक जाएंगे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी।

## रवि दुबे सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं : आराधना शर्मा

**मुंबई,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। कोर्ट ड्रामा 'लखन लीला भार्गव' में मेनका का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस आराधना शर्मा ने अपने को-एक्टर रवि दुबे की तारीफ की है। एक्टर रवि के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से, रवि दुबे के साथ काम करना बेहद शानदार एक्सपीरियंस रहा है। वह सबसे स्किल्ड और टैलेंटेड एक्टर्स में हैं, जिनके साथ काम करने का सौभाग्य मुझे मिला है।

अपनी कला के प्रति उनका समर्पण स्पष्ट है। उनके अथक कार्य नीति के साथ उनका रचनात्मक दृष्टिकोण वास्तव में उन्हें अलग करता है। रवि दुबे एक ऐसे अभिनेता हैं जो अपनी कलात्मकता की शक्ति में गहराई से विश्वास करते हैं।

शो में अपने काम के बारे में बात करते हुए, आराधना ने कहा कि मैंने वेब सीरीज में एक समानांतर नायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेरा किरदार मेनका एक असाधारण महत्वाकांक्षी महिला है, जिसकी सगाई लाखन के सौतेले भाई से हुई है। मेरा किरदार एक वर्तमान महिला की भावना को समाहित करता है, जो तेजी से विकसित हो रहे समाज में अपनी अनूठी यात्रा करने का प्रयास कर रही है।



मैं एक ऐसी इंसान हूं, जिसके लिए अभिनय विश्वास की शक्ति के इर्द-गिर्द घूमता है। मैंने मेनका की कहानी को पूरे दिल से अपनाया। उन्होंने आगे कहा, मैं वेब पर शुरुआत कर रही हूं। इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।

## मच्छर जनित बीमारियां बन सकती हैं स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण

**■ डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से बचने के तरीके अपनाकर ही स्वास्थ्य जोखिमों को किया जा सकता है दूर**

**■ 30 फीसदी रोगियों में तेज बुखार, शरीर में दर्द और जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण**



**वर्ल्ड मास्किटो डे पर विशेष**

**ग्रेटर नोएडा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। वर्ल्ड मास्किटो डे पर डॉक्टरों ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव में रोकथाम की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। मुख्य रूप से मच्छर के काटने से फैलने वाली ये बीमारियां एनीमिया और गंभीर गठिया सहित कई स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकती हैं। जैसे-जैसे मच्छर जनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है, इन बीमारियों की घटनाओं और प्रभाव को कम करने के लिए निवारक उपाय अपनाना महत्वपूर्ण हो जाता है। अस्पताल की ओपीडी में आने वाले लगभग 30 फीसदी रोगियों में तेज बुखार, शरीर में दर्द और जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं, जो डेंगू संक्रमण का संकेत हैं। इस स्थिति में डॉक्टर्स इन बीमारियों को रोकने के लिए सक्रिय उपायों के महत्व पर जोर देते है, ताकि इन बीमारियों से तत्काल प्रभाव से बचाव किया जा सके, दीर्घकालिक स्वास्थ्य जटिलताओं और पुन: संक्रमण के जोखिमों को कम किया जा सके। डॉक्टरों के मुताबिक डेंगू का दोबारा संक्रमण गंभीर हो सकता है, यह मरीज को डेंगू शॉक सिंड्रोम में भेज सकता है। मलेरिया और चिकनगुनिया के मामले में पुन: संक्रमण मस्तिष्क की क्रियाओं को प्रभावित कर सकता है, जिससे एनीमिया और मध्यम से गंभीर गठिया हो सकता है।मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए, डॉक्टर्स सरल लेकिन प्रभावी रणनीतियों की सलाह देते हैं, जिसमें पूरी बाजू के कपड़े पहनना, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना और मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल के रूप में काम करने वाले जमा पानी को हटाना शामिल है।फोर्टिस अस्पताल ग्रेटर नोएडा में इंटरनल मेडिसिन के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. दिनेश कुमार त्यागी ने बताया कि कुछ डेंगू रोगियों को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता होती है और गंभीर मामलों में आईसीयू देखभाल की भी आवश्यकता होती है। डेंगू का प्रभाव प्रारंभिक संक्रमण के बाद लंबे समय तक बना रह सकता है, जो लंबे समय तक नजर आता है, जैसे शरीर में दर्द, जोड़ों में दर्द और दो से चार सप्ताह तक रहने वाली थकान।

ग्रेटर नोएडा के फोर्टिस अस्पताल का बाल चिकित्सा विभाग भी डेंगू के मामलों पर नजर रख रहा है। बाल रोग विभाग में सलाहकार डॉ. मेघना पांचाल ने कहा कि हालांकि बच्चों में डेंगू के मामलों की मौजूदा संख्या चिंताजनक नहीं है, लेकिन उन्हें मच्छरों के काटने से बचाना महत्वपूर्ण है। यह उन्हें सुरक्षात्मक कपड़े पहनाकर, मच्छरदानी लगाकर हासिल किया जा सकता है, बाहर जाने पर मास्किटो रिप्लेंट का प्रयोग करना और अपने आसपास पानी का जमाव न होने देना।

## सही 'सपोर्ट सिस्टम' देकर आत्महत्या पर रोक लगाना संभव

**■ माता-पिता और स्कूल साफतौर पर निभाते हैं अहम भूमिका**

**■ पीड़ित की मानसिक स्थिति के बारे में अधिकांश संकेतों को नजरअंदाज करना**

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। आत्महत्याओं को रोका जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इसमें माता-पिता और स्कूल साफतौर पर अहम भूमिका निभाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, आत्महत्या 15-29 वर्ष के लोगों में मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण है। विशेषज्ञों का कहना है कि पीड़ित की मानसिक स्थिति के बारे में अधिकांश संकेतों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसके कारण उसे ऐसा कदम उठाना पड़ता है। फोर्टिस नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. मीमांसा सिंह तंवर ने बताया कि जिसे हम एक आवेग के रूप में समझते हैं, वह तीव्र निराशा, नकारात्मक भावनाओं, असहायता और निराशा की वजह से आ रहा है।ज्यह उम्र, लिंग, सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि या जनसांख्यिकीय की मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को संबोधित करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप सामने आता है। 'एक युवा व्यक्ति के लिए, एक अत्यधिक, तत्काल तनाव या लंबे समय तक चलने वाला तनाव आत्मघाती इरादे को जन्म दे सकता है।'



तो, वे कौन से संकेत हैं, जो आत्महत्या के जोखिमों को चिह्नित कर सकते हैं? मैक्स अस्पताल साकेत के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. समीर मल्होत्रा के अनुसार, विशिष्ट लक्षणों में निरंतर उदासी, निराशा के विचार व्यक्त करना, विफलता की भावना, असहाय महसूस करना, शौक और दोस्तों में रुचि खोना शामिल हैं। सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाना, व्यवहार में बदलाव, नींद से जागने के चक्र में महत्वपूर्ण बदलाव, परेशान करने वाली भूख और आत्म उपेक्षा भी शामिल होती हैं।

कुछ संकेत के रूप में - अलग-थलग रहना, जीवन में निरर्थकता और उद्देश्यहीनता के बारे में बात करना, मृत्यु और संबंधित सामग्री के प्रति अचानक आकर्षण, अपने व्यक्तिगत सामान या संपत्ति को त्याग देना, मादक द्रव्यों का सेवन, लापरवाही से गाड़ी चलाना या अन्य जोखिम वाले काम करना - भी शामिल किया जाता है। डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि यदि आप ऐसे लोगों से मिलते हैं तो उन्हें अलग-थलग न करें, बल्कि हेल्दी कम्युनिकेशन बनाए रखने का प्रयास करें। उनकी चिंताओं को आराम से सुनने का प्रयास करें, आशा जगाएं और सकारात्मक विकल्प तलाशने में उनकी मदद करें। उन्हें महत्वपूर्ण और कीमती महसूस कराने के लिए कुछ समय दें। व्यक्ति को समय पर पेशेवर मनोचिकित्सक से मिलने के लिए प्रोत्साहित करें। मारेंगो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. जया सुकुल ने कहा कि आत्महत्या को रोकने के लिए, माता-पिता और शिक्षकों को जानबूझकर या अनजाने दबाव के साथ अपनी मानसिकता बदलनी होगी। उन्हें बच्चों के लिए अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाना चाहिए, किसी भी चिंता या घबराहट को अस्वीकार नहीं करना चाहिए, पर्याप्त ब्रेक देना चाहिए, शैक्षणिक प्रदर्शन के अलावा अन्य चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और पढ़ाई को जिंदगी-मौत से नहीं जोड़ना चाहिए। विशेषज्ञों ने कहा कि हमें यह समझना चाहिए कि आत्महत्याएं रोकी जा सकती हैं। माता-पिता और स्कूल चेतावनी के संकेतों को पहचानकर आत्महत्या को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पश्चिम-मध्य रेलवे में पहली बार सुरक्षा की कवच कार्यप्रणाली का सफल परीक्षण

**कोटा,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम-मध्य रेलवे में पहली बार कोटा मंडल में रेल गाड़ियों की सुरक्षा की दृष्टि से अपनाई जाने वाली कवच कार्यप्रणाली का सफल परीक्षण किया गया। यह रेल सेवा में आधुनिक नई तकनीक है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोटा मंडल के बयाना-भरतपुर खण्ड में मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने शुक्रवार को विभिन्न आयामों में कवच की कार्यप्रणाली की विधिवत जांच के लिए परीक्षण किया गया जो कि पूर्णत: सफल रहा। कवच विकसित भारत की रेल सेवा में आधुनिक नई तकनीक है।

